संस्करण ● नई दिल्ली ● पानीपत (हरियाणा) ● चण्डीगढ़ ● लखनऊ ● भोपाल (मध्य प्रदेश) ● हल्द्वानी नैनीताल ● देहरादून (उत्तराखण्ड) से एक साथ प्रकाशित ... www.publicasia.in



पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें

# पब्लिक एशिया



@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia e-mail: publicasia1989@gmail.com

वर्ष : 12, अंक : 103, पृष्ठ : 04, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), बुधवार 20 नवंबर 2024, मूल्य : 5 रूपये RNI No.- UPHIN/2013/52076

# राजधानी में प्रदूषण का कहर एक्यूआई पहुंचा 494 के पार

एजेंसी



**नई दिल्ली »** राजधानी के लोगों का मंगलवार के दिन की शुरुआत भी स्मॉग की चादर के साथ हुई। तमाम कोशिशों और उपायों के बाद भी प्रदूषण ने लोगों का सांस लेना दूभर कर दिया है। मंगलवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण 'गंभीर प्लस' श्रेणी में पहुंच गया है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 494 दर्ज किया गया। उत्तरी दिल्ली के कुछ इलाकों में एक्यूआई 500 के पार चला गया है। नॉर्थ कैंपस में एक्यूआई 500 दर्ज किया गया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली के आनंद विहार, अशोक विहार, बवाना, जहांगीरपुरी, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम और कई अन्य स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार 450 के पार दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई है, कई ट्रेनें और उड़ानें विलंबित या रद्द कर दी गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार सुबह कम से कम 22 ट्रेनें देरी से चलीं और नौ अन्य रद्द कर दी गईं।

अगर वायु गुणवत्ता की बात करें तो पूसा में 487, पंजाबी बाग में 481, आरकेपुरम में 477, वजीरपुर का 492, आनंद विहार में 500, डीटीयू में 496, द्वारका सेक्टर 8 में 486, आईटीओ में 386, जहांगीरपुरी में 500, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 481, लोधी रोड में 475, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम 489, मंदिर मार्ग में 480 और नजफगढ़ में 482 एक्यूआई पहुंच चुका है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बनी हुई है।

## प्रदूषण कम करने के लिए कृत्रिम बारिश कराने की आवश्यकता : गोपाल राय

**नई दिल्ली »** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए तत्काल कृत्रिम बारिश कराने की आवश्यकता है। श्री राय ने इस संबंध में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने पत्र में कहा,' उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान हो या फिर बिहार ही क्यों न हो, आज पूरा उत्तर भारत प्रदूषण की मार झेल रहा है और आसमान पर धुंध की एक चादर फैली हुई है। वातावरण में मौजूद प्रदूषित कण बुजुर्गों और बच्चों की सांसों पर भारी पड़ रहा है और उनके जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। दिल्ली एनसीआर में ग्रेप 4 की पाबंदियों लागू कर दी गई हैं। हम लगातार दिल्ली में प्रदूषण को कम करने की कोशिश कर रहे हैं।' उन्होंने कहा,'विशेषज्ञों से चर्चा के बाद यह बात सामने आई है कि अब वह समय आ गया है कि यदि हमें इस धुंध की चाटर को तोड़ना है तो हमें कृत्रिम वर्षा करवानी पड़ेगी।

## दुष्कर्म मामले में अभिनेता सिद्दीकी को अग्रिम जमानत

एजेंसी

**नई दिल्ली »** उच्चतम न्यायालय ने मलयालम अभिनेता सिद्दीकी को करीब आठ साल पहले कथित दुष्कर्म के एक मामले में मंगलवार को अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने 2016 की कथित घटना के संबंध में इतनी देरी से 2024 में मुकदमा दर्ज करने पर सवाल उठाया और यह भी कहा कि पीड़िता ने फेसबुक पर पोस्ट लिखने का साहस था, लेकिन उसने पुलिस से संपर्क नहीं किया। अभिनेता सिद्दीकी पर एक युवा अभिनेत्री ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था।

आरोपी याचिकाकर्ता ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, केरल सरकार की ओर से रंजीत कुमार और पीड़िता की ओर से अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी अभिनेता को राहत दी और अंतरिम जमानत स्वीकार कर ली।

पीठ ने कहा कि वह मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जमानत के लिए विस्तृत कारण नहीं बता रही है। पीठ ने यह भी कहा कि कथित घटना 2016 में हुई थी और शिकायतकर्ता ने 2018 में कहीं फेसबुक पर पोस्ट करके कथित यौन शोषण के संबंध में अपीलकर्ता सहित 14 लोगों के खिलाफ आरोप लगाए थे और यह भी कहा था कि वह केरल सरकार द्वारा गठित हेमा समिति के पास नहीं गई थी। सुनवाई के दौरान श्री रोहतगी ने कहा कि अभिनेता एक वरिष्ठ नागरिक हैं और 2016 की घटना के बारे में आठ साल बाद 2024 में शिकायत दर्ज की गई है।उन्होंने यह भी दावा किया कि अभिनेता ने महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराने से एक दिन पहले 26 अगस्त, 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी।

## शिष्टाचार भेंट




माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर फिल्म अभिनेता श्री विक्रांत मैसी जी ने शिष्टाचार भेंट की

## मोदी ने महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी /नई दिल्ली »** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा, 'साहस और देशभक्ति की सच्ची प्रतिमूर्ति, निडर झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। आज़ादी की लड़ाई में उनकी बहादुरी और प्रयास पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। विपरीत परिस्थितियों में उनके नेतृत्व ने दिखाया कि सच्चा दृढ़ संकल्प क्या होता है।' श्री मोदी इस समय जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील की यात्रा पर हैं। रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के खिलाफ 1857 की क्रान्ति के दौरान लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त किया।

## मौसम

**दिल्ली/एनसीआर**

| अधिकतम ता. | न्यूनतम ता. |
| --- | --- |
| 26.0°C | 15.0°C |

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर हिंसा : खड़गे का मुर्मु से हस्तक्षेप का आग्रह

एजेंसी

**नई दिल्ली »** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर की हिंसा को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को मंगलवार को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया और कहा कि डेढ़ साल से जारी हिंसा से लोगों का जीवन तबाह हो गया है और उन्हें उम्मीद है कि राष्ट्रपति के हस्तक्षेप से वहां शांति बहाली होगी। श्री खरगे ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मणिपुर में हिंसा के कारण लोगों का जीवन बहुत कठिन हो गया है। राज्य में 540 से ज्यादा दिनों से हिंसा का तांडव चल रहा है और प्रधानमंत्री तथा राज्य के मुख्यमंत्री लोगों की समस्या को सुलझाने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा,' राज्य में जारी हिंसा के कारण 300 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और एक दूसरे के खून के प्यासे लोग निर्दोष बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भी नहीं छोड़ रहे हैं और उनकी हत्या की जा रही है।

### सितंबर में ईएसआई योजना में 20.58 लाख कर्मचारी नामांकित

एजेंसी

**नई दिल्ली »** कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ईएसआई योजना में मौजूदा वर्ष के सितंबर में 20.58 लाख नये कर्मचारियों का नामांकन किया गया है जिनमें से 3.91 लाख महिला कर्मचारी हैं।श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि सितंबर, 2024 में 20.58 लाख नए कर्मचारी और 23,043 नए प्रतिष्ठान जोड़े गए।मंत्रालय ने बताया कि ईएसआई योजना में मौजूदा वर्ष के सितंबर में सितंबर 2023 की तुलना में नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सितंबर 2024 में कुल कर्मचारियों में से, 10.05 लाख कर्मचारी 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं, जो कुल पंजीकरण का लगभग 48.83 प्रतिशत है। सितंबर, 2024 में महिला सदस्यों का नामांकन 3.91 लाख रहा है।




# कमरा नंबर 406, डायरियां, लैपटॉप और नकदी; तावड़े पर FIR

**भाजपा महासचिव पर पैसे बांटने का आरोप, दावा- 5 करोड़ लाए थे, मुंबई में होटल से 9 लाख मिले; विनोद तावड़े बोले- ये साजिश**

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के पूर्व दिवस पर भाजपा को शर्मनाक परिस्थितियों को सामना करना पड़ा है। उसके राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर पालघर के विरार क्षेत्र में मतदाताओं को पैसे बांटने का आरोप लगा है। स्थानीय पुलिस ने इस मामले में तावड़े सहित वहां के स्थानीय उम्मीदवार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### होटल में मच गया तहलका...

- यह घटनाक्रम सामने आने के बाद जहां प्रदेश भाजपा नेतृत्व तावड़े पर लगे आरोपों को गलत बता रहा है।
- विपक्षी दल भाजपा पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने एवं सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाने में जुट गए हैं।
- मंगलवार को दोपहर बाद मुंबई से करीब 60 किलोमीटर दूर पालघर जिले के विरार उपनगर में अचानक तहलका मच गया।
- वहां के होटल विवांता में एक स्थानीय राजनीतिक दल बहुजन विकास आघाड़ी (बविआ) के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंच गए।
- कार्यकर्ताओं ने होटल के कमरा नंबर 406 में रुके भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को घेर लिया और हंगमा शुरू हो गया।





### चुनाव आयोग से शिकायत...

बविआ के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर का आरोप है कि कुछ भाजपा नेताओं ने मुझे सूचित किया कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े वोटरों को पांच करोड़ रुपए बांटने के लिए विरार आ रहे हैं। पहले मुझे लगा कि उनके जैसे राष्ट्रीय स्तर का नेता इस तरह का काम कैसे कर सकता है। लेकिन मैंने उन्हें यहां ऐसा करते देखा। मैं चुनाव आयोग से उनके और भाजपा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करता हूं।

### नौ लाख रुपए बरामद...

विनोद तावड़े को काका कहनेवाले हितेंद्र ठाकुर के विधायक पुत्र क्षितिज ठाकुर स्वयं अपने कार्यकर्ताओं के साथ होटल विवांता पहुंच गए और वहां तावड़े और अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के पास से उनकी डायरियां, लैपटॉप और नकदी अपने कब्जे में ले ली। बताया जा रहा है कि कमरा नंबर 406 से बविआ कार्यकर्ताओं ने नौ लाख रुपए बरामद किए हैं।

### तावड़े ने रद की कॉन्फ्रेंस...

इस घटना का जो वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है, उसमें बविआ के कई कार्यकर्ता तावड़े को घेरकर उनसे बहस करते भी दिखाई दे रहे हैं। विधायक हितेंद्र ठाकुर ने अपने एक और बयान में कहा है कि यह घटना होने के बाद विनोद तावड़े ने मुझे कई फोन किए और गलती की माफी मांगते हुए होटल से जाने देने की मांग की। कुछ देर बाद हितेंद्र ठाकुर खुद होटल विवांता पहुंच गए। वहां तावड़े और ठाकुर की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी होनी थी। लेकिन चुनाव आयोग के निर्देश पर यह कॉन्फ्रेंस बीच में ही रद करनी पड़ी।

### "तावड़े की सफाई"

**खुद पर लग रहे पैसा बांटने के आरोपों पर विनोद तावड़े ने कहा, मैं नालासोपारा (निर्वाचन क्षेत्र) में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित कर रहा था। चुनाव के दिन आदर्श आचार संहिता पर चर्चा चल रही थी कि ईवीएम को कैसे सील किया जाए। आपत्ति कैसे दर्ज की जाए। उन्होंने गलत समझा। उन्होंने कहा कि वह जांच के लिए तैयार हैं। चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। मैं 40 साल से राजनीति में हूं। अप्पा (हितेंद्र ठाकुर) और क्षितिज मुझे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं।**

### राहुल ने पीएम पर साधा निशाना..

मतदान के ठीक एक दिन पहले हुई इस घटना ने मानो विपक्ष को संजीवनी दे दी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि मोदी जी, यह पांच करोड़ किसके सेफ से निकला है ? जनता का पैसा लूटकर आपको किसने टेंपो में भेजा ? जबकि कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि विनोद तावड़े बैग में भरकर पैसे लेकर गए थे और वहां पर लोगों को बुला-बुलाकर पैसे बांट रहे थे।

### भाजपा का खेल खल्लास...

बता दें कि भाजपा आजकल महाविकास आघाड़ी के नेताओं पर वोट जिहाद करवाने का आरोप लगा रही है। आज यह घटना होने के बाद शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने इसे 'नोट जिहाद' करार दिया, तो उन्हीं की पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि भाजपा का खेल खल्लास हो गया है।

### विनोद तावड़े की गिरफ्तारी की मांग...

वह संकेतों में विनोद तावड़े के विरार में होने की सूचना हितेंद्र ठाकुर को देने के लिए गृहमंत्रालय के प्रभारी उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को जिम्मेदार ठहराने से भी नहीं चूके। राउत ने कहा कि यह सूचना ठाकुर को किसने दी इसकी जानकारी गृहमंत्रालय को जरूर होगी। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने भी चुनाव आयोग से इस मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए विनोद तावड़े की गिरफ्तारी की मांग की है।

# लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में आगामी शीतकालीन सत्र के लिए की गई व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण





मुकेश वत्स, पब्लिक एशिया

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज 18वीं लोक सभा के तीसरे सत्र अर्थात शीतकालीन सत्र से पहले संसद भवन परिसर में विभिन्न व्यवस्थाओं और सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस संबंध में, बिरला ने लोक सभा कक्ष, कॉरिडॉर, लॉबियों, प्रतीक्षा कक्षों, मीडिया सुविधाओं और अन्य प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया।

श्री बिरला ने कहा कि शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन परिसर में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें संविधान दिवस, डॉ. बी.आर. अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस और संसद पर हमले की वर्षगांठ शामिल है। इस वर्ष का संविधान दिवस इस मायने में खास है क्योंकि इस वर्ष भारत के संविधान को स्वीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है । उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभा की कार्यवाही के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। आगामी सत्र के दौरान स्वच्छता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के महत्व पर ज़ोर देते हुए, श्री बिरला ने सभी एजेंसियों को प्रभावी ढंग से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने संसद भवन के भीतर आईटीडीसी द्वारा प्रदान की जा रही खानपान सेवाओं का निरीक्षण भी किया और संबंधित एजेंसियों को स्वच्छता और सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। श्री बिरला ने परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की और अधिकारियों को माननीय सदस्यों के लिए संसद तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने और सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के बीच संतुलन बनाए रखने का निर्देश दिया।

## सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक 24 नवंबर को

सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले 24 नवंबर को पारंपरिक सर्वदलीय बैठक बुलायी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि बैठक संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के परिप्रेक्ष्य में बुलायी गयी है।

# आम निवेशकों का माधवी बुच के नेतृत्व वाले सेबी से घट रहा है विश्वास : राहुल

एजेंसी



**नई दिल्ली »** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की विश्वसनीयता को इसकी प्रमुख माधवी बुच के कारण धक्का लग रहा है और इसकी वास्तविकता की पड़ताल को लेकर वह विभिन्न क्षेत्र के प्रमुख लोगों से समय-समय पर बात करते हैं।

कांग्रेस नेता ने आज कहा कि इस एपीसोड में उन्होंने पार्टी के संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा अनुभवी पत्रकार सुचेता दलाल के साथ गहन विचार विमर्श किया है जिसमें यह तथ्य सामने आया है कि श्रीमती बुच के नेतृत्व में आम निवेशकों का सेबी पर विश्वास घट गया है।

श्री गांधी ने कहा, 'बुच स्टॉप्स हियर% के इस एपिसोड में, मैंने पवन खेड़ा और अनुभवी पत्रकार सुचेता दलाल के साथ बैठकर चर्चा की है कि किस तरह एकाधिकार को बढ़ावा देने वाली प्रणाली द्वारा खुदरा निवेशकों को कुचला जा रहा है। यह बातचीत माधबी बुच के नेतृत्व में सेबी की विफलता पर प्रकाश डालती है, जहां आम निवेशक की सुरक्षा के लिए बने नियामक तंत्र अब अडानी जैसे कॉर्पोरेट दिग्गजों की सुरक्षा कर रहे हैं। यह केवल वित्तीय कुप्रबंधन के बारे में ही नहीं है बल्कि इसमें यह भी विमर्श हुआ कि कैसे छोटे निवेशक, उद्यमी और ईमानदार व्यवसाय उस प्रणाली में विश्वास खो रहे हैं जो निष्पक्षता सुनिश्चित करती है।'

उन्होंने कहा,'साथ मिलकर, हम साठगांठ वाले पूंजीवाद की वास्तविक कीमत का विश्लेषण करते हैं - खोई हुई बचत के संदर्भ में ही नहीं बल्कि लाखों मेहनती भारतीयों के लिए विश्वास और अवसर के क्षरण के संदर्भ में भी विचार करते हैं। यदि हमने अभी इस पर ध्यान नहीं दिया तो हमारी अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र को होने वाली क्षति अपरिवर्तनीय होगी। इस महत्वपूर्ण बातचीत के लिए हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम सच्चाई को उजागर करेंगे और एक निष्पक्ष तथा अधिक न्यायपूर्ण भारत के लिए लड़ेंगे।'

आलेख

# धधक रहा है मणिपुर ... बुझाए कौन

मणिपुर में हिंसा की मौजूदा घटना कोई नया नहीं है। पिछले डेढ़ साल (566 दिन) से यह प्रदेश हिंसा की लपटों में धधक रहा है और केंद्र तथा राज्य की सरकार मौन ओढ़े हुए हैं। सरकारी आँकड़ों पर भरोसा करें तो छोटे से उस राज्य में हिंसा की घटनाओं में अबतक 220 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। कई महिलाओं की आबरू लूटी गई और हजारों करोड़ की संपत्ति आग के हवाले कर दी गई। बता देना जरूरी है कि मणिपुर में भाजपा की चुनी हुई सरकार है लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरकार असहाय दिखाई देती है। आमलोगों की कौन कहे मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के सरकारी आवास और पैतृक घर पर दो बार हमला और आगजनी की घटनाएँ हो चुकी हैं। आबादी के लिहाज से देखें तो मणिपुर में मैतेई, कुकी और नगा का वर्चस्व है। राज्य में सर्वाधिक आबादी मैतेई समुदाय की है। उनकी संख्या लगभग 65 फीसदी है, जबकि कुकी और नगा मिलाकर कुल आबादी का 35 फीसदी हैं। समुदायों के बीच टकराव मणिपुर के लिए नया नहीं है। 90 के दशक में मणिपुर में कुकी और नगा समुदाय के बीच संघर्ष हुआ था। तब सैकड़ों लोगों की जान गई थी। बड़ी मुश्किल से तब हिंसा की आग बुझाई जा सकी थी।



राधा रमण

वर्तमान में मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष छिड़ा है। इसका कारण मैतेई समुदाय की आरक्षण की माँग है। मैतेई काफी दिनों से इसकी माँग कर रहे हैं। चूंकि मणिपुर की पहाड़ियों पर बसने वाले कुकी और नगा समुदाय के लोग अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल हैं और उन्हें इसका लाभ भी मिलता रहा है लेकिन मैतेई इस लाभ से वंचित हैं। यही वजह है कि मैतेई समुदाय के लोगों ने आरक्षण की माँग को तूल दिया। जबकि कुकी और नगा समुदाय के लोगों का कहना है कि मैतेई समुदाय के लोगों की पहले से विकास योजनाओं में अधिक भागीदारी रही है और उन्हें इसका लाभ मिलता रहा है। इसलिए उनके लिए अलग से आरक्षण की माँग बेमानी है। अगर मैतेई समुदाय को आरक्षण का लाभ मिला तो वे राज्य के संसाधनों के साथ-साथ सरकारी नौकरियों पर भी काबिज हो जाएँगे। ऐसे में कुकी समुदाय के लोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति हो जाएगी। इस विवाद ने तूल उस समय पकड़ लिया जब मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया कि वह मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे। इससे पहले कि राज्य सरकार केंद्र को मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने का प्रस्ताव भेजती कुकी समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए। मैतेई समुदाय के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो सड़कों पर हिंसा का रौरव तांडव शुरू हो गया।

इसके अलावा मणिपुर में हिंसा की दूसरी वजह का वह कानून है जिसमें कहा गया है कि मैतेई समुदाय के वह लोग जो घाटी में बसे हैं वह पहाड़ी इलाकों में न तो घर बना सकते हैं और न ही जमीन खरीद सकते हैं। इसके उलट कुकी और नगा समुदाय के लोग घाटी में जमीन खरीद सकते हैं और घर बनाकर बस भी सकते हैं। मैतेई समुदाय के लोग इसका पहले से विरोध करते रहे हैं। वह एक राज्य एक कानून के तहत पहाड़ियों पर जमीन की खरीद का अधिकार चाहते रहे हैं।

मणिपुर की उस जघन्य घटना से पूरा देश मर्माहत और शर्मसार है जिसे पिछले साल 4 मई को अंजाम दिया गया था। उस घटना में दो महिलाओं को कपड़े उतारकर सड़कों पर घुमाया गया, सरेआम पीटा गया और गैंगरेप किया गया था। हैरत की बात यह कि इंसानियत को शर्मसार करने वाले उस घटना के दरिंदों पर कार्रवाई करने, पीड़ितों को इंसाफ दिलाने की बजाय सरकारी मशीनरी ने उस घटना को ही छुपा लिया। जब दो महीने बाद उस घटना का वीडियो वायरल हुआ तब मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने यह कहकर पल्ला झाड़ने का प्रयास किया कि समाज में इस तरह की घटनाएँ होती रहती हैं। मामला तूल पकड़ा तो सुप्रीम कोर्ट ने इसका स्वत» संज्ञान लेते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को चेतावनी दी कि मणिपुर मामले में 'कुछ कीजिए, वरना हम करेंगे'।

तब से लेकर आजतक मणिपुर लगातार सुलगता रहा है। बीच-बीच में हिंसक झड़पों की रिपोर्ट आती रहती है। राज्य सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। बल्कि यह कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि मणिपुर के हालात पर पर्दा डाला जाता रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने संसद के भीतर और बाहर कई दफा प्रधानमंत्री से मणिपुर मामले में हस्तक्षेप करने और वक्तव्य देने की माँग की है। राहुल मणिपुर के शरणार्थी कैंप भी गए और उसमें रह रहे लोगों से बातचीत की लेकिन दुखद बात यह कि विपक्ष की लगातार माँग के बावजूद प्रधानमंत्री ने मणिपुर जाने की बात तो दूर, इस मामले पर अबतक मुँह नहीं खोला है।

मणिपुर में हिंसा की ताजा वारदात 11 नवंबर को सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में 10 बंदूकधारी उग्रवादियों के मारे जाने के बाद हुई। कुकी समुदाय ने मारे गए लोगों को विलेज गार्ड बताया और मुठभेड़ के जिम्मेदार सुरक्षाबलों पर कार्रवाई की माँग की। इसे संयोग कहें या प्रयोग कि उसी दिन जिरीबाम से दो महिलाओं समेत 6 लोगों का अपहरण कर लिया गया। अपहरण का आरोप कुकी उग्रवादियों पर लगाया गया। इसमें एक महिला जो तीन बच्चों की माँ थी, सामूहिक दरिंदगी कर उसके शरीर में कीलें ठोंक दी गई और उसके शरीर को आग के हवाले कर दिया गया। इंसानियत को शर्मसार कर देनेवाले इस घटना से डॉक्टर भी हैरान हैं। पोस्टमार्टम करनेवाले डॉक्टरों ने इसे वीभत्स और दिल दहलाने वाला कृत्य बताया। रिपोर्ट लिखे जाने तक सभी अपहृत लोगों के शव बरामद कर लिये गए हैं। स्थिति तनावपूर्ण है। केंद्र सरकार ने मणिपुर के पाँच जिलों इंफाल पूर्व और पश्चिम, थोबल, विष्णुपुर और काकचिंग में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है और सात जिलों में इंटरनेट सेवाएँ अस्थाई रूप से स्थगित कर दिया है।

मणिपुर में हिंसा से हरकत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र का अपना चुनावी दौरा छोड़कर दिल्ली पहुँचे। केंद्र सरकार ने छह थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागूकर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए तथा शांति बहाली के लिए सुरक्षाबलों को पूरी छूट दे दिया है। साथ ही मामले की जाँच के लिए एनआईए को सौंप दिया है। साथ ही सुरक्षाबलों की 50 अतिरिक्त कंपनियां भेजी है। इस बीच दोनों समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए हैं। कुकी समुदाय के लोगों ने जहाँ मारे गए कथित उग्रवादियों का शव सौंपने के लिए पोस्टमार्टम हाउस पर जोरदार प्रदर्शन किया जबकि मैतेई समुदाय के लोग राज्य के छह विधायकों और तीन मंत्रियों के घरों में तोड़फोड़ की तथा आग लगाने का प्रयास किया जिसे सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज कर और आँसू गैस के गोले छोड़कर नाकाम किया। फिर भी मुख्यमंत्री के दामाद और भाजपा विधायक का घर फूंक दिया गया।

इस बीच, भाजपा के 19 विधायकों ने प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री को पत्र भेजकर राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार को बदलने की माँग की है। माँग करनेवालों में मणिपुर विधानसभा के अध्यक्ष सत्यब्रत भी शामिल हैं। उधर, सरकार में शामिल रहे नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने एन बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। विधानसभा में एनपीपी के 7 विधायक हैं। हालाँकि विधानसभा में भाजपा को अकेले दम पर बहुमत हासिल है। इसके अलावा उसे छह और विधायकों का समर्थन हासिल है। इसलिए फिलहाल सरकार पर अस्थिरता का संकट नहीं है।

उधर, मणिपुर सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र भेजकर राज्य से अफस्पा हटाने की माँग की है। देखना जरूरी होगा कि मणिपुर पर केंद्र सरकार आगे क्या कदम उठाती है। फिलहाल तो मणिपुर धधक रहा है और प्रधानमंत्री नाइजीरिया का सर्वोच्च पुरस्कार ग्रहण कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। *- राधा रमण*

# सही दिशा देने से हर बच्चा हो सकता है चैंपियन



स्वाती वर्मा

बाल मजदूरी से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता ही है, देश भी इससे अछूता नहीं रहता क्योंकि जो बच्चे काम करते हैं वे पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर हो जाते हैं और जब ये बच्चे शिक्षा ही नहीं लेंगे तो देश की बागडोर क्या खाक संभालेंगे? इस तरह एक स्वस्थ बाल मस्तिष्क विकृति की अंधेरी और संकरी गली में पहुँच जाता है और अपराधी की श्रेणी में उसकी गिनती शुरू हो जाती हैं। कुछ बच्चे ऐसी जगह काम करते हैं जो उनके लिए असुरक्षित और खतरनाक होती है जैसे कि माचिस और पटाखे की फैक्टरियां जहां इन बच्चों से जबरन काम कराया जाता है। इस दिन लोगों को बाल अधिकारों और शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है। इसके लिए दुनियाभर में संगोष्ठी भी आयोजित की जाती है। प्रतिवर्ष यूनिसेफ विश्व बाल दिवस की थीम निर्धारित करता है।

सार्वभौमिक बाल दिवस 20 नवंबर पर विशेष



भारत में हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है। हालांकि नवंबर माह में एक नहीं बल्कि दो बार बाल दिवस मनाया जाता है। 14 नवंबर का बाल दिवस मनाया जा चुका है। ये दिन जवाहर लाल नेहरू की जयंती के मौके पर बच्चों को समर्पित करते हुए मनाते हैं। हालांकि एक ही महीने में दो बार बाल दिवस मनाने की एक खास वजह है। इस दिन का इतिहास और उद्देश्य 14 नवंबर के बाल दिवस से अलग है।

विश्व बाल दिवस मनाने की शुरुआत 1954 से हुई। पहली बार सार्वभौमिक बाल दिवस 20 नवंबर 1954 को मनाया गया। उसके बाद से यह दिन बाल दिवस के लिए निर्धारित हो गया और प्रतिवर्ष इस दिन सार्वभौमिक बाल दिवस मनाया जाने लगा। विश्व भर में बच्चों के बीच जागरूकता लाने तथा बच्चों के कल्याण में सुधार लाने के लिए मनाया जाता है ये विश्व बाल दिवस।

क्या वजह है कि नवंबर में दो बार बाल दिवस मनाने के पीछे की क्या है वजह ? दरअसल, बच्चे भारत के हों या दूसरे देशों के वह समाज और राष्ट्र का भविष्य होते हैं। एक देश आगे चलकर कैसा रूप लेगा, ये सम्पूर्ति रूप से आने वाले बच्चो पर निर्भर करता है। लिंग, जाति, धर्म, विकलांगता, यौन अभिविन्यास या अन्य स्थिति के बावजूद, हर बच्चा जश्न मनाने का हकदार है और उसे सभी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ शामिल होने और संरक्षित होने का अधिकार है।

जलवायु परिवर्तन, शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य से लेकर, नस्लवाद और भेदभाव को समाप्त करने के लिए, बच्चे और युवा लोग उन मुद्दों पर अपनी आवाज उठा रहे हैं जो उनकी पीढ़ी के लिए मायने रखते हैं और वयस्कों को बेहतर भविष्य बनाने का आह्वान कर रहे हैं। बच्चों की बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य को लेकर भारत समेत दुनिया के तमाम देशों में भी बाल दिवस मनाया जाता है। दूसरा बाल दिवस संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों की घोषणा के साथ मनाने की शुरुआत की। 14 नवंबर के अलावा दूसरा बाल दिवस विश्व स्तर से हर साल 20 नवंबर को मनाया जाता है। भारत में 14 नवंबर को बाल दिवस मनाते हैं लेकिन एक दौर में भारत में भी 20 नवंबर ही बाल दिवस के लिए निर्धारित किया गया था।

साल 1959 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों पर कन्वेंशन अपनाया था। 20 नवंबर को ही बच्चों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की वर्षगांठ होती है। इसलिए इस दिन को बाल दिवस के तौर पर मनाने का फैसला लिया गया। कई अंतर्राष्ट्रीय संगठन बच्चों के अधिकारों के लिए कार्य भी कर रहे हैं। यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) भी बाल विकास और कल्याण की दिशा में कार्य कर रहा है। बच्चे देश के भविष्य होते हैं। इसके लिए देश के स्वर्णिम विकास के लिए बच्चों का विकास बहुत जरूरी है। बच्चे अपने भविष्य को कैसे एक बेहतर रूप दे सके इस पर और अपने मन व इच्छा अनुसार अपने लिए अपना करियर का चुनाव कर सके। यूनिसेफ लगातार इसके लिए प्रयासरत है। बाल मजदूरी से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता ही है, देश भी इससे अछूता नहीं रहता क्योंकि जो बच्चे काम करते हैं वे पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर हो जाते हैं और जब ये बच्चे शिक्षा ही नहीं लेंगे तो देश की बागडोर क्या खाक संभालेंगे? इस तरह एक स्वस्थ बाल मस्तिष्क विकृति की अंधेरी और संकरी गली में पहुँच जाता है और अपराधी की श्रेणी में उसकी गिनती शुरू हो जाती हैं। कुछ बच्चे ऐसी जगह काम करते हैं जो उनके लिए असुरक्षित और खतरनाक होती है जैसे कि माचिस और पटाखे की फैक्टरियां जहां इन बच्चों से जबरन काम कराया जाता है।

इस दिन लोगों को बाल अधिकारों और शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है। इसके लिए दुनियाभर में संगोष्ठी भी आयोजित की जाती है। प्रतिवर्ष यूनिसेफ विश्व बाल दिवस की थीम निर्धारित करता है। इस साल विश्व बाल दिवस 2024 की थीम 'हर बच्चे के लिए, हर अधिकार' (For Every Child, Every Right) है जो कि ये सुनिश्चित करने के लिए प्रयासों का आह्वान करता है कि सभी बच्चों को उनके मौलिक अधिकार प्राप्त हों। इसमें शिक्षा, भोजन, आवास, स्वच्छता और हानिकारक काम से सुरक्षा का अधिकार शामिल है। माता-पिता, शिक्षक, नर्स और डॉक्टर, सरकारी नेता और नागरिक समाज के कार्यकर्ता, धार्मिक और सामुदायिक बुजुर्ग, कॉर्पोरेट मुगल और मीडिया पेशेवर, साथ ही युवा लोग और बच्चे, विश्व बाल दिवस को उनके लिए प्रासंगिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समाज, समुदाय और राष्ट्र। विश्व बाल दिवस हममें से प्रत्येक को बच्चों के अधिकारों की वकालत करने, बढ़ावा देने और जश्न मनाने, संवादों और कार्यों में अनुवाद करने के लिए एक प्रेरणादायक प्रवेश-बिंदु प्रदान करता है जो बच्चों के लिए एक बेहतर दुनिया का निर्माण करेगा।

बाल अधिकारों के लिए अपना समर्थन प्रदर्शित करने के लिए जागरूक और छोटे, मगर महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए यूनिसेफ हर किसी को आमंत्रित करता है और लगातार इस कार्य के प्रति काम कर रहा है साथ ही लोगो को जागरूक भी। शिक्षा, लिंग समानता, स्वच्छता और पीने के पानी तक पहुंच, बाल श्रम समाप्त करने सहित हर बच्चे को हर अधिकार दिलाने में मदद करने के लिए और भारत में बाल विवाह की समाप्ति के अलावा, भारतीय बाल अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने के लिए यूनिसेफ लगातार प्रयासरत है। यदि बच्चों का होगा सही विकास,तभी देश का भी होगा विकास।

# युवाओं को सशक्त बनाना; भारत की नई इंटर्नशिप योजना गेम चेंजर क्यों है ?

भारत का नौकरी बाजार तेजी से आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति के कारण एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य 21-24 वर्ष की आयु के उन लोगों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करके व्यापक कौशल अंतर को पाटना है जो न तो नियोजित हैं और न ही पूर्णकालिक शिक्षा में हैं। 56 प्रतिशत से अधिक नियोक्ताओं को अगली छमाही में कार्यबल विस्तार की उम्मीद है, यह पहल सही समय पर आई है। यह अधिक तैयार, नौकरी के लिए तैयार कार्यबल बनाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है, जो नवाचार और दीर्घकालिक रोजगार वृद्धि दोनों को बढ़ावा देता है। वास्तविक दुनिया का अनुभवः नौकरी के लिए तैयार उम्मीदवारों को आकार देना शैक्षणिक योग्यता और नौकरी की तैयारी के बीच बढ़ता अंतर वर्षों से भारत के श्रम बाजार में एक प्रमुख चुनौती रही है। कई स्नातकों के पास सैद्धांतिक ज्ञान तो है लेकिन आज के तेज़ गति वाले उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण व्यावहारिक कौशल का अभाव है। नई इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक दुनिया के कार्य वातावरण में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करके इस अंतर को पाटना है। यह दृष्टिकोण उन्हें उद्योग की मांगों को पूरा करने के लिए कौशल से लैस करेगा, जिससे अधिक सक्षम और अनुकूलनीय कार्यबल तैयार होगा। केवल तकनीकी कौशल से परे, इंटर्नशिप छात्रों को समय सीमा का प्रबंधन करना, टीमों के साथ सहयोग करना और कॉर्पोरेट संस्कृति को नेविगेट करना सिखाती है। उदाहरण के लिए, ई-कॉमर्स में एक पूर्ण-स्टैक डेवलपर को न केवल कोडिंग विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है, बल्कि टीम वर्क, समय प्रबंधन और ग्राहक समझ की भी आवश्यकता होती है। इंटर्नशिप उस व्यावहारिक अनुभव को प्राप्त करने के लिए प्रारंभिक चरण हैं। हाल ही में टीमलीज़ एडटेक सर्वेक्षण के अनुसार, 72 प्रतिशत नियोक्ताओं ने 2024 में फ्रेशर्स को नियुक्त करने की योजना बनाई है, जिसमें ई-कॉमर्स, इंजीनियरिंग और रिटेल जैसे क्षेत्रों में सबसे अधिक मांग है। इन क्षेत्रों में इंटर्नशिप से छात्रों की रोजगार क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि वे पहले दिन से ही नौकरी के लिए तैयार हैं। अन्वेषक संवारना» समस्या-समाधानकर्ताओं की एक नई पीढ़ी तैयार करना इंटर्नशिप योजना के सबसे शक्तिशाली पहलुओं में से एक युवा पेशेवरों के बीच नवाचार को प्रोत्साहित करने की क्षमता है। तेजी से बदलते नौकरी बाजार में, आलोचनात्मक और रचनात्मक रूप से सोचने की क्षमता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह कार्यक्रम प्रशिक्षुओं को गतिशील कार्य वातावरण में रखता है जहां उन्हें पहल करने, समस्याओं को हल करने और लीक से हटकर सोचने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है - प्रमुख गुण जो नियोक्ता आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में तलाश रहे हैं। प्रशिक्षु अक्सर ऐसी ज़िम्मेदारियाँ लेते हैं जिनके लिए उन्हें निर्णय लेने, छोटी परियोजनाओं का नेतृत्व करने और अनुभवी पेशेवरों के साथ सहयोग करने की आवश्यकता होती है। यह अनुभव उनका आत्मविश्वास बढ़ाता है और उन्हें नए दृष्टिकोण के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित करता है। वरिष्ठ पेशेवरों से मार्गदर्शन के साथ, प्रशिक्षु नेतृत्व गुणों में भी अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हैं। नतीजतन, कार्यक्रम न केवल वर्तमान नौकरियों के लिए प्रशिक्षुओं को तैयार करता है बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की वृद्धि को आगे बढ़ाने में सक्षम समस्या-समाधानकर्ताओं की एक पीढ़ी का पोषण भी करता है। रोजगार के लिए निर्बाध परिवर्तन आजकल नियोक्ता ऐसे उम्मीदवारों को प्राथमिकता देते हैं जिनके पास न केवल शैक्षणिक योग्यता है बल्कि व्यावहारिक अनुभव भी है। इंटर्नशिप छात्रों को उद्योग मानकों और अपेक्षाओं के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करके इस अंतर को पाटती है। यह अनुभव प्रशिक्षुओं को नौकरी बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देता है, जिससे अक्सर पूर्णकालिक रोजगार मिलता है। इसके अलावा, नियोक्ता अक्सर इंटर्नशिप को भविष्य में नियुक्तियों के लिए एक पाइपलाइन के रूप में देखते हैं, क्योंकि अच्छा प्रदर्शन करने वाले इंटर्न को अक्सर स्थायी पदों की पेशकश की जाती है। यह कम हो जाता हैव्यवसायों के लिए भर्ती का समय और लागत। यह इंटर्नशिप को एक जीत की स्थिति बनाता है, कंपनियों को पूर्व-प्रशिक्षित प्रतिभा और छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव प्रदान करता है। छात्रों के लिए, इंटर्नशिप केवल उद्योग ज्ञान प्राप्त करने के बारे में नहीं है; वे संचार, टीम वर्क और समस्या-समाधान जैसे सॉफ्ट कौशल विकसित करने के लिए आवश्यक हैं। औपचारिक शिक्षा में अक्सर नजरअंदाज किए जाने वाले ये कौशल आज के तेजी से बढ़ते नौकरी बाजार में महत्वपूर्ण हैं। जैसे-जैसे भारत का रोजगार परिदृश्य विकसित हो रहा है, सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल के संयोजन वाले उम्मीदवारों की आवश्यकता केवल बढ़ेगी। आगे का रास्ता नई इंटर्नशिप योजना सिर्फ एक शैक्षणिक पहल नहीं है; यह एक व्यापक रणनीति है जिसका उद्देश्य भारत के नौकरी बाजार को बदलना है। वास्तविक दुनिया के अनुभव पर जोर देकर, नवाचार को बढ़ावा देकर और पूर्णकालिक रोजगार के लिए एक निर्बाध पुल बनाकर, कार्यक्रम उन कई चुनौतियों का समाधान करता है जो परंपरागत रूप से भारत के युवाओं की रोजगार क्षमता में बाधा उत्पन्न करती हैं। जैसे-जैसे अधिक छात्र व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे और आज के नियोक्ताओं द्वारा आवश्यक कौशल विकसित करेंगे, भारत का कार्यबल अधिक प्रतिस्पर्धी, अनुकूलनीय और अभिनव बन जाएगा। इससे न केवल व्यक्तिगत छात्रों को बल्कि नियोक्ताओं को भी लाभ होगा, जो अगले तीन वर्षों में भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के दृष्टिकोण में योगदान देगा।



विजय गर्ग

*लेखकः सेवानिवृत्त प्रिंसिपल शैक्षिक स्तंभकार स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब*

# पुरुषों के अस्तित्व एवं सुरक्षा की मांग क्यों उठने लगी?



ललित गर्ग

महिला से ही बनता घर है पर पुरुष घर का सहारा है। महिला से स्वर्ग है महिला से बैकुंठ, महिला से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पुरुष ही है। उन्हीं पुरुषों के सम्मान में पुरुष दिवस मनाया जाता है। दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है ।

दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस प्रभावी रूप में बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। अब पुरुष भी अपने शोषण एवं उत्पीडित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की ही भांति अब पुरुषों पर भी उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की बात की जा रही है। महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। पहला अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस 1999 में 19 नवंबर को डॉ. जेरोम टीलकसिंह ने त्रिनिदाद और टोबैगो में मनाया था। पुरुष दिवस दुनिया के 30 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'सकारात्मक पुरुष रोल मॉडल' है। यह ऐसा एक वैश्विक उत्सव है जो पुरुषों के सकारात्मक योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाता है, साथ ही पुरुषों के स्वास्थ्य, कल्याण और लैंगिक समानता को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह दिन पुरुषों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने वाली चर्चाओं और कार्यों को बढ़ावा देने, सकारात्मक रोल मॉडल को प्रोत्साहित करने और अधिक समावेशी समाज की वकालत करने का अवसर प्रदान करता है।

कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है। तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ



पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज-निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं।

आज का पुरुष सिर्फ खुद को नहीं बल्कि महिलाओं के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ता है। वह यह सुनिश्चित कर रहा है कि उन्हें भी आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें व उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। यह परिवर्तन आज सभी इंडस्ट्री जैसे मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, बैंकिंग, उद्योग, व्यापार आदि में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जहां महिलाएं शीर्ष पदों पर काम कर रही हैं। सिर्फ यही नहीं पुरुषों को अब महिलाओं के नेतृत्व में कार्य करने में भी झिझक नहीं महसूस होती। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इस दिवस को मान्यता देते हुए इसकी आवश्यकता को बल दिया और पुरजोर सराहना एवं सहायता दी है। एक तरफ जहां महिलाएं सशक्त हो रही हैं, वहीं पुरुषों की भी छवि समाज में बदलती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व की बात करें तो पुरुषों को लेकर समाज में ढेरों रुढ़िवादी विचार थे, महिलाओं के शोषण एवं उसे दोयम दर्जा दिये जाने का आरोप उस पर लगता रहा है। जिनमें अब तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। पुरुष एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नारी जहां जीवन को परिपूर्णता देती है तो वहीं पुरुष ही इसका आधार है। नारी जन्मदात्री है तो पुरुष जीवन-निर्माता है। भारतीय समाज में 'मर्द को दर्द नहीं होता' या फिर जब कोई पुरुष रोता है तो 'मर्द बनो और रोना बंद करो' जैसी बातें बोली जाती हैं। पिछले कई सालों से पुरुषों की समाज में संघर्षशील व कठोर छवि को प्रस्तुत किया गया है। लेकिन मुख्य सवाल है कि आखिर मर्द या पुरुष हैं कौन? जो घोड़े दौड़ाता है, शिकार करता है, या फिर जो अच्छे सूट में, चमचमाती कार में ऑफिस जाता है और घर पर भी अपनी तारीफ ही सुनना चाहता है। एक रौबदार छवि, आक्रांता, शोषक, असंवेदनशीलता एवं अत्याचारी वाली उसकी छवि क्या वास्तविक छवि है? असल में पिछले कुछ वर्षों में मर्द की परिभाषा में एक उदारवादी एवं संवेदनशील बदलाव देखने को मिला है। अब पुरुष या मर्द वो नहीं जो हमें अब तक पूर्वाग्रही रूढ़िवादी मानसिकता बताती हैं, बल्कि उससे कहीं ज्यादा वो है ऐसा आधारस्तंभ है जो जिम्मेदारी उठाता है, जो सिर्फ चमकदार जूते एवं कपड़े ही नहीं पहनता बल्कि समाज व देश को भी चमकदार बनाने के लिए आगे आता है, परिवार की जिम्मेदारियों को ढोता है।

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है जो पुरुषों और लड़कों की चुनौतियों और अनुभवों को पहचानने और उनका समाधान करने के महत्व पर प्रकाश डालता है। यह पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक पुरुषत्व और लैंगिक समानता के बारे में बातचीत को प्रोत्साहित करता है। पुरुषों के मुद्दों को संबोधित करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि लैंगिक समानता एक सामूहिक प्रयास है, जिससे पुरुष और महिला दोनों को लाभ होता है, तथा पुरुषों की भलाई पर ध्यान देना इस यात्रा का एक अनिवार्य हिस्सा है। समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं उसका विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां के रूप में नारी को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता के रूप में पुरुष का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। महिला ममता का सागर है पर पुरुष उसका किनारा है।

पब्लिक एशिया : पत्र पंजीकरण संख्याः UPHIN/2013/52076, स्वामी मुकेश वत्स के लिए मुद्रक, प्रकाशक, शालिनी श्रीवास्तव ने पब्लिक एशिया प्रेस, प्लाट नो. 14, खसरा नो. 3701, अमौसी, सरोजनी नगर, लखनऊ, 226008 (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित व प्रकाशित कराया है। स्वाति वर्मा (संपादक), संपादकीय कार्यालयः पब्लिक एशिया प्रेस, प्लाट नो. 14, खसरा नो. 3701, अमौसी, सरोजनी नगर, लखनऊ, 08 (उत्तर प्रदेश), Mob. 9891945513, 8588891302, Website-www.publicasia.in, E-mail ID: publicasiaup@gmail.com, इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होगें। वैधानिक सूचना-पाठकों को सलाह दी जाती है की किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच- पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापन के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# सीएम योगी ने अपने पसीना से सींची उपचुनाव की जमीन

## चुनाव की घोषणा के बाद 'अपने यूपी' में पांच दिन में सीएम योगी ने की 13 रैली, दो रोड शो किया, हर उपचुनाव में प्रत्याशियों के बीच रहने वाले योगी ने इस बार भी खूब बहाया पसीना

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**लखनऊ।** चुनाव की घोषणा के बाद 'अपने यूपी' में पांच दिन में 13 रैली, दो रोड शो कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनाव की जमीन सींची। पहले विकास, फिर संवाद के फार्मूले को तय कर योगी आदित्यनाथ ने इस उपचुनाव में भी जीतोड़ मेहनत की। मिशन-9 के तहत गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, मझवां, फूलपुर की जीत बरकरार रखने के साथ अन्य सीटों पर कमल खिलाने को योगी ने कार्तिक व मार्गशीर्ष (अगहन मास) में भी खूब पसीना बहाया। माफिया व मल्लिकार्जुन खड़गे उनके निशाने पर रहे तो अखिलेश यादव की नीति व नीयत पर भी योगी ने निशाना साधते हुए उन्हें आईना दिखाया।





**अखिलेश, माफिया, मल्लिकार्जुन पर निशाना, मतदाताओं से बोले-विकास के लिए फिर कमल खिलाना**

उत्तर प्रदेश उपचुनाव की रैलियों में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व अन्य रैलियों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ ही माफिया भी योगी आदित्यनाथ के निशाने पर रहे। योगी ने मतदाताओं से साफ-साफ कहा कि माफिया मुक्त उत्तर प्रदेश की भांति अन्य राज्यों में भी माफिया हटाने में वे सरकार का साथ दें। माफिया हटाना है और विकास के लिए फिर कमल खिलाना है। योगी की यह अपील काफी कारगर साबित हो रही है। यूपी में माफिया की दुर्गति देख मतदाता योगी के आह्वान के साथ उपचुनाव व आम चुनाव में फिर कमल खिलाने के लिए जुट गए हैं।

**गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, मझवां, फूलपुर की जीत बरकरार रखने के साथ अन्य सीटों पर कमल खिलाने को योगी ने बहाया पसीना**

गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, मझवा व फूलपुर से भाजपा-सहयोगी दलों के विधायकों के सांसद बनने के बाद यह सीटें रिक्त हो गईं। उपचुनाव में भाजपा ने गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर से सुरेंद्र दिलेर, मझवा से सुचिस्मिता मौर्य व फूलपुर से दीपक पटेल को टिकट दिया है। मीरापुर सीट से रालोद की मिथिलेश पाल मैदान में हैं। योगी आदित्यनाथ ने इन सीटों पर फिर से कमल खिलाने के लिए मतदाताओं का आह्वान किया तो वहीं यूपी की अन्य सीटों



कटेहरी, करहल, कुंदरकी व सीसामऊ में भी कमल खिलाने के लिए काफी पसीना बहाया। 20 नवंबर को यूपी में वोटिंग होगी और 23 को परिणाम आएंगे।

**योगी की मेहनत देख परिवार से बाहर उपचुनावों में अखिलेश को आई प्रत्याशियों की याद**


लोकसभा चुनाव के पहले पत्नी डिंपल यादव के उपचुनाव को छोड़ दें तो अमूमन उपचुनावों में अखिलेश यादव अपने ही प्रत्याशियों को मझधार में छोड़ देते थे। प्रत्याशी उनकी राह देखते थे, लेकिन अखिलेश प्रचार में नहीं जाते थे। विधानसभा उपचुनाव की भी बात करें तो कई ऐसे मौके आए, जब सपा प्रत्याशी सहारे की तलाश में रहे। जब उन्हें अपनों की जरूरत पड़ी तो अखिलेश नदारद रहे, लेकिन योगी आदित्यनाथ ने हर चुनाव में अपनों का हाथ थामे रखा। योगी आदित्यनाथ की मेहनत देख इस उपचुनाव में अखिलेश को भी आखिरकार अपनों की याद आ ही गई।

### योगी ने संभाली कमान तो विधानसभा उपचुनाव में कमल व सहयोगियों का कमाल

उत्तर प्रदेश में जब-जब उपचुनाव हुआ, योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ता के रूप में प्रचार की कमान संभाली। इसका परिणाम हुआ कि भाजपा व सहयोगी दलों ने काफी कमाल किया। गोला गोकर्णनाथ में तत्कालीन विधायक अरविंद गिरि के निधन से सीट रिक्त हुई तो 2022 में योगी के प्रचार की बदौलत अमन गिरि यहां से कमल खिलाने में सफल हुए। मई 2023 में छानबे सीट पर उपचुनाव में अपना दल (सोनेलाल) की रिंकी कोल व स्वार टांडा में अपना दल (एस) के शफीक अंसारी चुनाव जीते। इन दोनों के लिए भी योगी ने पसीना बहाया और जनता से संवाद कर इन्हें लखनऊ पहुंचाया। रामपुर में आकाश सक्सेना, ददरौल से उपचुनाव में अरविंद सिंह की जीत भी योगी के संवाद का ही नतीजा है। लखनऊ पूर्व से आशुतोष टंडन के निधन के उपरांत हुए उपचुनाव में भी योगी ने भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के लिए प्रचार-प्रसार किया, वे भी इस सीट से जीतकर सदन पहुंचे।

## मुख्य समाचार

### परिचय परिषद विद्यालय के 100 बच्चों को तहसीलदार प्रभा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**नगीना।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व, पीलीडाम जलाशय व कालागढ़ के लिए शैक्षिक भ्रमण पर निकले परिषदीय विद्यालय के 100 बच्चों को तहसीलदार प्रभा सिंह व बीईओ इंद्रजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शैक्षिक भ्रमण के लिए निकले बच्चे शिक्षकों के साथ उत्साहित नज़र आये। हिन्दू इंटर कॉलेज के मैदान में कोतवाली ब्लॉक के 17 न्याय पंचायतों के परिषदीय विद्यालयों के 100 बच्चे एकत्रित हुए । परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को हरी झंडी दिखाकर तहसीलदार प्रभा सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर अमानगढ़ पीली डॉम व कालागढ़ के शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना किया। इस मौके पर तहसीलदार प्रभा सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि शैक्षिक भ्रमण से बच्चों का मानसिक व निरीक्षण क्षमता का विकास होता है बीईओ इंद्रजीत सिंह ने सभी बच्चों को प्रकृति से सीखने का आह्वान किया। बच्चे शैक्षिक भ्रमण के लिए काफी उत्साहित नज़र आये। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक विनोद शर्मा, अशोक कुमार , परवेज आदिल, संकुल प्रभारी मनीष राणा, एआरपी राधेश्याम, सुनील कुमार, उमेश कुमार, मधुसूदन कमलनी अग्रवाल, कामिनी दिवाकर आदि मौजूद रहे ।

### वीर हनुमान अखाड़े के उस्तादों को देवयान ने किया सम्मानित



**नगीना।** श्री वीर हनुमान अखाड़े के उस्तादों को चेले देवदयान ने नगीना पहुंचकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। रविवार को श्री वीर हनुमान अखाड़े के उस्ताद व गुरु दारा सिंह और सूरज मचाल नगीना पहुंचे। वहां पर किरतपुर निवासी उनके शिष्य देवदयाल ने पहुंचकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कर स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम में रितिक कुमार मुरादाबाद, नकुल सिंह बढ़ापुर, देव, आशू पँवार, ध्रुव पहलवान, मन्दीप कुमार, चुन्नु चेनवाल, अनमोल वाल्मीकि, महेश भगत, वाशु आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### रूपवती की हत्या के दो आरोपी पुलिस हिरासत में, तीसरे की तलाश जारी



**बरेली।** शनिवार रात बारादरी थाना क्षेत्र में हुई सरेराह महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। तीसरे आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया जा रहा है। पुलिस ने कहा है कि मामले का खुलासा आज शाम तक कर दिया जाएगा। आपको बताते चलें कि बारादरी थाना क्षेत्र के संजयनगर की रहने वाली रूपवती शनिवार रात बरातघर के पास खड़ी थीं। जब वह घर लौटने लगीं, तभी बाइक सवार दो युवकों ने उन पर गोली चला दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। मृतका की बेटी पायल ने पुलिस में अज्ञात युवकों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हालांकि, शुरुआती जांच में पुलिस को यह संदेह हुआ कि हत्या किसी नजदीकी व्यक्ति ने की हो सकती है। **जांच में हत्या की वजह साफ**

मॉडल टाउन चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता ने पड़ोसियों और अन्य लोगों से पूछताछ की, जिससे हत्या के पीछे की वजह और आरोपी सामने आ गए। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मामले की जांच में 90त्न सफलता मिल चुकी है। हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ चल रही है और तीसरे आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही हत्या का कारण और आरोपियों की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

## बिना फायर एनओसी और सुरक्षा के इंतजाम के आखिर कैसे चल रहे हैं जिले के अस्पताल

### अग्निशमन विभाग क्या बड़े हादसों का कर रहा है इंतजार

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**बरेली।** झांसी मेडिकल कॉलेज में आग से 11 मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत के बाद बरेली का अग्निशमन विभाग और प्रशासन कुंभकर्णी नींद से जागा तो है, लेकिन अभी भी उसकी नींद पूरी तरह खुली नही है, मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) चंद्र मोहन शर्मा की निष्क्रियता ने बरेली के लोगों की जान खतरे में डाल रखी है। बरेली में जिला महिला अस्पताल समेत जिले के लगभग 28 अस्पताल बिना फायर एनओसी के चल रहे हैं, जो किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं। बरेली के सीएफओ की इन अस्पतालों को लेकर की जा रही अनदेखी आम जनमानस के जीवन को खतरे में डाले हुए है, आपको बताते हुए चलें की साल 2023 में जिला महिला अस्पताल में एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) में आग लगने की वजह से एक मासूम बच्चे की जान चली गई थी, लेकिन प्रशासन और अस्पताल के अधिकारियों ने इससे कोई सबक नहीं लिया। अब, जब झांसी की घटना के बाद निरीक्षण शुरू हुआ है तो नए नए खुलासे हो रहे हैं, बरेली के अधिकांश अस्पतालों में फायर सेफ्टी के इंतजाम पूरी तरह से नदारद हैं। सीएफओ चंद्र मोहन शर्मा की यह लापरवाही किसी दिन एक बड़े हादसे को न्यौता दे सकती है। और उस हादसे में कितने लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ सकती है इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। बरेली के जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद और सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह भी अपनी जिम्मेदारियों से मुँह चुराए बैठे हुए ही दिखाई पड़ते हैं। दोनों के कार्यालय उसी अस्पताल परिसर में हैं, लेकिन दोनों ही अधिकारी अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति कैसी है इसे जानने की कभी भी जहमत नहीं उठाई। क्या इन दोनों अधिकारियों को मासूम बच्चों और मरीजों की जिंदगियों से कोई लेना देना नहीं है।

विद्युत सुरक्षा विभाग द्वारा अस्पतालों में सुरक्षा को लेकर एनओसी जारी की जाती है, इस दौरान जो खामिर्या पाई जाती है, उन्हे जल्द पूरा करने के निर्देश दिये जाते है। जिले में कोई अस्पताल ऐसा नही है, जो मानक पर खरा उतरता हो, चेकिंग के दौरान खामियों को सुधारने के निर्देश दिये जाते है। झॉसी मेडिकल कालेज में हुये हादसे को लेकर सभी अस्पतालों में विद्युत सुरक्षा को लेकर सभी निरीक्षकों को चेकिंग करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिये गये है।

## ग्रामीणों ने निकाली भव्य कलश शोभायात्रा



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अमेठी।** जनपद अमेठी के गौरीगंज सगरा बाबूगंज के मठाधीश्वर मौनी महाराज की अध्यक्षता में ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को शिव स्थापना के उद्देश्य से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस कलश शोभायात्रा में क्षेत्रीय सभी ग्रामीणों व महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, कलश शोभायात्रा थाना कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के ट्रांजिट हॉस्टल के पास जहाँ पर शिव स्थापना होना है, पूरे नेमधर पंडित के पूरवा से से आरंभ हुई। जिसमें मौनी महाराज की अगुवाई में क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ साथ महिलाएं बच्चे व मौनी महाराज के शिष्य भी शामिल रहे। यह यात्रा गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे नेमधर पंडित के पुरवा से आरंभ होकर कोतवाली क्षेत्र अमेठी के ताला स्थित मुकुट नाथ मंदिर तक जाकर पूरे नेमधर पंडित वापिस आएगी, कलश यात्रा के उपरांत बुधवार को शिव स्थापना के उपलक्ष्य में पूरे नेमधर पंडित के पुरवा में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। यात्रा में मौनी महाराज के साथ क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों में रामशंकर तिवारी , राजेश पाण्डेय, सुरेंद्र मिश्र, मुकेश मिश्रा, धीरज शुक्ला तथा समस्त क्षेत्रवासी शामिल रहे।

## बिमार नर हाथी की इलाज के दौरान मौत

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**रेहड़।** अमानगढ़ में दो दिन पूर्व अमानगढ़ में जसपुर कक्ष के ब्लाक एक में गश्ती दलों को एक हाथी बीमार हालत में मिला था। जिसका वन विभाग द्वारा उपचार कराया जा रहा था। मंगलवार को इलाज़ के दौरान हाथी की मौत हो गई। गश्ती दल की सूचना पर विभागीय अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे तथा चिकित्सकों के पैनल से हाथी का पीएम कराया। एसडीओ अंशुमान मित्तल ने बताया कि मृत नर हाथी है जिसकी आयु लगभग पच्चीस साल है। किन्ही कारणों से हाथी की जीभ में जख्म हो गया था।जिसके कारण हाथी कुछ खा नही पा रहा था। जिसके चलते हाथी काफी कमजोर हो गया था। हाथी कैंप मथुरा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ गोचरण द्वारा हाथी का उपचार कराया गया।

चिकित्सकों ने बताया कि संभवत जीभ एवं गले में संक्रमण होने के कारण की मौत हो गई। हालांकि मौत का सही कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। हाथी के सभी अंग सुरक्षित है। विभागीय निर्देशों के अंतर्गत हाथी के शव का पीएम कराकर शव को दफना दिया गया है। विसरा जांच के लिए आईवीआरआई बरेली भेजा जा रहा है। इस अवसर पर एसडीओ नजीबाबाद अंशुमान मित्तल, रेंजर अंकिता किशोर सहित रेंज कर्मी मौजूद रहे।

## किरतपुर में कार्तिकेय अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग ने किया सील

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बिजनौर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर में संचालित कार्तिकेय अस्पताल पर छापा मारकर विभागीय अधिकारियों ने अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों एवं अभिलेखों की जांच की। अस्पताल जिस चिकित्सक के नाम से रजिस्टर्ड है। संचालित है वह चिकित्सक मौके पर नहीं मिले। जबकि मरीजों को दवाएं दी जा रही थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया।

मंगलवार को सीएमओ कौशलेंद्र सिंह द्वारा गठित टीम में शामिल एसीएमओ पी एल नायर किरतपुर पहुंचे और किरतपुर में मास्टर कालोनी स्थित कार्तिकेय अस्पताल पर छापा मारा। टीम ने जांच की तो अस्पताल में चिकित्सक नहीं मिलें। जिसके नाम से अस्पताल रजिस्टर्ड कर संचालित किया जा रहा था। वह चिकित्सक नहीं मिलें। टीम ने अस्पताल को सीज कर दिया और उक्त अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निलंबित करने के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्यावाही से अन्य नर्सिंग होम में हड़कंप मच गया ।

## शुगर मिल महाप्रबंधक एसपी सिंह व सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अफजलगढ़।** शुगर मिल अफजलगढ़ में गन्ना लाने वाले वाहनों पर मिल प्रबंधक की ओर से रिफ्लेक्टर लगाए गए। सीओ और मिल के मुख्य महाप्रबंधक ने गन्ना लाने वाले वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर लगाने और कोहरे में सावधानी से वाहन चलाने को जागरूक किया। रविवार को द्वारिकेश शुगर मिल इंडस्ट्रीज अफजलगढ़ में गन्ने के वाहनों ट्रक, ट्रिपलर, ट्रैक्टर ट्राली, बुग्गियों आदि पर मिल प्रशासन द्वारा रिफ्लेक्टर लगाए गए। इस अभियान की शुरुआत मुख्य महाप्रबंधक एसपी सिंह एवं सीओ अफजलगढ़ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने किया। शुगर मिल के केन यार्ड में खड़े गन्ने के वाहनों पर रिफ्लेक्टर व लाल कपड़े लगाए गए। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक एसपी सिंह और सीओ अफजलगढ़ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने चालकों को रिफ्लेक्टर और लाल कपड़ा वाहन पर लगाने का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएंगे। इससे कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने में सहायता मिलती है। इसके अलावा सभी चालकों को गन्ना लाते समय विशेष रूप से वाहन के पीछे की ओर लाल कपड़ा बांधने या रात में लाल लाइट लगाने के निर्देश दिए गए जिससे सड़क दुघर्टनाओं से बचा जा सके। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक एसपी सिंह,सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी,गन्ना महाप्रबंधक डॉ रजनीश कुमार, कुमेर सिंह,डा. वीर सिंह तथा कुंदन सिंह आदि शामिल रहे।

## दर्दनाक हादसे में नानकमत्ता जा रहे दो दोस्तों की मौत, तीन घायल



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में थाना सुभाषनगर क्षेत्र के पांच युवक कार से नानकमत्ता घूमने जा रहे थे। देवरनियां थाना क्षेत्र में इनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हुए हैं। हादसे की वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है। देवरनियां थाना क्षेत्र में मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे दो दोस्तों की मौत हो गई। तीन युवक गंभीर घायल हो गए। घायलों को निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। थाना सुभाषनगर क्षेत्र के पांच युवक कार से मंगलवार दोपहर उत्तराखंड के नानकमत्ता गुरुद्वारा जा रहे थे। देवरनियां इलाके में इनकी कार सड़क किनारे पेड़ में टकरा गई। तेज रफ्तार होने के कारण कार के परखच्चे हो गए। हादसे में साइकिल व्यापारी सुनील बजाज और नेकपुर निवासी गौरव की मौत हो गई जबकि तीन युवक घायल हुए हैं। इनको निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इनमें सुभाषनगर गुरुद्वारा के मीडिया प्रभारी हरप्रीत सिंह गोलू के पैर में फैक्चर हुआ है। उनके दोस्त अज्जी और प्रेम साहनी भी घायल हैं।

## 85 ट्यूबवेल से होगी पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र में 24 घंटे निर्बाध पानी की सप्लाइ

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को स्वच्छ और सुगम बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यरत है। सीएम योगी के निर्देशों के मुताबिक जिस तरह महाकुंभ नगरी ने आकार लेना शुरू कर दिया है, उसके साथ ही महाकुंभ क्षेत्र में सुविधा व्यवस्थाओं का भी इंतजाम शुरू हो गया है। इस दिशा में यूपी जल निगम नगरीय, प्रयागराज पूरे मेला क्षेत्र में 24 घंटे निर्बाध पानी सप्लाई के लिए 15 नये ट्यूबवेल लगा रहा है। इसके अतिरिक्त पुराने ट्यूबवेलों की मरम्मत कर लगभग 85 ट्यूबवेलों की मदद से पूरे मेला क्षेत्र को महाकुंभ के दौरान निर्बाध पानी की सप्लाई की जाएगी। जिससे मेला क्षेत्र में रहने वाले कल्पवासियों और साधु-संन्यासियों को असुविधा का सामना न करना पड़े।




**11 करोड़ रूपए की लागत से लग रहे हैं 15 नये ट्यूबवेल**

महाकुंभ 2025 के दौरान 25 सेक्टरों में फैले मेला क्षेत्र में निर्बाध पानी सप्लाई का कार्य यूपी जल निगम नगरीय कर रहा है। सीएम योगी के निर्देशों के मुताबिक पूरे मेला क्षेत्र में 24 घंटे निर्बाध पानी की सप्लाई की जाएगी। इसके संबध में बताते हुए जल निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता अमित राज ने बताया कि 45 दिनों के महाकुंभ आयोजन में निर्बाध पानी सप्लाई 85 ट्यूबवेलों की मदद से की जाएगी। इसके लिए जल निगम नगरीय, मेला क्षेत्र में 15 नये ट्यूबवेल लगा रहा है। महाकुंभ 2025 का मेला क्षेत्र अब तक के कुंभ मेलों की तुलाना में सबसे बड़ा है, जो कि 25 सेक्टर में फैला हुआ है। जिसके लिए शेष 70 ट्यूबवेलों की मरम्मत का कार्य चल रहा है। इनमें से अन्य 15 ट्यूबवेलों को पूरी तरह से रिन्यु किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्बाध जलापूर्ति के लिए ये सारा कार्य 30 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

**निर्बाध पानी सप्लाई के लिए लग रहे हैं 30 जनरेटर और स्टेबलाइजर**

जल निगम नगरीय प्रयागराज के अधिशासी अभियंता अमितराज ने बताया कि महाकुंभ में 24 घंटे निर्बाध जलापूर्ति के लिए 11 करोड़ रुपये के बजट से ट्यूबवेलों की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही पानी सप्लाई के लिए 30 जनरेटर सेट और स्टेबलाइजर भी लगाये जायेंगे, जो मेला क्षेत्र में बने पम्पिंग प्लांटों से सभी 25 सेक्टरों में पानी सप्लाई का कार्य करेंगे। इसके साथ ही अधिशासी अभियंता ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में पानी सप्लाई के लिए पाईप का जाल भी बिछाया जाएगा। जिससे आखाड़ा-शिविरों, प्रशासन के टेंट, कल्पवासियों और पूरे मेला क्षेत्र में पानी सप्लाई की जाएगी। ये कार्य भी यूपी जल निगम नगरीय प्रयागराज ही कर रहा है, जो कि सीएम योगी के निर्देशों के मुताबिक 30 नवंबर तक पूरा हो जाएगा।

# ऊसर में योगी सरकार बसाने जा रही इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

**तैयार हो रहा पूर्वांचल का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल लैंड बैंक, गोरखपुर के दक्षिणांचल में 5500 एकड़ क्षेत्रफल में आकार लेगा धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर**

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**गोरखपुर।** गोरखपुर के दक्षिणांचल में स्थित धुरियापार क्षेत्र की जो जमीन ऊसर थी। जिसपर तिनका भी मुश्किल से उगता था, वहां योगी सरकार उद्योगों की फसल लगवाएगी। इसके लिए 5500 एकड़ में प्रस्तावित धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को मूर्त रूप दिया जा रहा है। 17 गांवों की अनुपजाऊ जमीनों का अधिग्रहण करने के सिलसिले में अब तक 500 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। यह कॉरिडोर पूर्वांचल के सबसे बड़े इंडस्ट्रियल लैंड बैंक वाला होगा। सरकार की मंशा यहां बड़े उद्यगों का संजाल बिछाने के साथ इसे इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर के रूप में विकसित कर करने की है। यह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से तो जुड़ा ही है, आने वाले समय में रेल कनेक्टिविटी से भी जुड़ जाएगा।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को आकार देने के लिए प्रक्रियात्मक कार्य को तेज कर दिया है। गीडा की तैयारी जल्द ही इस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के पहले चरण को लांच कर देने की है। पहले चरण में सकरदेईया, हरपुर और काश्तकाशी नायक गांवों में करीब 1600 एकड़ भूमि अर्जित होनी है। गीडा इसमें से 500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण भी कर चुका है। उपजाऊ जमीन फसलों के माध्यम से सोना उगले और ऊसर धरती पर उद्योगों के जरिये रोजगार की भरपूर छांव मिले, योगी सरकार इसी फॉर्मूले के तहत ग्रेटर गीडा के रूप में धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का खाका खींच चुकी है। इस कॉरिडोर को बसाने के लिए जिन 17 गांवों में जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा, वे परती पड़ी रहती हैं। यानी किसानों के लिए अनुपजाऊ। अब तक सिर्फ रकबे में गिनी जाने वाली ये जमीनें किसानों को भरपूर रकम दिलाकर मालामाल करेंगी। बीते सात सालों में देश-दुनिया के कई निवेशकों का गोरखपुर की तरफ रुझान देखते हुए सीएम योगी के मार्गदर्शन में धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का मास्टर प्लान फाइनल है, बस इसे शासन से अनुमोदन मिलने का इंतजार है। धुरियापार क्षेत्र में जमीनों का एक हिस्सा ऊसर प्रकृति का है। किसानों को ऊसर जमीनों का ही अधिग्रहण किया जा रहा है। इससे उन्हें अनुपजाऊ भूमि का भरपूर मूल्य प्राप्त होगा और ऊसर धरती पर औद्योगिक विकास के माध्यम से रोजगार और खुशहाली की फसल लहलहाएगी।

धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को 17 ग्रामों की 5500 एकड़ भूमि में बसाया जाएगा। इस कॉरिडोर का विकास चरणबद्ध तरीके से किया जाना है। मास्टर प्लान के मुताबिक कुल क्षेत्रफल में 32.04 प्रतिशत क्षेत्र औद्योगिक, 19.39 प्रतिशत आवासीय, 6.51 प्रतिशत पीएसपी, 4.21 प्रतिशत व्यावसायिक, 15.70 प्रतिशत हरित-खुला क्षेत्र, 2.32 प्रतिशत मिश्रित, 4.17 प्रतिशत ट्रांसपोर्ट सुविधाओं के लिए प्रस्तावित है। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुज मलिक बताती हैं कि धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए भूमि अर्जन की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। अब तक 500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण हो चुका है और बाकी के लिए भी प्राधिकरण लगातार काम कर रहा है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी का मानना है कि मूर्त रूप में आने के बाद यह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर धुरियापार समेत समूचे गोरखपुर दक्षिणांचल के लिए गेम चेंजर साबित होगी। धुरियापार की पहचान अति पिछड़े क्षेत्र के रूप में रही लेकिन आने वाले दिनों में इसकी ख्याति गोरखपुर के नए औद्योगिक क्षेत्र के गेटवे के रूप में होगी। बीते सात सालों में देश-दुनिया के कई निवेशकों का रुझान गोरखपुर की तरफ देखते हुए सरकार धुरियापार क्षेत्र को ग्रेटर गीडा बनाने की तैयारी कर रही है। औद्योगिक विकास के साथ ही यहां रोजगार की बहार भी बहेगी।

**धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए इन गांवों को किया गया है अधिसूचित**

बाथ बुजुर्ग, बाथ खुर्द, भिसमपट्टी, चाडी, धौरहरा, दिघरूआ, दोदापार, दुबरीपुरा, गजपुर, गौरखास, हरपुर, काश्तकाशी नायक, मठदुर्वाशा, नारायण खुर्द, परसा बुजुर्ग, पुरादयाल और सकरदेइया।

**उद्योगों के लिए मुफीद साबित होगी शानदार रोड और रेल कनेक्टिविटी**

धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर रोड और रेल कनेक्टिविटी के लिहाज से उद्योगों के लिए काफी मुफीद साबित होगा। यह क्षेत्र गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से जुड़ा है। साथ ही सहजनवा से दोहरीघाट तक प्रस्तावित नई रेल लाइन परियोजना भी यहां से गुजर रही है। ऐसे में यहां बड़े उद्योगों के लिए पृथक से रेलवे साइडिंग दिए जाने की भी व्यवस्था होगी। उद्योगों के लिए कच्चा माल मंगाना और तैयार माल भेजना काफी सुविधाजनक होगा।

**दक्षिणांचल के औद्योगिक विकास को लेकर योगी सरकार संजीदा**

गोरखपुर के दक्षिणांचल के औद्योगिक विकास को लेकर योगी सरकार काफी संजीदा है। धुरियापार में बनने के बाद से ही बंद पड़ी चीनी मिल के कुछ हिस्से में इंडियन ऑयल की तरफ से कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट लगाया जा चुका है। इस प्लांट के बाद धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के मूर्त रूप में आने के बाद इस क्षेत्र का कायाकल्प हो जाएगा। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में लगने वाले उद्योगों से करीब 10,000 से अधिक लोगों को रोजगार सुलभ होगा। गीडा की सीईओ अनुज मलिक बताती हैं कि धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए निवेश प्रस्ताव आने शुरू हो गए हैं। अडानी समूह और जेके ग्रुप ने इस कॉरिडोर में सीमेंट फैक्ट्री लगाने के लिए क्रमशः 65 और 50 एकड़ जमीन की मांग की है। इसके अलावा कई अन्य औद्योगिक समूह यहां निवेश में रुचि दिखा रहे हैं।

## बॉलीवुड के आर्ट डायरेक्टर 07 दिन में तैयार कर देंगे महाकुंभ का कंट्रोल रूम

पब्लिक एशिया ब्यूरो





**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रही है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में किसी तरह की कोई बाधा न पहुंचे और साथ ही यहां आने वाले 45 करोड़ लोगों की सुरक्षा का पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके लिए मेला क्षेत्र में बाकायदा हाईटेक कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। इस कंट्रोल रूम में हाई लेवल मीटिंग के अलावा आला अफसरों की टीमें बैठकर महाकुंभ के लिए रणनीति तैयार करेंगी। खास बात ये है कि इस कंट्रोल रूम का निर्माण बॉलीवुड के प्रसिद्ध आर्ट डायरेक्टर द्वारा कराया जा रहा है। उनका दावा है कि विशेष सुविधाओं वाला यह कंट्रोल रूम 7 दिन के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा।

**50 से अधिक होंगे केबिन**

अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि कंट्रोल रूम में श्रद्धालुओं को लेकर होने वाले जरूरी इंतजाम के लिए वीआईपी मीटिंग होंगी। साथ में कॉन्फ्रेंस हॉल और करोड़ों लोगों तक सही समय पर उचित जानकारी पहुंचाने के लिए मीडिया के ब्लॉक भी बनाए जा रहे हैं। इस कंट्रोल रूम में 50 से अधिक अफसरों के अलग-अलग प्रकार के केबिन बनाए जा रहे हैं। जिसमें सुरक्षा, प्रशासनिक कार्यों के साथ साथ चिकित्सा, पेयजल संबंधित कार्यों की निगरानी की जाएगी।

**शुरू हो सकेगी मॉनिटरिंग**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर मेला प्राधिकरण ने विशेष इंतजाम किया है। इसी के तहत हाईटेक कंट्रोल रूम बनाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। इसके निर्माण में जुटे मुंबई से आए आर्ट डायरेक्टर और वास्तुकार पवन पांडे ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप कंट्रोल रूम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सात दिनों के भीतर इसे पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा। जिसमें बड़े पैमाने पर महाकुंभ से जुड़ी योजनाओं की जल्द से जल्द मॉनिटरिंग शुरू हो सकेगी। देश-विदेश से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाए, इसके लिए बाकायदा रणनीति बनाने का काम भी इसी कंट्रोल रूम से किया जाएगा। विभागीय समन्वय के लिए यहीं पर कॉन्फ्रेंस हॉल रहेंगे और जन सुविधाओं से संबंधित जानकारी के लिए मीडिया के ब्लॉक भी यहीं पर अलग से बनाए जा रहे हैं।

**ड्रोन से रखी जाएगी नजर**

महाकुंभ के दौरान चप्पे चप्पे पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम तो बनाया ही जा रहा है, साथ में इस कंट्रोल रूम के चारों तरफ ड्रोन से हर गतिविधि पर निगरानी रखी जाएगी। सुविधा के लिहाज से इस कंट्रोल रूम को एल शेप का आकर दिया जा रहा है, जिसमें अफसर से लेकर उनके स्टाफ तक के लिए हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। कंट्रोल रूम में एंट्री के लिए तीन विशेष दरवाजे भी बनाए जा रहे हैं, जिसका काम अंतिम चरण में चल रहा है।

## नई दिल्ली में भव्य 'महाकुंभ कॉन्क्लेव' का आयोजन करेगी योगी सरकार

**उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने शुरू की तैयारी, दिल्ली के पांच सितारा होटल में होगा आयोजन, महाकुंभ की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की दिखेगी झलक**

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने 2025 के महाकुंभ को सफल बनाने के लिए बड़े स्तर पर जारी तैयारियों को गति देने का काम शुरू कर दिया है। महाकुंभ-2025 का आयोजन न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि राज्य की पर्यटन और वैश्विक स्तर पर पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का भी एक प्रमुख प्रयास है। इसी बात को ध्यान में रखकर महाकुंभ की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाने तथा देश-दुनिया के गणमान्य व अति विशिष्ट लोगों को आमंत्रित करने के लिए नई दिल्ली में महाकुंभ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इस विषय में, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं तथा दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में भव्य स्तर पर इस एक दिनी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कई मायनों में विशिष्ट होगा क्योंकि यहां आने वाले आगंतुकों को महाकुंभ में योगी सरकार द्वारा दी जा रही टूरिज्म ऑफरिंग्स, तैयारियां व उपलब्धियों के साथ ही उत्तर प्रदेश की लोककला व सांस्कृतिक छटा का भी आनंद उठा सकेंगे।

**अनूठे इंटरैक्टिव सेशन के जरिए होगी महाकुंभ की ब्रांडिंग**

महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें पूरी दुनिया से करोड़ों श्रद्धालु भाग लेते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन के लिए विशेष रूप से 'महाकुंभ कॉन्क्लेव' की योजना बनाई है, जो एक अनूठा इंटरैक्टिव सत्र होगा। इसके जरिए, भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से आगंतुकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया जाएगा। महाकुंभ कॉन्क्लेव उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि और प्रशासनिक कुशलता का उदाहरण पेश करेगा। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है, बल्कि वैश्विक स्तर पर राज्य की ब्रांडिंग का भी माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में समुद्र मंथन से प्राप्त 14 रत्नों के थ्रीडी मॉडल की नुमाइश होगी तथा सांस्कृतिक संध्या में उत्तर प्रदेश के लोक संगीत और नृत्य की प्रस्तुति भी होगी, जो महाकुंभ की आध्यात्मिकता को सजीव करेगी। साथ ही, प्रत्येक अतिथि को यूपी की सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक के रूप में स्मृति चिह्न प्रदान किए जाएंगे। आयोजन में दुनियाभर से आए 700 अतिविशिष्ट अतिथियों का जमावड़ा लगेगा। अतिथियों के सम्मान में हाई टी व डिनर का भी आयोजन किया जाएगा।

### कार्यक्रम में इन विशिष्टताओं को किया जाएगा प्रदर्शित...

- **डिजिटल डिस्प्ले जोन:** बड़ी एलईडी स्क्रीन पर कुंभ मेला की कहानी, नागा साधुओं व विभिन्न अखाड़ों के संन्यासियों के जीवन और अन्य धार्मिक पहलुओं को दर्शाने वाले एनीमेशन का चित्रण होगा।
- **3डी मॉडल:** त्रिवेणी संगम, अक्षयवट और समुद्र मंथन के दृश्यों को थ्रीडी मॉडल्स के माध्यम से दर्शाया जाएगा।
- **आधुनिक नवाचार:** एआई चैटबॉट और मल्टी-लैंग्वेज ट्रांसलेटर डिवाइस का भी प्रदर्शन किया जाएगा जो अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों को सहज अनुभव प्रदान करेगा।
- **पर्यटन पैकेज की जानकारी:** यात्रा और आवास सुविधाओं का डिजिटल प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। बाकायदा टेंट सिटी व होटल रूम के एक सेटअप को स्थापित किया जाएगा जिससे कल्पवास के दौरान मिलने वाली सुविधाओं को प्रत्यक्ष तौर पर आगंतुक देख सकेंगे।
- **डिजिटल वॉक थ्रू:** कार्यक्रम के अंतर्गत 10 मिनट के वर्चुअल वॉक-थ्रू सेशन का आयोजन भी किया जाएगा जिसके जरिए आगंतुकों को मेला क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों की जानकारी मिल सकेगी।

## खेत पर काम कर रहे किसान के साथ मारपीट

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी किसान ने गांव के कई लोगों पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी माहिर ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने खेत पर कार्य कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही एक व्यक्ति अपने तीन पुत्रों के साथ पीड़ित के पास पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। बीच बचाव करने के लिए जब उसकी पुत्री छुड़ाने के लिए आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी जमकर मारपीट की। पीड़ित व्यक्ति ने आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## कोहरे ने किया मुहाल, लोगों की आंखों में हुई जलन

पब्लिक एशिया ब्यूरो





**शामली।** कोहरे का असर दिन प्रतिदिन बढता जा रहा है। मंगलवार की सुबह भी घने कोहरे के कारण आम जन बुरी तरह प्रभावित रहा। कुछ लोगों को आंखों में जलन की भी शिकायत महसूस हुई। कोहरे के कारण कुछ दूरी का भी साफ नजर नहीं आ रहा था, जिससे वाहनों की रफ्तार भी कम रही। वहीं सूर्यदेव के दर्शन भी देर से हुए। कोहरे के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है।

जानकारी के अनुसार इन दिनों शामली जनपद में कोहरे का प्रकोप धीरे-धीरे बढता जा रहा है, वहीं तापमान में भी गिरावट आ रही है। सुबह के समय कोहरे के चलते लोगों को आंखों में जलन भी महसूस हो रही है। मंगलवार को भी पूरे शहर में घने कोहरे का असर नजर आया जिससे लोग परेशान रहे। कई लोग तो आंखों में जलन के कारण घर से बाहर नहीं निकले। दिन चढने के साथ ही कोहरा छंटा तो वे अपने घरों से निकले। सुबह के समय तो सूर्यदेव भी दर्शन भी देर से हुए। हालांकि दिन चढने के साथ धूप भी निकल आयी। घरों से काम पर जाने वाले लोगों का कहना है कि सुबह के समय कोहरे से आंखों में काफी जलन महसूस होती है, कई लोग तो नेत्र रोग विशेषज्ञों के यहां भी पहुंच रहे हैं। वहीं चिकित्सकों ने भी इस मौसम में विशेष एहतियात बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कोहरे में आंखों में जलन होने पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि प्रदूषण के कारण आंखों में धूल-मिट्टी जमा हो सकती है। इस वजह से आंखों में जलन या खुजली हो सकती है इसलिए रोज आंखों को साफ पानी से धोएं ताकि आंखों में इकट्ठी धूल-मिट्टी साफ हो सके। आंखों को गंदे हाथों से न छूए, उन पर लगे कीटाणु और धूल-मिट्टी हमारे हाथों पर लगते हैं। हाथों को बिना साफ किए आंखों को छूने से इन्फेक्शन हो सकता है। इसलिए हाथों को साबून से अच्छे से साफ करें।

## मुख्य समाचार

### तीन तलाक की शिकायत पर अभियोग दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक विवाहिता ने अपने पति पर तीन तलाक एवं मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी सिंदरा उर्फ मुस्कान पुत्री दिलशाद ने एसपी राम सेवक गौतम को दो दिन पूर्व शिकायती पत्र देकर बताया था कि पीड़िता की शादी शकीर पुत्र जाबिर निवासी सरधाना मेरठ के साथ हुई थी। आरोप है कि पति द्वारा दहेज में कार न मिलने से फोन पर ही तीन तलाक दे दिया। विवाहिता ने एसपी शामली ने मामले में शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई थी। मंगलवार को पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### ऊर्जा निगम ने पांच हजार से ऊपर के बकायादारों पर की कार्रवाई



**झिंझाना।** ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने बकाया विद्युत उपभोक्ताओं के यहां कार्रवाई की। पांच हजार से ऊपर के बकाया उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए, वहीं कुछ उपभोक्ताओं से बकाया वसूली भी की। मंगलवार की दोपहर ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी रवि कुमार, अवर अभियंता सुरजीत कुमार ने टीम के साथ कस्बे के मोहल्ला सैदमीर में पांच हजार से अधिक के उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जिससे बिजली उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा रहा, वहीं कुछ उपभोक्ताओं से बकाया वसूली भी की। उपखंड अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि पांच हजार से अधिक के बकाया उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। कार्रवाई के दौरान मौके पर कुछ उपभोक्ताओं से बकाया वसूली भी है। ऊर्जा निगम की टीम में बिलाल अहमद, अमित कुमार, संदीप कुमार, सुधीर तोमर आदि उपस्थित रहे।

## जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तेहत नगर पालिका बहजोई में अतिक्रमण हटाया जा रहा

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**संभल।** जनपद संभल में नगर पालिकाओं द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बहजोई नगर पालिका ई ओ भूपराम सक्सेना द्वारा बहजोई नेशनल हाईवे मुरादाबाद से अलीगढ़ डीएम कार्यालय के सामने बहजोई से लेकर मेन चौराहे तक अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर हटाया गया जिसमें कुछ दुकान ऐसी हैं जो चिन्हित कर छोड़ दी गई है और काई दुकानों पर चलाया गया बुलडोजर इसको लेकर कुछ दुकानदारों ने ई ओ से नाराजगी जताई कहा की अतिक्रमण हटाओ की कार्रवाई पक्षपात करके ना चलाएं और जनपद संभल के बहजोई में बुलडोजर चलने से दुकानदारों में अफरा तफरी मची हुई है वहीं दूसरी ओर नगर पालिका ई ओ भूपराम सक्सेना द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान से लोगो में तरह तरह की बाते हो रही है लेकिन नगर पालिका के सफाई कर्मचारी अतिक्रमण के समान को लेकर ट्रैक्टर में लोड कर रहे हैं और समान स्वामी अपनी तरफ खींच रहे हैं इसी को लेकर काफी कहा सुनी भी हुई।

## कालेज प्रबंधन पर उत्पीडन का आरोप लगा छात्रों ने किया हंगामा प्रदर्शन, लगाया जाम

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**शामली।** शहर के आरके डिग्री कालेज के छात्रों ने कालेज प्रशासन पर उत्पीडन व अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कालेज गेट पर जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। उत्तेजित छात्रों ने कालेज के बाहर सडक पर जाम भी लगा दिया जिससे वाहनों की लाइन लग गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा छात्रों को समझा बुझाकर शांत किया जिसके बाद छात्रों ने जाम खोला।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को शहर के आरके डिग्री कालेज के छात्रों ने कालेज प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कालेज गेट पर हंगामा प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्रों ने आरोप लगाए कि कालेज के कुछ शिक्षक एडमिशन के नाम पर दस हजार रुपये की अवैध वसूली कर रहे हैं वहीं कालेज प्रबंधन भी छात्रों का लगातार उत्पीडन कर रहा है, यदि छात्र विरोध करते हैं तो उन्हें निष्कासित करने की धमकियां दी जाती है। छात्रों का कहना था कि कालेज में लगे कैमरे भी खराब पडे हैं, जिससे कालेज में चोरियों की वारदात भी बढ रही है। छात्रों ने कई बार कालेज के प्रधानाचार्य को मामले से अवगत कराया लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उत्तेजित छात्रों ने कालेज के सामने सडक पर जाम लगा दिया तथा कालेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जाम के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा जाम लगा रहे छात्रों को किसी तरह समझा बुझाकर शांत किया जिसके बाद छात्रों ने जाम खोल दिया। छात्रों ने कालेज में चल रही अवैध वसूली, उत्पीडन पर तुरंत रोक लगाने, कालेज में कैमरे ठीक कराए जाने की भी मांग की। इस मौके पर मनीष कालखंडे, गर्वित बालियान, केशव मलिक, उदित, लक्ष्य, जोंटी, नीशू, विशाल, वैभव सहित बडी संख्या में छात्र शामिल रहे।

## कक्षा 1 से 12 तक के स्कूल, कालेज अग्रिम आदेशों तक बंद करने के निर्देश

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**शामली।** शामली जनपद व आसपास के क्षेत्रों में बढ रहे प्रदूषण को देखते हुए डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने कक्षा 1 से 12 तक के सभी स्कूलों को अग्रिम आदेशों तक बंद रखने के निर्देश जारी किए हैं। डीएम ने कहा कि यदि स्कूल चाहें तो वे ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन कर सकते हैं। इन दिनों राजधानी दिल्ली एवं एनसीआर में वायु प्रदूषण का प्रकोप बना हुआ है। शामली जनपद भी एनसीआर क्षेत्र में आता है, शामली जिले में भी इन दिनों प्रदूषण का असर लगातार बढता जा रहा है जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड रहा है वहीं छात्र-छात्राओं को भी सुबह के समय वायु प्रदूषण में ही स्कूल, कालेज जाना पड रहा है। मंगलवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों व शामली तथा आसपास के क्षेत्र में बढते वायु प्रदूषण व छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा 1 से 12 तक की सभी शिक्षण संस्थाओं को अग्रिम आदेशों तक बंद रखने के दिशा निर्देश जारी किए हैं। डीएम ने कहा कि यदि स्कूल चाहें तो वे इस अवधि में कक्षाओं का ऑनलाइन संचालन कर सकते हैं। शिक्षण संस्थाओं के सभी प्रधानाचार्य, शिक्षक व अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी शैक्षणिक संस्थाओं की स्थानीय आवश्यकताओं व ऑनलाइन कक्षा संचालन के हित में अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे।

## मुख्य समाचार

### मदिरा की दुकानों का किया निरीक्षण



**हाथरस।** ज़िलाधिकारी महोदय के कुशल नेतृत्व में थाना चन्दपा अंतर्गत विभिन्न संदिग्ध अड्डों पर आबकारी टीम द्वारा दबिश दी गयी। इस दौरान श्री कृष्ण मोहन,जिला आबकारी अधिकारी तथा क्षितिज कुमार, आबकारी निरीक्षक हाथरस सदर द्वारा थाना चन्दपा क्षेत्र की विभिन्न मदिरा की दुकानों का भी औचक निरीक्षण किया गया और अनुज्ञापियों को राजस्व हित में अधिक से अधिक उठान तथा ब्रांड्स की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए शत-प्रतिशत क्क्रस्-मशीन के माध्यम से बिक्री करने के निर्देश दिए गए।

### बीडीओ ने सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**अमेठी।** जनपद अमेठी के तहसील व विकास खण्ड मुसाफिरखाना में विश्व शौचालय दिवस पर स्थानीय विकासखंड के सभागार में सामुदायिक शौचालय के केयरटेकर और सफाई कर्मियों को खण्ड विकास अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर स्थानीय विकासखंड के सभागार में खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सामुदायिक शौचालय के केयरटेकर और सफाई कर्मियों की बैठक आयोजित हुई जिसमें खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार सिंह व एडीओ पंचायत साधूसरन द्वारा अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्ण निर्वहन करने वाले कुशल सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने संबंधित कर्मियों को स्वच्छता और साफ सफाई को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी चंद्र सिंह ततवाल, अनीषा पटेल, नीलम गुप्ता, संजय वर्मा, ओम जी सिंह, लालजी खंड प्रेरक मो ताबिश, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, राम तीरथ मौर्य, शिवराज, अजय यादव सहित अन्य विकास कर्मी मौजूद रहे।

### अवैध असलहे के साथ युवक कर रहा स्टंट



**अमेठी।** जनपद अमेठी में युवाओं का खतरों से खेलने का शौक बढ़ता जा रहा है। अभी बीते समय में इसी प्रकार के कुछ मामले प्रकाश में आए थे जिस मे कुछ पर पुलिस की कार्यवाही भी हुई थी । इसी प्रकार का एक मामला फिर प्रकाश में आ रहा है, एक युवक अमेठी के दुर्गापुर रोड बाईपास पर हाथ में असलहा लहराता हुआ वीडियो बना रहा है पास में एक कार खड़ी हुई है जिस पर क्क32 स्ह्ट 1347 नंबर लिखा हुआ है इस युवक का वीडियो तनुज वर्मा नाम की आईडी से सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

### विवाहिता ने ससुराली जनों पर लगाया दहेज मांगने का आरोप



**अमेठी ।** जनपद रायबरेली के महराजगंज थाना अंतर्गत पूरे कुम्हारन मजरे कुसमहुरा गांव निवासी राम सजीवन ने अपनी पुत्री पिंकी की शादी दो वर्ष पहले तहसील तिलोई के सिंह पुर ब्लॉक के फूला गांव निवासी शिव लखन के पुत्र मंजीत के साथ की थी। विवाहिता पिंकी ने बताया कि शादी के बाद कुछ समय तक सब ठीक था। बाद में पति मंजीत, ससुर शिव लखन , सास राजरानी और ननद नीतू शादी में कम दहेज मिलने के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करते हैं।आरोप है कि ससुराल जन दहेज की मांग करते हुए गाली गलौज और मारपीट करते हैं। पीड़िता ने बताया कि उसके पति और ससुर दहेज में दो लाख 25 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। बताते चलें इससे पहले भी पीड़िता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# सुदृढ लॉजिस्टिक्स रेग्युलेटरी इकोसिस्टम की जरूरत, तैयार करें स्टेट लॉजिस्टिक्स प्लान : मुख्यमंत्री

**ट्रकों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थलों की कमी है, ट्रक ड्राइवरों के विश्राम सुविधाओं को भी बढ़ाने की है जरूरत :मुख्यमंत्री**

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए सुदृढ़ नीतिगत ढांचा तैयार करने की आवश्यकता बताई है। उन्होंने कहा है कि राज्य में अंतिम मील तक सुगम डिलीवरी के लिए परिवहन अवस्थापना तथा यातायात योजना बनाया जाना चाहिए। एक ऐसी योजना हो जो राज्य में वेयरहासिंग एवं अन्य टर्मिनल अवस्थापना को समर्थन प्रदान करे, साथ ही, एक सुरक्षित एवं सुदृढ लॉजिस्टिक्स रेग्युलेटरी इकोसिस्टम का निर्माण करने वाली हो। ऐसे में प्रदेश का एकीकृत स्टेट लॉजिस्टिक्स प्लान तैयार किया जाए।

मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सतत नियोजित प्रयासों का ही परिणाम है कि भारत सरकार की लीड्स रैंकिंग में उत्तर प्रदेश 13वें रैंक से ऊपर उठकर आज अचीवर स्टेट के रूप में उभरा है। इन प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए लॉजिस्टिक्स उद्योग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निवेश आकर्षित किया जाए, राज्य में वेयरहाउसिंग सुविधाओं की स्थापना के लिए सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित किया जाए। आवश्यकता है कि इस सेक्टर के प्रभावी प्रशासन के लिए संस्थागत तंत्र बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कृषि उपज और उत्पादों के लिए आर्थिक केंद्रों और एकत्रीकरण बिंदुओं की पहचान करने और संबंधित लॉजिस्टिक्स संबंधी चुनौतियों का समाधान करने, सड़क, वायु, जल और रेल नेटवर्क के सामंजस्य को बढ़ावा देकर ट्रैफिक लिंकेज बढ़ाने, राज्य में भंडारण क्षमता बढाने के लिए नियोजित प्रयास आवश्यक है। स्टेट लॉजिस्टिक प्लान को तैयार करते समय हमें यह ध्यान देना होगा कि चोरी/आगजनी/दंगों आदि के कारण माल को कम से कम हानि हो। सड़क पर माल की आवाजाही के न्यूनतम निरीक्षण व न्यूनतम रुकावटों के लिए इकोसिस्टम को बढ़ावा दिया जा सके।

उन्होंने कार्गो की सुरक्षित आवाजाही और ट्रैकिंग सुनिश्चित करने के लिए टेक्नोलॉजी अपनाने पर बल दिया साथ ही कहा कि राज्य में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र से संबंधित कौशल विकास/प्रशिक्षण सुविधाओं में वृद्धि भी की जाए। आवश्यक प्रशिक्षित ड्राइवरों की मांग-आपूर्ति के अंतर को दूर करने की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने उद्योग से संबंधित कौशल प्रदान करने के लिए पाठ्यक्रमों को कस्टमाइज़ करने के निर्देश भी दिए।

प्रस्तावित स्टेट लॉजिस्टिक्स प्लान पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में ट्रकों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थलों की कमी है, जिससे ट्रैफिक जाम होता है। भारी ट्रैफिक, अतिक्रमण और निर्माण के कारण जाम की स्थिति बनती है। वहीं, नो-एंट्री जोन और रेलवे क्रॉसिंग पर अपर्याप्त पुल जैसी बाधाएँ, जिससे माल की आवाजाही प्रभावित होती है। यही नहीं, लंबी दूरी की यात्रा करने वाले ड्राइवरों के लिए विश्राम करने और पार्किंग क्षेत्र जैसी पर्याप्त सुविधाओं का अभाव का अनुभव किया गया है।

## पी. डब्ल्यू. डी. के ठेकेदारों का टेंडर बहिष्कार निरन्तर जारी

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**हाथरस।** लोक निर्माण विभाग, में ठेकदार बन्धुओं की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें पी. डब्लू. डी. हाथरस के ठेकेदार एसोसिएशन के संयोजक राम कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया ।जिसमे हाथरस के समस्त ठेकेदारों के द्वारा पाँच साल के अनुरक्षण लगाये जाने वाली निविदाओं के विरोध मे व 6 गुना रोयल्टी कटौती के सम्बन्ध व जी. एस. टी. के डिफरेंस के भुगतान एवं डिपोजिट में काटी गई धनराशि के भुगतान सहित कई अन्य समस्याओं पर विचार किया गया। ठेकेदारो के विचारों पर सहमति जताते हुए ठेकेदार एसोशिएशन हाथरस के जिलाध्यक्ष अनिल राजपूत व मंडलाध्यक्ष किशन सारस्वत उपाध्यक्ष चन्द्रभान शर्मा एवं राज कुमार पोनियां, कोषाध्यक्ष सुरेश चन्द्र शर्मा, महामंत्री राजेश सारस्वत, महासचिव चिन्तन पाठक सहित जनपद के सभी ठेकेदारों के द्वारा निविदाओं के बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया गया ठेकेदारों का कहना है कि जब तक सभी मांगे नहीं मानी जायेगी। तब तक टैंडरो का बहिष्कार जारी रहेगा और कोई भी ठेकेदार टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं लेगा। मीटिंग में जनपद के पूर्व जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह ठेनुआ, अमित अग्रवाल,मनीष अग्रवाल सुरेन्द्र शर्मा , सत्यपाल सिंह , वरुण दीक्षित ,हेमंत शर्मा , विमल चौधरी , राम कुमार वर्मा, जयप्रकाश चौधरी, जितेन्द्र पराशर, रवि सारश्वत , विनय प्रताप सिंह , विपिन श्रोति ,अजीत सिंह ,आदि ठेकेदार उपस्थित रहे।

## वीरांगना दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों में तैनात महिला कर्मचारियों के उत्कृष्ठ कार्य हेतु प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**हाथरस।** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस- 0.5 के अंतर्गत वीरांगना दिवस के मौके पर महिला कल्याण विभाग द्वारा पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने फीता काटकर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जिलाधिकारी को बुके भेंट कर स्वागत किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई के पावन जन्म दिवस को हम सभी लोग वीरंगना दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने सभी लोगों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी साथ ही उन्होंने भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर जिला प्रोबेशन अधिकारी को भी बधाई दी। उन्होंने इतने सुंदर कार्यक्रम के माध्यम से इस दिवस को मनाने की रूपरेखा तैयार की और जो मैने प्रस्तुति देखी है। कार्यक्रम के दौरान छात्रा द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुति पर छात्रा तथा उनके अध्यापकों को हार्दिक रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि बहुत ही सुंदर प्रस्तुति थी। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से आप लोगों ने जो मेहनत की है उसका सबसे बड़ा प्रमाण यहां पर छात्र/छात्राओं द्वारा दी गई प्रस्तुति पर दिखाई दी है ।जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों में तैनात महिला कर्मचारियों के उत्कृष्ठ कार्य पर प्रभारी निरीक्षक विपिन चौधरी, हैड कांस्टेबल बबली, प्रीति, कांस्टेबल विजय लक्ष्मी, हेमा, रूचि, सहायक अध्यापिका श्रीमती विमलेश, श्रीमती भगवती, आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती रेनू रावत, श्रीमती हेमलता, श्रीमती प्रेमलता, एएनएम श्रीमती रेखा सेंगर, आशा श्रीमती रेखारानी, श्रीमती मंजूलता, श्रीमती कृष्णा कुमारी तथा ग्राम प्रधान बरामई सादाबाद श्रीमती शशि मुकेश चौधरी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ।कार्यक्रम का संचालन जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया ।इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संत प्रकाश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सरिता सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सीमा मौर्या, जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरेंद्र उपाध्याय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी स्मृति गौतम, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य नवेद अहमद, सुरभि मित्तल बंदना खोस्टा एवं शिक्षक/शिक्षकाए, महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी विमल कुमार शर्मा विधि सह परिवीक्षा अधिकारी दीपक कुमार प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर चाइल्ड लाइन मोहम्मद शईद, प्रतिष्ठा शर्मा ,फारिहा नोशी ,शिव प्रसाद,बंटी कुशवाह, कैलाश चंद, मोहित कुमार, विभिन्न विभागों में तैनात महिला कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## दुग्ध उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अमेठी।** देश में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है, प्रदेश सरकार पशुधन के सर्वागीण विकास हेतु कृषकों के हित में अनेकों लाभकारी योजनायें संचालित की है तथा उनमें गति प्रदान करने के लिये नये अभिनव प्रयोगों से प्रदेश में नयी योजनाओं के माध्यम से उन्हें लागू किया जा रहा है। पशु स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण, पशुधन बीमा के साथ-साथ नवीन पशु चिकित्सालयों का निर्माण तथा वृहद गौ-संरक्षण केन्द्रों की स्थापना के साथ-साथ अस्थायी गो-आश्रय स्थल स्थापित किये जा रहे है। नस्ल सुधार हेतु सेक्स सार्टेड सीमेन के उपयोग से गोवंशीय पशुओं में मात्र बछिया उत्पादन हेतु व्यापक कार्यक्रम चलाये जा रहे है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल निर्देशन में प्रदेश में मुख्य मंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत तथा पोषण मिशन में इच्छुक कृषक/पशुपालकों को निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों से गोवंश (अधिकतम 4 गोवंश प्रति लाभार्थी पशुपालक) सुपुर्दगी में दिये जा रहे हैं।

प्रदेश में वर्ष 2022-23 में 362.414 लाख मी0टन दुग्ध उत्पादन कर देश में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है, वर्ष 2023-24 में 412.32 लाख मी0टन उत्पादन किया गया है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन के अतिरिक्त अण्डा उत्पादन में भी तेजी आई है। वर्ष 2022-23 में 4558.548 लाख अण्डों का उत्पादन किया गया है। वर्ष 2023-24 में 5389.90 लाख (अंनतिम) अण्डा उत्पादन किया गया है। वर्ष 2022-23 में 1191.760 हजार टन मांस का उत्पादन किया गया है। वर्ष 2023-24 में 1347 हजार मी0टन मांस उत्पादन किया गया है। इन उत्पादों से कृषकों/पशुपालकों, अण्डा उत्पादकों एवं मांस के कारोबारियों को आर्थिक लाभ हो रहा है साथ ही आमजन को पौष्टिक आहार भी मिल रहा है।

## सड़क हादसे में साइकिल मिस्त्री की मौत

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अमेठी।** बीती रात दुकान बंद कर घर जा रहे साइकिल मिस्त्री मोहम्मद नसीम की मोटरसाइकिल से आमने-सामने की टक्कर हो जाने से मौत हो गई। मोहम्मद नसीम उम्र 65 वर्ष पुत्र जब्बार थाना कोतवाली क्षेत्र अमेठी के जूनियर हाई स्कूल मार्केट में साइकिल की दुकान चलाता था, बीती रात सोमवार को रात 9:00 बजे दुकान बंद कर साइकिल से घर जा रहा था, बाईपास पर पहुंचने पर सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से नसीम की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें नसीम बुरी तरह से घायल हो गया लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी भेजा जहां से गंभीर हालत में डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया, लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही नसीम की मौत हो गई। मृतक नसीम के पुत्र की तहरीर पर कोतवाल अमेठी ने मृतक नसीम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई आयोजित

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अमेठी।** आज जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी, प्राचार्य डायट, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त जिला समन्वयक, पैक्सफेड प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कायाकल्प के 19 पैरामीटर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में निर्माण की प्रगति, निपुण असेसमेंट टेस्ट, नेशनल अचीवमेंट सर्वे, मध्याह्न भोजन योजना एवं आर टी ई, डी बी टी, आधार नामांकन आदि की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गये। निपुण असेसमेंट टेस्ट में जनपद के बेहतर प्रदर्शन के लिए बेहतर रणनीति के साथ कार्य किए जाने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए गए। एनबीएमसी पोर्टल से प्राप्त डाटा की समीक्षा की गई साथ ही निर्देशित किया गया कि संघर्षशील विद्यालयों की निरंतर समीक्षा की जाए एवं उनको मध्यम और सक्षम विद्यालयों की श्रेणियां लाया जाए। आरटीई के अंतर्गत अलाभित समूह की शत प्रतिशत सीटों पर प्रवेश कराए जाने, अवशेष जर्जर भवनों की नीलामी शीघ्र कराए जाने, पैक्सफेड संस्था के प्रतिनिधि को शेष निर्माण कार्य शीघ्र कराए जाने, मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत फल हेतु धनराशि ससमय विद्यालयों को प्रेषित करने, आधार मशीनों के शत प्रतिशत संचालन कराए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी का मनाया गया जन्मदिन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अमेठी।** जनपद अमेठी के तहसील मुसाफिरखाना के निजामुद्दीन पुर चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य संजय गुप्ता की अध्यक्षता में जन्मदिन मनाया गया कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की जयंती पर दूर संचार सलाहकार समिति के सदस्य संजय गुप्ता ने कहा कि इंदिरा गांधी की कार्यशैली चरित्र व निर्णय की क्षमता ने ही उन्हें आयरन लेडी के खिताब से नवाजा गया, कांग्रेस कार्यकर्ताओं का यह कर्तव्य है कि खुद को इंदिरा गांधी के दिखाएं रास्ते के अनुकूल ढाले और उसी रास्ते पर चलकर देश को मजबूत बनाने में सहयोग करें इस अवसर पर पी एन कनौजिया, रिपन राय, धर्मेंद्र यादव, राणा प्रताप यादव विजय निषाद, डॉ रिजवान, अनिल चौरसिया सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आज सात घंटा बिजली रहेगी बंद

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**हाथरस।** विद्युत उपखंड अधिकारी कार्यालय विद्युत वितरण उपखंड द्वितीय सासनी दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड हाथरस विद्युत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, सासनी प्रथम से निर्गत फीडर सासनी प्रथम से निर्गत फीडर विजयगढ़ रोड़, साउथ ईस्ट ग्रामीण एवं साउथ ईस्ट पी0टी0डब्लू0 पर दिनांक बीस नवंबर को समय दस बजे से चार बजे तक आर0डी0एस0एस0 योजना एवं बिजनिस प्लान 2024-25 में केबिल बदलना, परिवर्तकों की साफ सफाई करना एवं 11 के0वी0 / एल0टी0 जर्जर तारों की सही करने का कार्य किया जायेगा ।इस दौरान कोई भी विद्युत सम्बन्धी कोई कार्य स्वयं न करें परीक्षण हेतु विद्युत कभी भी आ जा सकती है। उक्त कार्यों की बावत सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, सासनी प्रथम पर विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

## जिला स्तरीय जूनियर फुटबाल बालक व हॉकी बालिका प्रतियोगिता अम्बेडकर स्टेडियम में की गयी आयोजित

पब्लिक एशिया ब्यूरो





**अमेठी।** जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024-25 में आयोजित होने वाली पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर जनपद में आज डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर फुटबाल बालक वर्ग व हॉकी बालिका वर्ग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। उन्होंने बताया कि इस दौरान मुख्य अतिथि रिजवान खान व विशिष्ट अतिथि समाजसेवा अमेठी सोनू सिंह द्वारा उक्त खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया जिसमें अतिथि के रूप में ऑर्डिनेंस फैक्टरी कोरवा विजय कुमार व पूर्व हॉकी खिलाड़ी सैफई मो0 जसिम उपस्थित रहे। इस क्रम में उन्होंने बताया कि फुटबाल बालक व हॉकी बालिका वर्ग प्रतियोगिता दो टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें फुटबाल बालक वर्ग (टीम-ए तथा टीम-बी) में राजगौरव पब्लिक स्कूल ने 3-1 से डी0पी0एस0 पब्लिक स्कूल, गांधी इण्टर कालेज लक्षनशाह कोरारी ने 2-1 से मार्डर्न पब्लिक स्कूल, राजकीय इण्टर कालेज टीकरमाफी ने 4-2 से पहले सेमीफाइनल में राजगौरव पब्लिक स्कूल, स्टेडियम ट्रेनीज ने दूसरे सेमीफाइनल में 3-2 से गांधी इण्टर कालेज लक्षनशाह कोरारी को हराया व स्टेडियम ट्रेनीज ने 2-0 से फाइनल मुकाबले में राजकीय इण्टर कालेज टीकरमाफी को हराकार विजेता रही तथा हॉकी बालिका वर्ग (टीम-ए व टीम-बी) में देवीपाटन इण्टर कालेज ने 2-1 से आर0आर0पी0जी0 कालेज, मार्डन पब्लिक स्कूल ने 3-1 से राजकीय हाईस्कूल, स्टेडियम ट्रेनीज ने 3-1 से पहले सेमीफाइनल में देवीपाटन इण्टर कालेज, प्राथमिक विद्यालय रामगंज ने दूसरे सेमीफाइनल में 2-0 से मार्डन पब्लिक स्कूल को हराया व स्टेडियम ट्रेनीज ने 4-1 से फाइनल मुकाबले में प्राथमिक विद्यालय रामगंज को हराकर विजेता रही। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, मो0 मोसर्रफ खॉ, जीवन रक्षक राम आसरे, मो0 आरिफ, कु0 लवली तिवारी, मोना सिन्हा, प्रशिक्षक अमेठी सहित अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## दत्तक ग्रहण जागरूकता माह-2024 के तहत लखनऊ में आयोजित होगा राज्य स्तरीय

**हर साल नवंबर माह को 'राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता माह' के रूप में मनाया जाता है**

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**लखनऊ।** दत्तक ग्रहण जागरूकता माह-2024 के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बड़े बच्चों के पुनर्वास और उन्हें नई दिशा देने के उद्देश्य से एक विशेष राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 21 नवंबर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया जाएगा। 'देखभाल और पालन-पोषण की भावना द्वारा बड़े बच्चों का पुनर्वास' विषय पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बड़े पैमाने पर लोगों को गोद लेने और फोस्टर केयर (पालन-पोषण) की कानूनी प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना है। साथ ही, समाज में इन बच्चों के पुनर्वास के लिए अपनापन और संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करना है। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा हर साल नवंबर माह को 'राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता माह' के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष, इस अभियान का विशेष आयोजन उत्तर प्रदेश के लखनऊ में किया जा रहा है।

कार्यक्रम में भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य और राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला समेत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस आयोजन में करीब 500 लोगों के प्रतिभाग करने की संभावना है।

# मंच पर जगह न मिलने पर भड़के भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल और छोटेलाल, बोले मैं पांच बार का विधायक

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** आगरा में भाजपा विधायक छोटेलाल वर्मा मंच पर कुर्सी न मिलने की वजह से भड़क गए। कार्यक्रम के बीच ही उन्होंने आयोजकों पर चिल्ला-चिल्लाकर भड़ास निकाली। कहा- 5 बार का विधायक हूं। क्या हम नीचे बैठेंगे। तीन और एक बार के विधायक को मंच पर जगह दी। ये कोई तरीका है क्या? छोटेलाल वर्मा का गुस्सा देखकर बीजेपी के ही विधायक चौधरी बाबूलाल भी नाराज हो गए। उन्हें भी मंच पर कुर्सी नहीं मिली थी। वह भी कहने लगे कि आयोजकों को व्यवस्था करने का सलीका ही नहीं है। पूरी घटना मंगलवार को पंचायत राज विभाग के कार्यक्रम की है। विभाग ने ताज होटल एंड कन्वेंशन सेंटर में पंचायत सम्मेलन आयोजित किया था। इसमें केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल मुख्य अतिथि थे। प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

**विधायक बोले- हम कार्यक्रम छोड़कर जा रहें:** विधायक छोटेलाल वर्मा और चौधरी बाबूलाल कार्यक्रम के बीच में खड़े होकर नाराजगी जाहिर करने लगे। विधायक चौधरी बाबूलाल ने कहा, बाकी विधायक नहीं है क्या? ये तरीका ठीक नहीं है। हम लोग जा रहे हैं। हम बहिष्कार कर रहे हैं। दोनों विधायक जब नाराज हो रहे थे, तभी उनके बगल में खड़े विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल उठे और दोनों को समझाने लगे। वे काफी देर तक दोनों विधायकों को शांत कराते रहे।

### पंचायत अध्यक्ष को मंच पर मिली कुर्सी

कार्यक्रम के दौरान राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया के साथ ही विधायक पक्षालिका सिंह को मंच पर जगह दी गई। विधायक छोटेलाल वर्मा, विधायक चौधरी बाबूलाल और विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल को मंच पर जगह नहीं मिली। इसी बात पर विधायक छोटेलाल वर्मा और विधायक चौधरी बाबूलाल भड़क गए।

### राजभर बोले- मंच थोड़ा छोटा पड़ गया था

प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने विधायकों के नाराज होने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा- मसला सिर्फ मंच का था। जितने लोग आमंत्रित किए गए थे, उनमें 35 से अधिक विधायक, सांसद सहित अन्य गणमान्य लोग थे। इससे मंच थोड़ा छोटा पड़ गया। ऐसे में तय किया कि मंच के सामने सोफे लगाकर विधायकों के बैठने की व्यवस्था की जाए। विधायकों को लगा महिला विधायक आईं और उन्हें मंच पर बुला लिया। भाई, आधी आबादी महिलाओं की है। 33% रिजर्वेशन है उनका, ऐसे में उन्हें सोचना चाहिए कि यदि महिला विधायक को मंच पर बुला लिया तो इसमें अपमान-सम्मान की बात कहां से आ गई।

# ताजमहल पर विदेशी पर्यटकों ने किया डांस, वीडियो वायरल



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** ताजमहल में विदेशी पर्यटकों का नृत्य करते हुए एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो प्लेटफार्म पर शूट हुआ वीडियो 23 सेकेंड का है। इसमें छह विदेशी पर्यटक नृत्य कर रही हैं।तीन पर्यटक उनसे कूछ दूरी पर खड़े हुए हैं, जिनमें से एक वीडियो शूट कर रहा है। वीडियो में आवाज सुनाई दे रही है कि रोहित इन्हें रोकियो। इस पर पर्यटकों के पास खड़ा व्यक्ति मुड़कर देखता है। वह गाइड बताया जा रहा है। वीडियो कब का है, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। अधीक्षण पुरातत्वविद राजकुमार पटेल ने बताया कि वीडियो की जांच कराई जा रही है। गाइड की भूमिका मिली तो उसके विरुद्व कार्रवाई की जाएगी।

# श्री कृष्णा जन कल्याण समिति ने किया दिव्यांग सहायता शिविर में सेवा कार्य

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**आगरा।** श्री कृष्णा जन कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर द्वारा आयोजित दिव्यांग सहायता शिविर में सेवा कार्य किया। शिविर का शुभारंभ बालाजी धाम के महंत अरविंद महाराज ने किया। संस्था अध्यक्ष अरुण शर्मा बताते है नारायण सेवा संस्थान बहुत ही पुण्य न काम कर रहा है। शिविर के माध्यम से 730 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया जिसने से 209 दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ व पांव, 205 की कैलिपर्स के लिए नाप ली गई। व ऑपरेशन के किए 120 दिव्यांगों को चुन किया गया। संस्था उपाध्यक्ष पंकज शर्मा ने बताया हैं हमे बड़ी खुशी है कि हम इस पुण्य के कार्य में भागीदार हो सके। जिसके लिए श्री कृष्णा जन कल्याण समिति के सभी सदस्य नारायण सेवा संस्थान के आभारी हैं। इस दौरान संस्था सदस्य कृष्णा शर्मा, सोबरन शर्मा, सीमा सिंह, संगीता शर्मा, शोभित शर्मा, विख्यात शर्मा, निशी शर्मा, शक्षम भारद्वाज, शुभी भारद्वाज आदि सदस्यों ने दिव्यांगों के पंजीकरण से लेकर जांच करवाने तक में भरपूर मदद की। कार्यक्रम के समापन में नारायण सेवा संस्थान के ट्रस्टी देवेंद्र चौबीस और निदेशक वंदना अग्रवाल के द्वारा श्री कृष्णा जन कल्याण समिति के सदस्यों को पटिका पहनाकर व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। पंकज शर्मा ने बताया है। आगरा के अन्य सामाजिक सदस्यों नगर निगम, संवेदना टीम, रॉबिन हुड आर्मी, एक पहल आदि संस्था के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



# एसीपी हेमंत कुमार को अचानक थाने में देख हडबड़ा गए पुलिसकर्मी

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** आगरा पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी हेमंत कुमार अचानक थाना कमला नगर पहुंच गए। उन्हें देखकर थाने में पुलिस कर्मियों में हड़बड़ी मच गई। उन्होंने थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों की उनकी ड्यूटी के बारे में जानकारी। कार्यालय में रखे अभिलेखों को खंगालने लग गए। इसके अलावा उन्होंने थाने में आने वाले फरियादियों से भी बातचीत की। लंबित विवेचनाओं के बारे में प्रगति रिपोर्ट पूछी। इसके अलावा थाने में चले रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जानकारी ली। एसीपी हेमंत कुमार ने थाना परिसर का भ्रमण किया। इसके अलावा साइबर एवं महिला हेल्पडेस्क बैरिक आदि को चेक किया। एसीपी ने थानाध्यक्ष को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि फरियादियों के काम पेंडिंग नहीं रहने चाहिए।

# जरूरतमंद बच्चों को बांटे कपड़े



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** एक पहल बी. आर. मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हाल ही में 500 गरीब एवं उपेक्षित बच्चों को कपड़े (टी-शर्ट, पैंट, कुर्ता-पायजामा आदि) वितरित किए गए। यह कार्यक्रम समाज के वंचित वर्ग की सहायता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।संस्था पिछले कई वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, और जरूरतमंदों की सहायता जैसे विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रही है। हमारा उद्देश्य न केवल जरूरतमंदों की सहायता करना है, बल्कि समाज के अन्य वर्गों को भी प्रेरित करना है कि वे इस दिशा में सहयोग करें। इस पहल को व्यापक जनसमर्थन और जागरूकता के लिए आपके प्रतिष्ठित समाचार पत्र में स्थान मिलने से इस कार्य को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इस अभियान में मनीष राय, ईभा गर्ग, अंकित खंडेलवाल, बरखा राय, मानस राय वि अश्लेष मित्तल का सहयोग सराहनीय रहा।

### मथुरा बीएसए को जान का खतरा:

# एसएसपी को लेटर लिखकर कार्रवाई की मांग की

**मथुरा (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** मथुरा एसएसपी को चिट्ठी लिखकर बीएसए ने जान का खतरा जताया है। सोशल मीडिया अकाउंट पर चल रहे कमेंट केस में बीएसए सुनील दत्त ने एसएसपी को लेटर देकर सस्पेंड चल रहे टीचर पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने सस्पेंड टीचर से अपनी जान का खतरा बताया है। कार्रवाई की मांग की है। उधर, सस्पेंड टीचर ने भी कहा है कि उन्हें बीएसए से जान का खतरा है। लेटर में बीएसए ने कहा है कि आलोक द्वारा फेसबुक और वॉट्सऐप पर शिक्षकों को भ्रमित करने के साथ ही विभाग और उनकी छवि को धूमिल किया जा रहा है। ऐसा लग रहा कि वे कर्मचारियों, जिला समन्वयकों और बीईओ के अंदर अपना भय कायम करना चाहते हैं। बीएसए की सोशल मीडिया पोस्ट पर एक टीचर प्रमोद वर्मा ने कमेंट किया- निपटा देव..... भाईसाहब।

● **टीचर का कमेंट- निपटा देव...भाईसाहब**

### डीएम आफिस

# दीपक तले अधेरा वाली कहावत हो रही सच

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** केंद्र और राज्य सरकार भले ही स्वच्छ भारत मिशन को लेकर काफी गंभीर है वही जिला अधिकारी कार्यालय के संयुक्त कार्यालय मे भरपूर गंदगी देखी जा रही है आलम यह है कि कलेक्ट्रेट आने वाले भी इस कार्यालय का भर पूर मजाक उडा रहे है और कहते नजर आ रहे है कि दीपक तले अधेरा वाली कहावत सच हो रही है।

### नाजिर आफिस के सामने गंदगी

मजेदार बात तो यह है कि जहा गंदगी है उससे मात्र एक मीटर की दूरी पर नाजिर दुलीचंद शर्मा का आफिस और मात्र 20 मीटर की दूरी पर प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार जैन का आफिस है उसके बाद भी गंदगी का आलम है।

### नही उठाया फोन

नाजिर दुलीचंद का फोन जहा लगा नही वही प्रशासनिक अधिकारी ने फोन नही उठाया। जिससे इनका पक्ष नही लिया जा सका।

# 'सूबेदार' की शूटिंग हुई शुरू, एक्शन अवतार में दिखे अनिल कपूर

**आगरा (पब्लिक एशिया ब्यूरो)।** फिल्म सूबेदार की शूटिंग शुरू हो चुकी है। पहले दिन जयपुर हाउस में फिल्म के कई सीन शूट किए गए। इस दौरान जब अभिनेता अनिल कपूर की एंट्री हुई तो लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। पुलिस ने व्यवस्थाओं को संभाला। वहीं यातायात को सुचारू रखने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए। पहले दिन हुई शूटिंग में अनिल कपूर काले रंग की डिफेंडर कार में बैठते हुए नजर आए। बताया गया है कि जयपुर हाउस में तीन दिन तक शूटिंग होगी। इसके लिए यातयात व्यवस्था भी की गई है। लोगों की भीड़ अधिक न हो इसके लिए पुलिस ने इंतजाम किए हैं। शूटिंग के लिए ज्वाला टाकीज के पास खाली मैदान में गांव का सेटअप लगाया गया है।

### फिल्म की कहानी

पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'एड्रेनालाईन से भरपूर एक्शन ड्रामा में सूबेदार अर्जुन सिंह नागरिक जीवन से जूझते हैं। अपनी बेटी के साथ तनावपूर्ण रिश्ते और सामाजिक शिथिलता से जूझते हैं। जो आदमी कभी देश के लिए लड़ता था, उसे अब अपने घर और परिवार की रक्षा के लिए भीतर के दुश्मनों से लड़ना होगा। इसके साथ ही फिल्म के निमार्ताओं के बारे में जानकारी दी गई है। वहीं, कलाकारों के बारे में जानकारी को गुप्त रखा गया है।

# ईरान के पर्यटक का छूटा मोबाइल ताज सुरक्षा पुलिस की सहायता से खोज कर वापस लौटाया



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** ईरान से ताजमहल देखने आए तोरी नाम के पर्यटक का आई फोन मोबाइल पश्चिमी गेट पर आने वाली गोल्फ कार्ट में छूट गया था। गोल्फ कार्ट के ड्राइवर राधे तोमर द्वारा ईमानदारी का परिचय देते हुए इसकी सूचना थाना ताज सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक तिलक राम भाटी को दी गई। उन्होंने तत्काल गोल्फ ड्राइवर की सूचना के अनुसार मोबाइल को कब्जे में लेकर पर्यटक की खोज की और कुछ ही समय में पर्यटक को खोजकर उसका गोल्फ कार्ट में छूटा हुआ कीमती मोबाइल वापस किया। पर्यटक अपना मोबाइल पाकर बहुत खुश हुआ और आगरा पुलिस की सहायता के लिए प्रशंसा की। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तिलक राम भाटी मुख्य आरक्षी नरेंद्र सिंह आरक्षी अनुज सिंह पौनिया सम्मिलित हैं ।गोल्फ कार्ट के ड्राइवर राधे तोमर का सहयोग भी काफी सराहनीय रहा।

# राजकीय संप्रेक्षण गृह में आखिर कैसे बनाए गए वीडियो, दो कर्मचारियों के निलंबन की संस्तुति

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** राजकीय संप्रेक्षण गृह में बाल अपचारियों के वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने के मामले में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जांच की। इसमें केयरटेकर प्रताप भान और क्राफ्ट प्रशिक्षक जगदंबा गौतम को दोषी पाया गया है। दोनों के निलंबन की संस्तुति की गई है। पर्यवेक्षक और गेट पर तैनात होमगार्ड की भूमिका की जांच जारी है।

### इंस्टाग्राम पर वायरल हुए वीडियो

राजकीय संप्रेक्षण गृह में निरुद्ध बाल अपचारियों के कई वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हुए थे। मामले में सीडीओ प्रतिभा सिंह ने डीपीओ को जांच के आदेश किए थे। सोमवार को डीपीओ ने बाल अपचारियों के बयान लिए। इसमें पता चला कि वीडियो एक महीने पुराने हैं। बाल अपचारियों से मिलने परिजन आए थे। इस दौरान आए एक मैकेनिक से मोबाइल लेकर वीडियो बनाए गए। यह भी पता चला कि अपचारियों से न्यायालय पेशी पर जाते समय और गृह पर मुलाकात के लिए आने वाले परिजन की गेट पर ठीक से चेकिंग नहीं हो रही है।

### इनकी भूमिका संदिग्ध

परिजन जो खाद्य सामग्री लेकर आते हैं, उसे बिना जांच के अंदर भेज दिया जाता है। होमगार्ड और केयरटेकर की भूमिका संदिग्ध है। अभी अन्य कर्मचारियों की भी जांच हो रही है। उन पर भी कार्रवाई हो सकती है। पूर्व में भी मोबाइल के प्रयोग की शिकायत की गई थी। इस पर पर्यवेक्षक को हटाया गया था।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संपन्न

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**फतेहबाद।** आगरा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय फतेहाबाद आगरा में मंगलवार को निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडी। फतेहाबाद अनिल कुमार सिंह जी थे। छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवा मतदाता इस देश का निमार्ता हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तहसीलदार फतेहाबाद आशीष त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने मत की शक्ति पहचाननी होगी। हमारा एक वोट देश की दशा और दिशा बदल सकता है। स्वीप कोऑर्डिनेटर संजय शर्मा ने छात्र-छात्राओं को फॉर्म 06, फॉर्म 07 और फॉर्म 08 के बारे में विस्तार से बताया। डॉ॰ राजधारी यादव ने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ॰ वन्दना शर्मा ने छात्र/छात्राओं से मतदान प्रतिशत बढ़ाने का आह्वान किया। बी॰ए॰- प्रथम सेमेस्टर के छात्र अवधेश ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर डॉ॰सविता गौतम ने कहा कि छात्र,छात्राओं को न केवल अपने मताधिकार के प्रति जागरूक होना है अपितु लोगों को भी इसके लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम का संचालन मतदाता साक्षरता क्लब प्रभारी नवीन कुमार ने किया। डॉ॰ धनबंती चंचल, डॉ॰ ब्रिजेंद्र कुमार, डॉ॰ सुखेश कुमार, डॉ॰ आशुतोष कुमार सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी व छात्र, उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय एकीकरण दिवस के अवसर पर एनएसएस कैंप का आयोजन

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**आगरा।** बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाईयों द्वारा मंगलवार को प्रथम एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का विषय राष्ट्रीय एकीकरण था। कैंप का शुभारंभ करने से शुभारंभ सरस्वती जी के चित्र माल्यार्पण की गई। स्वयंसेविकाओं ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. पूनम सिंह ने स्वयंसेविकाओ का उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट वक्ता प्रो. नसरीन बेगम ने राष्ट्रीय एकीकरण के महत्व को बताते हुए स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान देने वाले महान व्यक्तित्व जैसे मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरु, भगत सिंह, एपीजे अब्दुल कलाम, इंदिरा गांधी इत्यादि के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि प्रो. पूनम रानी गुप्ता ने पारिवारिक एकता से लेकर राष्ट्रीय एकता की बात कहते हुए छात्राओं को जागरुक किया। प्रो. गुंजन चतुवेर्दी ने एनएसएस के लक्ष्य को लेकर जानकारी दीं। स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रोग्राम अधिकारी नेहा के निर्देशन में विविधता में एकता नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस स्वयंसेविका ऐश्वर्या और कोमल के द्वारा किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शालिनी के द्वारा किया गया। आस्था कविता अरबशां शालिनी इत्यादि 100 से अधिक स्वयंसेविकाओं ने कैंप में भाग लिया।

# मुख्य समाचार

## मीरापुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए किया डोर टू डोर संपर्क

**नगीना।** भाजपा नेता रोहित रवि एवं अजीत अग्रवाल ने नगीना से मीरापुर पहुंच कर आबंटित शक्तिकेंद्रों एवं बूथों पर किया जनसंपर्क। भाजपा नेता रोहित रवि के अनुसार पार्टी द्वारा दिए गए क्षेत्र पर संयोजकों, बूथ पदाधिकारियों,पन्ना प्रमुखों एवं लोगों से घर घर संपर्क कर भाजपा-लोकदल के पक्ष में भारी मतदान कर संयुक्त प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल रोहित रवि, मंडल अध्यक्ष वीरपाल सहरावत, डॉ संजय शर्मा, मास्टर ब्रह्म सिंह, अनुज गोयल, आजाद वीर, अनिल कुमार, अमन नंदा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे बेसूध हालत में बुजुर्ग महिला मिली

**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर कोकापुर की ओर जाने वाले रास्ते के पास सड़क किनारे एक बुजुर्ग महिला बेसुध हालत में मिली। राहगीरों ने मदद करते हुए उसे बैठाया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे नहटौर कोतवाली देहात मार्ग पर कोकापुर की ओर जाने वाले रास्ते के पास सड़क किनारे एक बुजुर्ग महिला बेसुध हालत में पड़ी हुई थी। ठंड लगने से महिला की हालत भी खराब थी। राहगीरों ने सड़क किनारे से उठाया। उससे पूछताछ की। महिला अपना नाम नहीं बता पाए रही थी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी।

## झील कॉलोनी में चोरी के इरादे से घर में घुसने का प्रयास



**नहटौर।** झील कॉलोनी में एक घर में अज्ञात लोगों ने घुसने का प्रयास किया। रेलिंग का शीशा टूटने पर घर में घुसने पर नाकाम रहे। चोरी के इरादे से घर में घुसने की आशंका व्यक्त की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य कर्मी मौहम्मद दानिश ने झील कॉलोनी में घर बना रखा हैं। बताया जाता है कि बीती रात उनके मैन गेट के बराबर में ऊपरी मंजिल पर लगे रैलिंग के सहारे किसी ने घर में घुसने का प्रयास किया। इसी दौरान रैलिंग की शीशा टूट गया। जाग होने पर परिवार के लोगों ने देखा कि शीशा टूटा पड़ा हुआ है। अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है कि चोरी के इरादे से किसी ने घर में घुसने का प्रयास किया। लेकिन मकान पर चढ़ते समय रैलिंग का शीशा टूट गया। चोरों के अंदेशे को देखते हुए परिवार के लोग भयभीत है।

## साध्वी ने किया कलक्ट्रेट में तलवार का प्रदर्शन



**बिजनौर।** पंचदशनाम जूना अखाड़ा के संत समाज के साथ साध्वी गंगानंद सरस्वती ने कलक्ट्रेट में तलवार लेकर प्रदर्शन किया। तथा जिला प्रशासन पर उनकी गौशाला की लगभग 80 गाय बेचने का आरोप लगाकर संतों के साथ नारेबाजी की। संतों ने एसडीएम की गाड़ी भी रोक दी। साध्वी गंगानंद सरस्वती का आरोप है कि वे गांव स्वाहेड़ी के पास एक गौशाला संचालित करती थीं। उनकी गौशाला में लगभग 80 गाय थीं। बताया कि कुछ दिन पहले कुछ लोगों ने उनके आश्रम पर धावा बोला और वहां रहने वाले संत समाज पर हमला किया। वहां रखा अनाज लूट लिया। साध्वी ने बताया कि जिला प्रशासन से शिकायत करने के बाद भी कोई सहयोग नही किया यही नही उनकी गाय भी अपने पास रख लीं। वे जनता के सहयोग से गायों की सेवा कर रहीं थीं। उन्होंने जिला प्रशासन पर उनकी गाय बेचने का आरोप लगाते हुए कलक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। साध्वी ने गर्जते हुए कहा कि एक हाथ में माला दूसरे में भाला। इस बीच एसडीएम की गाड़ी वहां आई तो साध्वी एसडीएम की गाड़ी के सामने तलवार लेकर खड़ीं हो गईं और गाड़ी आगे नहीं बढ़ने दी। एसडीएम दूसरे रास्ते से अपने कार्यालय पहुंचे।

## सराफा की दुकान से अंगूठी लेकर भागने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार




**नहटौर।** सर्राफा की दुकान पर सोने चांदी की अंगूठी वीडियो काल पर घर दिखाने का चकमा देकर दो युवक अंगूठी लेकर फरार हो गए।दबिश पड़ने पर कुछ ही दूरी पर बाईक छोड़कर फरार हो गए। सीसीटीवी व बाईक के नम्बर की मदद से पुलिस ने दोनों को पकड़कर उनसे अंगूठी बरामद कर ली। दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है , जानकरी के अनुसार मोहल्ला रसुरदारान निवासी संतोष कुमार गुप्ता मुख्य बाजार में सर्राफा की दुकान चलाते है।बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर को दो युवक दुकान पर आए और संतोष गुप्ता से सोने व चांदी की अंगूठी दिखाने को कहा।जिसके बाद संतोष गुप्ता ने सोने व चाँदी की अंगूठी दिखा दी।जिसके बाद एक युवक दुकान से नीचे ये कहकर उतर गया कि ये अपने घर वीडियो कॉल पर अंगूठी पसंद करानी है।कुछ समय बाद दूसरा युवक भी पहले युवक को देखने के बहाने उतर गया और उसी दौरान दोनों युवक भागने लगे।दुकानदार ने उनका पीछा किया तो वह अपनी कुछ दूरी पर ही छोड़कर फरार हो गए।पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी।पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व बाइक की मदद से आरोपियों को धामपुर से दबोच लिया और नहटौर ले आये।उनके पास से दो सोने की अंगूठी व एक चांदी की अंगूठी बरामद करते हुए उनका चालान कर दिया है।कोतवाल धीरज सोलंकी ने बताया कि फरमान पुत्र वाहिद सुहेल पुत्र नौशाद निवासीगण मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा के खिलाफ सम्बंधित धारा में रिपोर्ट कर चालान कर दिया है।

# व्यवसायिक वाहनों पर 100 फीसदी जुर्माना होगा माफ: आरटीओ

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़ , ( संदीप शर्मा )।** परिवहन विभाग ने व्यावसायिक वाहन संचालकों को बड़ी राहत देते हुए व्यावसायिक वाहनों पर 100 प्रतिशत जुर्माना माफ कर दिया है। इसके लिए वाहन संचालकों को को 05 फरवरी 2025 तक का समय दिया गया है कि वह निर्धारित अवधि में बकाया जमा कर दें जिससे जुर्माना माफ किया जा सके।

आरटीओ दीपक कुमार शाह ने बताया है कि विभाग द्वारा व्यावसायिक वाहन स्वामियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की गई है। टैक्स बकाया वाले वाहन स्वामियों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि 06 नवंबर से तीन माह के भीतर बकाया टैक्स जमा करने वाले वाहन स्वामी जुर्माना में 100 प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये तिपहिया एवं हल्के वाहनों (7500 किलोग्राम तक) के लिये निर्धारित आवेदन शुल्क 200 रूपये एवं भारी वाहनों के लिये 500 रूपये प्रार्थना पत्र के साथ जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ वित्तपोषक भी ले सकते हैं, जिनके द्वारा वाहन अपने कब्जे में ले लिया गया है। जिन वाहन स्वामियों को 06 नवंबर 2024 से पूर्व वसूली पत्र प्रेषित हो चुके हैं, वह भी इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने अपात्रता की स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि यदि किसी वाहन के कर के प्रति मा0 न्यायालय में वाद लम्बित है, तो वह इस योजना के लिये पात्र नहीं होंगे। यदि वाद वापस लिया जाता है तो आवदेक योजना के लिये पात्र हो सकेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिसूचना निर्गत तिथि 06 नवंबर एवं उसके बाद पंजीकृत वाहन को इसका लाभ प्राप्त नहीं होगा। सभी श्रेणी के अपंजीकृत वाहन जिन पर अधिसूचना जारी होने की तिथि 06 नवंबर के पूर्व तक का कर देय हो चुका है एवं जमा न करने के कारण बकाया हो, को लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने जिले के सभी बकाया वाहन स्वामियों (जिनके वाहन 06 नवंबर 2024 से पूर्व पंजीकृत हैं, और उन पर बकाया कर एवं पेनाल्टी शेष है) को सूचित किया है कि वह 05 फरवरी 2025 तक आरटीओ कार्यालय में उपस्थित होकर अपने वाहन के बकाया कर की पेनल्टी में शत-प्रतिशत छूट का लाभ ले सकते हैं। योजना के अन्तर्गत केवल बकाया कर एकबार में जमा करना होगा।

# गभाना घनी धुन्ध के चलते वाहनों के टकरा जाने से, डेढ़ दर्जन घायल

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** मंगलवार की सुबह गभाना एनएच-34 पर घनी धुन्ध के चलते भीषण हादसा हो गया। धुन्ध के कारण डेढ़ दर्जन वाहन आपस में टकरा गये। बताते हैं कि एक रोडवज बस पुल की बाउण्डी से अकरा गई से टकरा गई, इसके बाद उसके बाद डेढ़ दर्जन आपस में टकरा गये।

जिसके फल स्वरूप करीब 20 लोग घायल हो गये। घायलों की चीख पुकार सुनकर आस-पास के लोग आ गये और घटना सूचना क्षेत्रीय पुलिस की दी। जानकारी के बाद पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गयी और टकराये हुए वाहनों को कैन से हटवा दिया तथा सडक से वाहनों को हटवाया। पुलिस ने सभी घयलों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया।

# संतोष स्मारक महाविद्यालय दोदराजपुर में नशा उन्मूलन एवं जागरूकता रैली का आयोजन




पब्लिक एशिया ब्यूरो

**नगीना।** नगीना क्षेत्र के ग्राम दोदराजपुर में मां सरस्वती शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित नशा उन्मूलन एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत संतोष स्मारक महाविद्यालय दोदराजपुर में आज एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र/ छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ द्वारा गांव दोदराजपुर में एक रैली निकाली गई, जिसमें छात्र/ छात्राओं द्वारा नागरिकों को नारे और संदेश लिखी पट्टीयो द्वारा संदेश दिया गया, की नशा किस प्रकार समाज और परिवार के लिए घातक होता है जिस राष्ट्र का युवा नशे की लत में फंस जाता है वह राष्ट्र कभी तरक्की नहीं करता, इसी प्रकार जिस परिवार का कोई भी सदस्य नशे की लत में फंस जाता है वह परिवार परेशानियों से जुड़ता रहता है तथा व्यक्ति का सामाजिक आर्थिक और मानसिक पतन होता रहता है कार्यक्रम को कॉलेज प्रबंधक डॉक्टर संदीप शर्मा द्वारा झंडी दिखाकर महाविद्यालय प्रांगण से प्रारंभ कराया गया, छात्र/छात्राओं और स्टाफ के द्वारा पूरे गांव में घूम कर नशा मुक्ति से संबंधित उदघोष और नारे लगाते हुए रैली को महाविद्यालय प्रांगण में ही समाप्त किया गया, कार्यक्रम में रविंद्र कुमार, रोहिताश सिंह, रानी, मोहित शर्मा ,कपिल शर्मा ,विशाल शर्मा, मदन सिंह, मोनी एवं छात्र/ छात्राओं में अंकित कुमार, दिग्विजय, विकास ,सोनू कुमार, नेहा, सलोनी ,मीनाक्षी ,परविंदर कौर, डिंपल रानी ,मरियम, मुस्कान, कविता, काजल ,संगीता ,आदि छात्राओं ने हिस्सा लिया और जन-जन तक नशा मुक्ति नशा उन्मूलन एवं नशे से दूर रहने के लिए संदेश दिया कार्यक्रम के समापन पर रविंद्र कुमार ने सभी छात्राओं और स्टाफ का आभार व्यक्त किया और बताया की किस प्रकार नशा मुक्त रहकर अपने परिवार समाज और देश का सुधार किया जा सकता है।

# अलीगढ़ में चुनाव और आगामी त्योहारों के चलते धारा 163 लागू

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़ , ( संदीप शर्मा )।** अलीगढ़ में आगामी चुनाव, त्योहारों और परीक्षाओं को देखते हुए धारा 163 लागू कर दी गई है। बीएनएस लागू होने के बाद धारा 144 का प्रावधान खत्म हो गया है और उसका स्थान धारा 163 ने ले लिया है। जिसके बाद अधिकारियों ने 31 दिसंबर तक यह व्यवस्था लागू की है।

एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के तहत 23 नवंबर को मतगणना, 24 नवंबर को गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस, 23 दिसंबर को चौ. चरण सिंह का जन्मदिवस, 25 दिसंबर को क्रिसमिस-डे के त्योहार मनाये जाने हैं। इसके साथ कई परीक्षाएं भी हैं। जिसके लिए यह व्यवस्था की गई है। उन्होने बताया कि धारा 163 के दौरान किसी तरह के अस्त्र शस्त्र रखने पर पाबंदी रहेगी। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों यथा मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च से ऐसी कोई बात का प्रसारण या चर्चा नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के आसपास 100 मीटर की परिधि में लाउडस्पीकर या अन्य ध्वनि प्रसारण यंत्र का प्रयोग बिना पूर्व अनुमति के नहीं करेगा।

एडीएम सिटी ने बताया कि जिलाधिकारी विशाख जी. के निर्देशानुसार यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके लिए सभी क्षेत्राधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह पूरी सख्ती से इसका पालन करें। कोई भी व्यक्ति शराब या अन्य मादक पदार्थ खाकर उपद्रव करता है तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ धारा-233 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह नियम अलीगढ़ शहर के बाहर से आने वाले और गैर जनपद से शहर में आने वाले लोगों पर भी लागू होंगे। उन्हें भी इन नियमों का सख्ती से पालन करना होगा।

## पूर्वदशम, दशमोत्तर एवं अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए 15 जनवरी 2025 तक करें आवेदन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अलीगढ़, ( संदीप शर्मा )।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति( कक्षा 09-10), दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्कप्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12) एवं अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत जिले के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग जाति के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति आवेदन पत्र ऑनलाइन किये जाने के लिए 15 जनवरी 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 18 जनवरी 2025 निर्धारित है। उन्होंने बताया कि योजना के विस्तृत दिशा-निर्देश एवं समय सारणी scholarship.up.gov.in बेबसाइट पर प्रदर्शित है।अधिक जानकारी के लिए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**अलीगढ, ( संदीप शर्मा )।** महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक बिरसा मुण्डा 150 वीं जयंती को विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) कार्यालय में ''जनजातीय गौरव दिवस'' के रूप में मनाया गया। बिरसा मुण्डा का जन्म झारखण्ड के एक साधारण परिवार में हुआ था। सामाजिक कार्यों के चलते उन्हें धरती आबा या धरती पिता के रूप में सम्बोधित किया जाता था। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में बिरसा मुण्डा का योगदान भुलाया नहीं जा सकता।



जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) संध्या रानी बघेल ने इस अवसर पर बिरसा मुण्डा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को बिरसा मुण्डा के स्वाधीनता संग्राम में योगदान के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि सभी को बिरसा मुण्डा के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि वह 26 नवंबर तक जिले में बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर उनको सफल बनाएं। सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार ने कहा कि बिरसा मुण्डा की गौरव गाथा युगों-युगों तक प्रेरणा देते रहेगी। जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए उन्होंने लम्बा संघर्ष किया। 25 वर्ष की आयु में उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जंग छेड़ी और अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते हुए उसे मरते दम तक कायम रखा।

# स्वतंत्रता आंदोलन में अलीगढ़ की वीर नारियों का अभूतपूर्व योगदान

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़ , ( संदीप शर्मा )।** स्वतंत्रता संग्राम में अलीगढ़ की वीरांगनाओं का अभूतपूर्व योगदान है, यह उद्गार जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 सर्वदानंद ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के तहत रानी लक्ष्मीबाई के जन्मदिन शौर्य दिवस पर आयोजित ''स्वाधीनता महासमर में अलीगढ़ की वीरांगनाएं'' पुस्तक का विमोचन करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वर्ष 1942 के स्वतंत्रता आन्दोलन के यज्ञ में इन्होंने समिधा डाली।

इनकी गौरव गाथा नई पीढ़ी को जरूर सुनानी चाहिए। कई को कैद कर अंग्रेजों ने भीषण यातनाएं दीं लेकिन आजादी मतवालियों ने उफ तक नहीं की। उप जिला विद्यालय निरीक्षक मनोरमा ठाकुर ने कहा कि इन वीरांगनाओं में श्रीमती कस्तूरी देवी, दुर्गा देवी, श्रीमती हेमलता, रामप्यारी, उर्मिला देवी, लक्ष्मी देवी, नंद कौर, गंगा देवी, सूरजबाई, चम्पा देवी की गौरव गाथाओं को पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए।

आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि 1856 में फांसी की सजा पाने वाली वीरांगना सरूपा उर्फ पगलो देवी की कब्र बदहाल पड़ी है। शासन को उसे सही कराकर उस पर सूचना संबंधी शिलापट लगवाना चाहिए ताकि नई पीढ़ी उनसे परिचित हो सके। इससे पूर्व रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर सभी लोगों ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन के मंडल प्रभारी सुरेश चन्द्र शर्मा, शिक्षक नेता नीरज शर्मा समेत अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सड़कों पेड़ पौधों डिवाइडर और धूल जमा वाले स्थान पर नगर निगम ने किया छिड़काव

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़ , ( संदीप शर्मा )।** मंगलवार को शहर की हवा में एक बार फिर से धूल की गुबार उठने के कारण विजिबिलिटी कम होने को देखते हुए नगर आयुक्त विनोद कुमार ने नगरीय क्षेत्र में युद्ध स्तर पर वायु प्रदूषण को कम करने के लिए सात दिवसीय विशेष अभियान तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए।

उन्होने नगर निगम की एंटी 1 स्मोक गन, 2 रोड स्वपिंग मशीन 8 स्प्रे मशीन 12 पानी के टैंकर 3 जेटिंग मशीनों से शहर के प्रमुख अलीगढ़ स्मार्ट सिटी रोड दीवानी कचहरी जीटी रोड एटा चुंगी सूत मिल क्वारसी बाईपास जमालपुर शमशाद मार्केट रसलगंज चौराहा माल गोदाम रोड आगरा रोड पर पेड़ पौधों की धुलाई डिवाइडरों की धुलाई और सड़क की धुलाई करते हुए पुरानी जमा धूल को हटाने का काम किया।

अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि वर्तमान वायु प्रदूषण को देखते हुए अलीगढ़ नगर निगम द्वारा सात दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया है इस अभियान के तहत रोजाना शहर की प्रमुख सड़कों डिवाइडर फ्लाई ओवर पर पेड़ पौधों पर लगी पुरानी धूल को हटाने साफ सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के लिए 8 एसएफआई के नेतृत्व में एंट्री स्मॉक गन-01 नग ट्रैक्टर माउण्टेड स्प्रै मशीन- 08 नग टैम्पों टिपर माउण्टेड स्पै मशीन-02 नग स्पै जैटिंग मशीन(एसएलसीएम)-03 नग, छिड़काव हेतु टैंकर-12 नग, मैकेनिकल स्वीपिग (रोड स्वीपिग)-02 नग, कर्मचारी-60 नग को तैनात किया गया है।

## डीईओ ने खैर विधानसभा क्षेत्र में बनाए गये मतदान केंद्रों के भवनों को किया अधिग्रहीत

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**अलीगढ़ , ( संदीप शर्मा )।** जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी द्वारा 71-खैर विधानसभा उप निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न कराने के लिए खैर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अवस्थित सभी मतदान केंद्रों के भवनों, परिसरों को 20 नवंबर 2024 तक मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराए जाने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 160 के अधीन अधिग्रहीत कर लिया गया है।

डीईओ विशाख जी0 ने सभी संबंधितों को निर्देशित किया है कि 71-खैर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर की मांग के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के संपूर्ण भवनों व परिसरों को हस्तगत कराना सुनिश्चित करें।

# अग्नि से सुरक्षा उपाय पूर्ण नही होने पर सौ अस्पतालों को निरीक्षण के बाद जारी हुआ नोटिस

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बिजनौर।** झाँसी मेडिकल में आग में 12 बच्चों की मौत के बाद बिजनौर अग्निशमन विभाग की नींद टूटी है जिसने बड़े स्तर पर कार्यवाही करते हुए टीम के साथ सरकारी व निजी अस्पतालों में आग से बचाव के उपकरणों की जांच शुरू की है अभी तक 100 से अधिक अस्पतालों में अग्नशमन के मानक पूरे नही पाये जाने पर सभी को नोटिस जारी किये गए है।




जनपद के मुख्यशमन अधिकारी व जिले भर के सभी फायर स्टेशन प्रभारियो ने अलग अलग टीम बनाकर सरकारी गैरसरकारी अस्पतालों की जांच की तथा इस अभियान के अन्तर्गत कर्मचारियों को भी अग्नि सुरक्षा उपाय के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। अग्निशमन विभाग ने महिला चिकित्सालयों, जिला चिकित्सालय, अलबशीर क्लिनिक हल्दौर रोड चांदपुर, मेरठ नर्सिंग होम चांदपुर, नेशनल हास्पिटल बिजनौर रोड चांदपुर, मुस्कान अस्पताल बिजनौर रोड चांदपुर, राजा हेल्थ केयर सेंन्टर पैजनिया रोड चांदपुर प्रभाकर नर्सिंग होम कोतवाली रोड नजीबाबाद, शिव गंगा मल्टीस्पेस्लिटी नगीना बून्दकी रोड नजीबाबाद, सिटी होस्पिटल नगीना बून्दकी रोड नजीबाबाद, आदि का निरीक्षण किया ह। सीएफओ अजय कुमार शर्मा ने बताया कि जनपद में लगभग दो सौ अस्पतालों को चैक किया गया है जिसमें अग्निशमन सुरक्षा मानकों में कमियाँ पाये जाने पर सौ अस्पतालों को नोटिस जारी किये गए है। इस निरीक्षण अभियान के लिए तीन टीमें बनाई गई है जो निरीक्षण अभियान चलाये हुए है।

## झपटा मार बाइक सवारों के आतंक से लोग हुए भयभीत

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**नहटौर।** झपटा मारकर मोबाईल छीनने वाले बाईक सवार बदमाशों ने एक युवक का मोबाईल छीन लिया।जबकि एक युवक का मोबाईल छीनने का प्रयास किया।झपटामार के आंतक से लोग भयभीत है।पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात नहटौर कोतवाली देहात मार्ग पर आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास गांव ककराला निवासी विपिन कुमार पुत्र सुभाष खाना खाने बाद टहलने के दौरान सड़क पर मोबाईल से बात करते हुए जा रहा था।इसी दौरान दो बाईक सवार झपटा मारकर उसका मोबाईल छीनकर फरार हो गए। इसके अलावा मोहल्ला शेखान सुमाली निवासी चंद्रभान सिंह पुत्र शिवनाथ सिंह भी अपने घर के बाहर मोबाईल पर बात करते हुए टहल रहा था।इसी दौरान दो बाईक सवार आए और झपटा मारते हुए मोबाईल छीनने का प्रयास किया लेकिन उनके हाथ में मोबाईल नहीं आया।इस दौरान उनकी बाईक भी अनियंत्रित होकर गई। चंद्रभान ने उन्हे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी युवक फरार हो गए।




# बूम पर है वकालत का प्रोफेशन

**सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाने का जज्बा सिर्फ गिने-चुने प्रोफेशन में ही है। इन्हीं में से एक 'लॉ' भी है। लॉ का महत्त्व वैसे तो हमेशा से ही रहा है, परन्तु जिस हिसाब से लोगों में अपने अधिकारों एवं कानून को लेकर जागरूकता बढ़ी है, वकालत के पेशे ने भी उड़ान भरनी शुरू कर दी है। भारत में सस्ती लॉ सुविधाओं के चलते विदेशी संस्थाएं भी भारतीय वकीलों की ओर देख रही हैं। यही वजह है कि आज वकालत का प्रोफेशन अपने बूम पर है।**

भारत की लीगल एजुकेशन में हमेशा बदलाव आते रहते हैं। कई यूनिवर्सिटीज एवं नेशनल लॉ स्कूल मिल कर इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया एवं यूजीसी की सहायता से इसकी गुणवत्ता को निखारा जा रहा है। यही कारण है कि देश में लीगल एजुकेशन में हालिया कुछ वर्षों में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। हालांकि किसी भी संस्थान का पाठ्यक्रम या विषय अन्य लॉ स्कूलों से अलग नहीं होते, परंतु संस्थान विशेष में पढ़ाई का तरीका उसे अपने आप में अनोखा बनाता है।

## लॉ में हैं अनेक शाखाएं

लॉ के अंतर्गत आने वाले कोर्स का स्ट्रक्चर काफी फैला हुआ है। इसमें कई विषयों को शामिल किया जाता है। एक वकील अथवा जज को कई विषयों का ज्ञान रखना पड़ता है। अपनी विशेषज्ञता के हिसाब से वे अपनी फील्ड भी चुनते हैं। इसके सब्जेक्ट को लेकर रोचकता इसीलिए बनी रहती है, क्योंकि इसमें हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स तथा एनवायरमेंट जैसे विषयों में से किसी एक का चयन करना पड़ता है। कुछ शाखाएं इस प्रकार हैं–

**कॉरपोरेट लॉ**– वर्तमान समय में वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए कॉरपोरेट लॉ की उपयोगिता बढ़ गई है। इसके तहत कॉरपोरेट जगत में होने वाले अपराधों के लिए उपाय या कानून बताए गए हैं। कॉरपोरेट कानूनों के बन जाने से कॉरपोरेट जगत में होने वाले अपराधों को रोकने तथा कॉन्ट्रेक्ट नेगोसिएशन, फाइनेंस प्रोजेक्ट, टैक्स लाइसेंस और ज्वॉइंट स्टॉक से संबंधित काम किए जाते हैं। इसमें वकील किसी फर्म से जुड़ कर उसे कॉरपोरेट विधि के बारे में सलाह देते हैं।

**पेटेंट अटॉर्नी**– पेटेंट अटॉर्नी, पेटेंट लॉ का काफी प्रचलित शब्द है। इसका मतलब है कि एक ऐसा अधिकार, जिसके तहत कोई व्यक्ति अपना पूर्ण स्वामित्व रखता है। बिना उसकी मर्जी या सहमति के कोई अन्य व्यक्ति उस अधिकार का प्रयोग नहीं कर सकता। यदि वह अधिकार किसी दूसरे व्यक्ति को स्थानांतरित (आंशिक या पूर्ण रूप से) करता है तो इसके बदले उस फर्म या व्यक्ति से कॉन्टेक्ट करता है।

**साइबर लॉ**– हर क्षेत्र में कंप्यूटर के बढ़ते उपयोग से साइबर क्राइम का भी ग्राफ बढ़ा है। आज इस कानून का विस्तार आम आदमी के साथ–साथ लॉ फर्म, बैंकिंग, रक्षा आदि कई क्षेत्रों में हो रहा है। इस कानून के तहत साइबर क्राइम के मुद्दों और उस पर कैसे लगाम लगाई जा सकती है, इसकी जानकारी दी जाती है।

**क्रिमिनल लॉ**– इसे लॉ की दुनिया का सबसे प्रचलित कानून माना जाता है। इस कानून से हर छात्र का सामना पड़ता है। हालांकि इसमें भी शुरुआती चरण में कई तरह की दिक्कतों से दो–चार होना पड़ता है, परन्तु एक बार नाम हो जाने पर फिर सरपट दौड़ शुरू हो जाती है।

**फैमिली लॉ**– यह क्षेत्र महिलाओं का पसंदीदा क्षेत्र है। इसके अंतर्गत पर्सनल लॉ, शादी, तलाक, गोद लेने, गार्जियनशिप एवं अन्य सभी पारिवारिक मामलों को शामिल किया जा सकता है। लगभग सभी जिलों में फैमिली कोर्ट की स्थापना की जाती है, ताकि पारिवारिक मामलों को उसी स्तर तक सुलझाया जा सके।

**बैंकिंग लॉ**– जिस तरह से देश की विकास दर में वृद्धि हो रही है, ठीक वैसे ही बैंकिंग क्षेत्र का दायरा भी बढ़ रहा है। इसमें खासतौर पर लोन, लोन रिकवरी, बैंकिंग एक्सपर्ट आदि से संबंधित कार्यों का निपटारा होता है।

**टैक्स लॉ**– इस शाखा के अंतर्गत सभी प्रकार के टैक्स जैसे इनकम टैक्स, सर्विस टैक्स, सेल टैक्स से जुड़े मामलों को वकीलों की सहायता से निपटाया जाता है।

## कब कर सकते हैं कोर्स

इसमें प्रवेश की पहली सीढ़ी 10+2 के बाद ही मिल जाती है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा प्रायोजित पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड एलएलबी कोर्स में छात्रों को बुनियादी चीजों को लेकर स्पेशलाइजेशन तक की जानकारी दी जाती है, जबकि ग्रेजुएशन के पश्चात एलएलबी (तीन वर्षीय, पार्टटाइम/फुलटाइम) तथा उसके बाद एलएलएम (2 वर्षीय) में दाखिला आसान हो जाता है। बीए एलएलबी में छात्र को किसी स्पेशलाइज्ड फील्ड जैसे कॉरपोरेट लॉ, पेटेंट लॉ, क्रिमिनल लॉ, साइबर लॉ, फैमिली लॉ, बैकिंग लॉ, टैक्स लॉ, इंटरनेशनल लॉ, लेबर लॉ, रीयल एस्टेट लॉ आदि में विशेषता हासिल करनी होती है। कोर्स के प्रश्चात छात्र को एक से दो वर्ष तक इंटर्नशिप या किसी वरिष्ठ अधिवक्ता के सहायक के रूप में काम करना पड़ता है। उसके बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया या अन्य किसी संस्था में रजिस्ट्रेशन कराया जाता है।

## आवश्यक स्किल्स

इस प्रोफेशन की सबसे खास बात यह है कि इसमें छात्र जीवन से ही जुझारू प्रवृत्ति अपनानी पड़ती है। किताबों एवं घटनाओं से निरंतर जुड़े रहना किसी भी प्रोफेशनल को आगे ले जाता है। रिसर्च एवं एनालिसिस के आधार पर ही किसी विषय पर कमांड हासिल हो सकती है, इसलिए मेहनत करने से भागे नहीं। एक एडवोकेट के रूप में आपको मृदुभाषी, वाकपटु, मेहनती तथा लीडर जैसे गुण भी अपनाने पड़ते हैं। महज परीक्षा पास करने से ही एक अच्छा वकील नहीं बना जा सकता, बल्कि तार्किक, धैर्यवान, एकाग्रता, बहस करने की क्षमता, आत्मविश्वास तथा पिछले केसों के बारे में अच्छी जानकारी रखने वाला भी होना चाहिए। आपके पास एक अच्छी लाइब्रेरी तथा किताबों का संग्रह भी आवश्यक है।

## कैसे लें लॉ कॉलेज की जानकारी

जहां एक ओर नामी लॉ कॉलेजों की भरमार है, वहीं फर्जी संस्थानों की भी कमी नहीं है। ऐसे फर्जी संस्थान विज्ञापन के माध्यम से अपने संस्थान का 100 प्रतिशत प्लेसमेंट दर्शाते हैं, इसलिए एडमिशन से पूर्व उस संस्थान की सत्यता की जांच–परख अवश्य कर लें। कोई भी इच्छुक छात्र, जो लॉ में अपना करियर बनाना चाहता है या वह संस्थान के बारे में जानकारी हासिल करना चाहता है तो 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' उसकी मददगार साबित हो सकती है। यह संस्थान कानूनी शिक्षा एवं व्यवसाय के साथ–साथ कानूनों में सुधार लाने के लिए अपने परामर्श भी देता है।

# चुनौतीपूर्ण करियर विकल्प मेडिकल

**डॉक्टर बनना आसान काम नहीं है, सब जानते हैं, लेकिन इससे पवित्र कोई दूसरा पेशा भी नहीं है। बीमारों को नया जीवन देना इनका धर्म है। कहा तो यहां तक जाता है कि डॉक्टर भगवान का ही दूसरा नाम है। यकीनन किसी अन्य पेशे को ऐसा दर्जा मिलना कठिन है, क्योंकि यह जीवन से जुड़ा है और जीवन से महत्त्वपूर्ण और क्या हो सकता है। इसलिए जो कोई डॉक्टर बनने का निर्णय लेता है, वह एक कठिन निर्णय लेता है। यही वजह है कि करियर के परंपरागत विकल्पों में सबसे चुनौतीपूर्ण विकल्प मेडिकल को माना जाता है।**



ऊपरी तौर पर लोग देखते हैं कि एक डॉक्टर खूब पैसे कमा रहा है और काफी व्यस्त रहता है। किन्तु इसके पीछे उसकी मेहनत कितनी है, समर्पण कितना है, उदास क्षणों को झेलने का दम कितना है, मरीज की मौत पर विचलित न होने का विवेक कितना है, यह भी देखा व समझा जाना जरूरी है। यदि आप में ऐसा करने का दमखम है तो बेशक आप इस पेशे को अपना सकते हैं।

## विशेषज्ञता

विज्ञान ने आज इतनी तरक्की कर ली है कि हर क्षेत्र में विशेषज्ञता पर जोर दिया जाने लगा है। जनरल फिजीशियन अब बहुत कम लोग बनना चाहते हैं। ज्यादा से ज्यादा लोग प्रारंभिक डिग्री लेने के बाद विशेषज्ञता की ओर बढ़ जाते हैं। इस पेशे में विशेषज्ञता के सहारे खुद को स्थापित करने की चुनौती हमेशा मौजूद है।

## शाखाएं व डिग्री

मेडिसिन में कई शाखाएं हैं, जिनमें से आप अपनी रुचि व रुझान के अनुसार चुनाव कर सकते हैं। आप एलोपैथी में जा सकते हैं, होम्योपैथी को अपना करियर बना सकते हैं या फिर आयुर्वेद को अपना सकते हैं। इनके अलावा, यूनानी मेडिसिन में भी आप पढ़ाई कर एक सफल चिकित्सक बन सकते हैं। इनमें से कुछ के पाठ्यक्रम साढ़े पांच साल के हैं तो कुछ चार साल के और कुछ तीन या साढ़े तीन साल के हैं। इनमें से किसी का चुनाव कर आप एमबीबीएस, बीएचएमएस, बीएएमएस, बीयूएमएस, बीडीएस, बीवीएससी/एएच इत्यादि की डिग्री ले सकते हैं।

## प्रवेश परीक्षाएं

इन सभी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा ऑल इंडिया प्री–मेडिकल/प्री–डेंटल प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। इसके अलावा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली, आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल कॉलेज, पुणे, बीएचयू इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, वाराणसी, जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, एएमयू, अलीगढ़, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, वर्धा इत्यादि के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

## पात्रता

- अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए।
- अभ्यर्थी ने 17 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो या एमबीबीएस/बीडीएस कोर्स के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने के साल विशेष के 31 दिसंबर या उससे पहले वह 17 साल पूरे कर ले।
- ऑल इंडिया प्री–मेडिकल/प्री–डेंटल प्रवेश परीक्षा के लिए अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष है। अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए इसमें पांच साल की छूट का प्रावधान है।
- ऑल इंडिया प्री–मेडिकल/प्री–डेंटल प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए किसी भी वर्ग के अभ्यर्थी को सिर्फ तीन अवसर ही मिलेंगे।
- अभ्यर्थी ने किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं की परीक्षा या समकक्ष 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। उसने भौतिकी, रसायनशास्त्र, जीव विज्ञान व अंग्रेजी विषयों की पढ़ाई की हो और इन विषयों में उत्तीर्ण हो। अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 40 है।

# फैशन इंडस्ट्री अपनी रचनात्मकता को आजमाएं

**फैशन के क्षेत्र में अपना परचम लहराने के लिए प्रोफेशनल्स का कौशल, ज्ञान व प्रदर्शन ही उन्हें दूसरों से अलग करता है। सिर्फ चंद किताबें रट कर फैशन अथवा उसकी बिक्री करने की कला नहीं सीखी जा सकती। मौजूदा बाजार माहौल के कारण अब पहले की अपेक्षा कहीं अधिक जरूरी हो गया है कि आप अपने कार्य कौशलों को बढ़ा कर फैशन इंडस्ट्री में अपनी रचनात्मकता को आजमाएं।**



एक अध्ययन के मुताबिक भारत की फैशन इंडस्ट्री इस समय 200 करोड़ का आंकड़ा छू रही है तथा बड़े डिजाइनरों की सालाना बिक्री लगभग 25 करोड़ रुपए है, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह बाजार 35 बिलियन डॉलर के करीब है। यह इंडस्ट्री आने वाले सात वर्षों में भारतीय बाजार में ढाई हजार करोड़ तक पहुंचने का रिकॉर्ड बना सकती है। फैशन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने फैशन एंड डिजाइन प्रमोशन काउंसिल (एफडीपीसी) का गठन किया है। इस काउंसिल ने उभरते फैशन डिजाइनरों तथा स्कूल–कॉलेजों से पास हुए छात्रों के लिए 25 फीसदी आरक्षण का प्रावधान भी किया है। भारत में फैशन उद्योग लगातार विकसित हो रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय फैशन के क्षेत्र में एक बड़ा उद्योग बन चुका है। इंडिया फैशन वीक और भारत के प्रमुख शहरों में फैशन डिजाइनरों द्वारा वार्षिक शो जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से साफ हो गया है कि मिस वर्ल्ड, मिस यूनिवर्स व अन्य प्रतियोगिताओं में भारतीय सुंदरियां किसी से कम नहीं हैं।



## कोर्स की रूपरेखा

महज बोर्ड पर किसी डिजाइन की स्केचिंग ही महत्त्वपूर्ण नहीं है, बल्कि छात्रों को इस इंडस्ट्री के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में विशेषज्ञता हासिल करनी होती है। यह एक प्रोफेशनल कोर्स है, जिसके अंतर्गत गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल साइंस, अपैरल कंस्ट्रक्शन मेथड, फैब्रिक डाइंग एवं प्रिंटिंग, कलर मिक्सिंग एवं... ..कम्प्यूटर एडेड डिजाइन (सीएडी) आदि क्षेत्रों में से किसी एक का चयन करना होता है। फैशन डिजाइनिंग में कई सारे कोर्स जैसे एक्सेसरीज एवं ज्वैलरी डिजाइनिंग, मॉडलिंग, गारमेंट डिजाइनिंग, लेदर डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, टैक्सटाइल डिजाइनिंग, फुटवेयर डिजाइनिंग आदि को शामिल किया जाता है। इसके अलावा भी कई महत्त्वपूर्ण कोर्स इस इंडस्ट्री के लिए कारगर होते हैं, जैसे कि एमए, पीजी, बीए, अंडरग्रेजुएट डिप्लोमा, शॉर्ट टर्म लेवल आदि कोर्स।

## फैशन जगत की शाखाएं

बात यदि फैशन इंडस्ट्री की शाखाओं की हो तो इसमें कई विकल्प निखर कर सामने आते हैं। छात्रों की अपनी रुचि के अनुसार क्षेत्रों का चयन करना होता है। कुछ शाखाएं नीचे दी गई हैं–

### फैशन कम्युनिकेशन

जब भारी संख्या में घरेलू और विदेशी ब्रांड, कंपनियां और डिजाइनर भारतीय बाजार पर धावा बोल रहे हों तो इन सबके लिए अपनी विशिष्ट ब्रांड पहचान विकसित करना और बिक्री के लिए अधिकतम मात्र में उपलब्ध रहना अनिवार्य हो जाता है। यह बड़ा काम फैशन कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स आसान कर देते हैं।

### फैशन स्टाइलिंग

भारत में फैशन स्टाइलिंग भले ही एक नया कॉन्सेप्ट हो, लेकिन यह तेजी से आकर्षक करियर में तब्दील हो रहा है। सफल स्टाइलिस्ट बनने के लिए फैशन के हर पहलुओं पर नजर, टीम में काम करने की क्षमता होनी जरूरी है। इसके कोर्स में मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, फोटोग्राफी, कम्प्यूटर एवं आईटी एप्लीकेशंस की जानकारी विकसित करने के लिए टूल्स, टेक्नीक्स और स्किल्स सिखाये जाते हैं।

### फैशन जर्नलिज्म

योग्य और प्रतिभाशाली युवाओं के लिए फैशन जर्नलिज्म में रोजगार के लिए बेहतरीन ऑप्शंस हैं, क्योंकि फैशन इंडस्ट्री में एक्सक्लूसिव राइटिंग और टीवी प्रोग्राम बनाने के लिए बहुत अवसर हैं। फैशन जर्नलिस्ट फुलटाइम या फ्रीलांस के रूप में काम करते हैं।

### फैशन फोटोग्राफी

फैशन जर्नलिस्ट का दूसरा काम फोटोग्राफी से संबंधित होता है। अभिलाषा और कल्पना की उड़ान के धागों से बने कपड़ों की तस्वीरों को जर्नलिस्ट अपने पाठकों के लिए कुछ इस प्रकार से मढ़ता है कि पाठक उससे खुद को आसानी से जोड़ सकें।

### डिजाइन डिपार्टमेंट

आमतौर पर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का काम बड़े स्तर पर होता है। इस यूनिट में डिजाइनर, कटिंग असिस्टेंट, स्केचिंग असिस्टेंट, जूनियर डिजाइनर आदि काम करते हैं। स्केचिंग असिस्टेंट जहां गारमेंट का टेक्निकल स्केच तैयार करता है, वहीं जूनियर डिजाइनर कटिंग का प्रारम्भिक कार्य तथा पहला सैंपल तैयार करता है।

### मार्केटिंग एवं मर्केन्डाइजिंग

फैशन का ट्रेंड नित्य बदल रहा है। इस लिहाज से जिस व्यक्ति के पास मार्केटिंग एवं मर्केन्डाइजिंग की अच्छी समझ होगी, वह इस डिपार्टमेंट के योग्य हो सकता है। यह काम मुख्यतः मार्केटिंग डिपार्टमेंट प्लान पर आधारित सूचनाओं एवं कंपनी के पूरे दिशा–निर्देश पर आधारित होता है।

### मैन्युफैक्चरिंग डिपार्टमेंट

मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का हेड प्रोडक्शन मैनेजर होता है। वह कार्य की समय–सारिणी, लक्ष्यों, वर्करों की ट्रेनिंग के अलावा प्रोडक्शन की क्वालिटी बनाये रखने संबंधी सभी गतिविधियों के प्रति उत्तरदायी होता है। प्रोडक्शन मैनेजर हर चरण के कार्यों की निगरानी प्रोडक्शन असिस्टेंट की मार्फत कर सकता है।

### फैशन को–ऑर्डिनेटर

इनका कार्य ग्राहक और प्रोडक्शन मैनेजर के बीच तालमेल बिठाना होता है। इनका प्रमुख कार्य फैब्रिक का सही शेड, क्वालिटी, डिजाइन संबंधी परख, फैशन ट्रैन्ड के बारे में एडवांस जानकारी, खरीदारों के साथ मीटिंग व कपड़ों के डिजाइन व कलर तय करना आदि होता है।

### मार्केट रिसर्च

ग्लोबल मार्केट समय के साथ बदलता रहता है। इसमें यह ध्यान रखना होता है कि बाजार की नजर क्या है तथा किस ट्रैंड को पसंद किया जा रहा है। प्रोडक्शन की प्रक्रिया डिजाइनरों द्वारा मार्केट रिसर्च के बाद ही शुरू की जाती है।

### क्रिएटिविटी

ऊंची डिग्री न हो तो भी कोई दिक्कत नहीं होती, क्योंकि इस क्षेत्र में जो चीज सबसे जरूरी होती है, वह है क्रिएटिविटी, रंगों की पहचान, शेड्स एवं टेक्स्चर आदि। सामान्यतः 10+2 (किसी भी स्ट्रीम में) उत्तीर्ण छात्र इससे संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिला पा सकते हैं। कुछ संस्थानों ने बारहवीं में 45 प्रतिशत का क्राइटेरिया तय कर रखा है तो कहीं–कहीं एंट्रेंस टैस्ट के आधार पर प्रवेश मिलता है। फैशन के क्षेत्र में खुद को स्थापित करने के लिए फैशन की आधारभूत जानकारी, क्रिएटिविटी, क्लाइंट्स की जरूरतों, बाजार की मांग आदि की समझ आवश्यक है। ऐसे में एक फैशन डिजाइनर में अपने आइडिया को स्केच करने, टैक्सटाइल के प्रभावी उपयोग तथा विजुअलाइज संबंधी गुणों का होना जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### लंदन में सड़क किनारे खड़ी थी कार, डिक्की में मिली महिला की लाश, भारतीय मूल के पति की तलाश



**लंदन, एजेंसी।** लंदन में कुछ दिन पहले कार की डिक्की से एक महिला का शव बरामद हुआ था। इस मामले की जांच कर रही ब्रिटेन की पुलिस ने हत्या के संदेह में भारतीय मूल के उसके पति की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को संदेह है कि आरोपी इस महीने की शुरुआत में अपनी पत्नी हर्षिता ब्रेलाकी हत्या करने के बाद देश छोड़कर भाग गया। नॉर्थम्पटनशायर पुलिस की ओर से रविवार को ताजा बयान जारी किया गया। इसमें मुख्य निरीक्षक पॉल कैश ने कहा कि इस मामले पर 60 से अधिक जासूस काम कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपी पंकज लांबा की तस्वीर जारी कर दी। साथ ही, लोगों से किसी भी तरह की सूचना मिलने पर जानकारी देने की अपील की गई है। पॉल कैश ने कहा, 'पूछताछ के बाद हमें संदेह है कि हर्षिता की हत्या इस महीने की शुरुआत में नॉर्थम्पटनशायर में उसके पति पंकज लांबा ने की थी।' इससे पहले, नॉर्थम्पटनशायर पुलिस ने सप्ताहांत में हत्या की जांच शुरू की। इस दौरान लंदन में एक कार की डिक्की में पाई गई मृतक का नाम हर्षिता ब्रेला बताया गया। साथ ही, कहा गया कि इसके बारे में और ज्यादा जानकारियां जुटाई जा रही हैं। पुलिस ने बताया कि गुरुवार की सुबह पूर्वी लंदन के इलफोर्ड इलाके में ब्रिसबेन रोड पर एक वाहन खड़ा था, जिसकी डिक्की के अंदर पीड़ित का शव मिला था। शुक्रवार को 'लीसेस्टर रॉयल इन्फर्मरी' में उसका पोस्टमार्टम किया गया। ईस्ट मिडलैंड्स स्पेशल ऑपरेशन मेजर क्राइम यूनिट के सीनियर जांच अधिकारी (डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर) जॉनी कैंपबेल ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि ईएमएसओयू और नॉर्थम्पटनशायर पुलिस के जासूस महिला की मौत के कारण का पता लगाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं।

### स्लोवेनिया में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोगों की मौत

**जुब्लजाना, एजेंसी।** प्रीकमुरजे इलाके में मनोरम दृश्यों से रू-ब-रू करा रहा था। खबर के मुताबिक, शुरू में विमान में चार लोगों को ले जाने की योजना थी, लेकिन एक व्यक्ति पीछे छूट गया। उत्तर-पूर्वी स्लोवेनिया में रविवार को कोहरे के कारण एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बल को रविवार दोपहर दुर्घटना के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने स्लोवेनिया के सार्वजनिक प्रसारक 'आरटीवी स्लोवेनिया' को बताया कि सेसना स्काईहॉक विमान उस समय दुर्घटनाग्रस्त हुआ जब वह यात्रियों को प्रीकमुरजे इलाके में मनोरम दृश्यों से रू-ब-रू करा रहा था। खबर के मुताबिक, शुरू में विमान में चार लोगों को ले जाने की योजना थी, लेकिन एक व्यक्ति पीछे छूट गया।

### उत्तरी गाजा में इजराइली हमले में 30 लोग मारे गए

**गाजा, एजेंसी।** स्थानीय लोगों ने बताया कि कई मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। इससे पहले, इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि उसने बेत लाहिया में ''आतंकवादी ठिकानों'' पर कई हमले किए। उत्तरी गाजा के बेत लाहिया में रविवार तड़के हुए इजराइली हमले में कम से कम 30 लोग मारे गए। एक अस्पताल के निदेशक ने यह जानकारी दी। बेत लाहिया में कमाल अदवान अस्पताल के निदेशक होसम अबू सफिया ने यह भी बताया कि हमले में दर्जनों लोग घायल हुए हैं और कई लोग अब भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। इससे पहले, इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि उसने बेत लाहिया में ''आतंकवादी ठिकानों'' पर कई हमले किए। बयान में कहा गया कि ''युद्ध क्षेत्र'' से नागरिकों को निकालने के प्रयास जारी हैं। इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा में फिर से हमले तेज करते हुए कहा है कि हमास के आतंकवादी वहां फिर से संगठित हो गए हैं।

### ब्रिटेन की पूर्व पीएम लिज़ ट्रस ने कहा- भारत ने यूके को पछाड़ा, संकट में पश्चिमी देश

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज़ ट्रस ने शनिवार को एक समिट में कहा कि भारत को क्वाड और जी7 जैसे वैकल्पिक ढांचों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनना चाहिए, जो वर्तमान समय में चीन के बढ़ते खतरे और संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक मुद्दों को हल करने में अक्षमता के कारण अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। लिज़ ट्रस ने भारत और चीन के बीच लोकतंत्र और कानून के शासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को लेकर बड़ा अंतर बताया। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य में महत्वपूर्ण नेतृत्व की भूमिका निभाने वाला है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि चीन के बढ़ते खतरे के बीच भारत का क्वाड (जो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ गठबंधन है) में योगदान बेहद अहम है। ट्रस ने कहा कि पश्चिमी देश गंभीर संकट में हैं और ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था भारत के सुधारों की वजह से पीछे रह गई है। उन्होंने यह स्वीकार किया कि भारत ने आर्थिक विकास के मामले में ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है। जिसमें वामपंथी विचारधारा का मुकाबला, लोगों को अधिक अधिकार और व्यवसायों को अधिक अवसर देना शामिल है। लिज़ ट्रस ने उम्मीद जताई कि भारत और ब्रिटेन के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता (एफएटी) जल्द ही पूरा हो सकता है।

# रूस ने यूक्रेन पर 210 मिसाइल-ड्रोन दागे: रिपोर्ट में दावा- अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल इस्तेमाल करने की इजाजत दी

**कीव, एजेंसी।** रूस ने यूक्रेन पर 120 मिसाइल और 90 ड्रोन के साथ रविवार देर रात बड़ा हमला कर दिया। रूसी हमले में यूक्रेन के पावर सिस्टम को निशाना बनाया गया है। कई पावर प्लांट और ट्रांसफॉर्मर बुरी तरह से डैमेज हुए हैं, जिसके बाद देश में पावर कट का ऐलान कर दिया गया है। पावर इंफ्रास्ट्रक्चर ठीक करने के लिए यूक्रेन के सरकारी पावर ऑपरेटर उक्रेनेर्गो ने सोमवार को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक कई घंटो के लिए दो बार पावर कट किए जाने का ऐलान किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि एक रूसी मिसाइल ने यूक्रेन की नौ मंजिला रिहायशी इमारत पर हमला किया। इसमें बच्चों सहित आम नागरिकों की मौत हुई। बीबीसी के मुताबिक, रूसी हमले में अभी तक कुल 10 लोगों की मौत हुई है।

हमले में बैलिस्टिक मिसाइल, क्रूज मिसाइल और ड्रोन से राजधानी कीव, डोनेट्स्क, ल्वीव, ओडेसा सहित यूक्रेन के कई हिस्सों को निशाना बनाया गया। अपने डिफेंस में यूक्रेन ने 140 रूसी मिसाइल और ड्रोन को मार गिराया।



**अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल इस्तेमाल की इजाजत दी :** रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह पुष्टि की है कि अमेरिका ने यूक्रेन को आर्मी टेक्टिकल मिसाइल सिस्टम (एटीएसीएमएस) इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। यह मिसाइल 300 किलोमीटर की दूरी तक निशाना साध सकती है। यूक्रेन इसका इस्तेमाल रूस और नॉर्थ कोरियाई सैनिकों के खिलाफ कर सकता है। नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पद संभालने से पहले जो बाइडेन ने यह बड़ा फैसला लिया है। रूस के नॉर्थ कोरिया को युद्ध में शामिल करने के चलते अमेरिका ने लंबी दूरी की मिसाइल इस्तेमाल करने की इजाजत देने का फैसला लिया है। हालांकि अभी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने ऐसी कोई इजाजत मिलने की पुष्टि नहीं की है। उन्होंने कहा- आज, मीडिया में कई लोग इस बारे में बात कर रहे हैं कि हमें उचित कार्रवाई करने की अनुमति मिल गई है, लेकिन प्रहार शब्दों से नहीं किए जाते। ऐसी बातों की घोषणा नहीं की जाती। रॉकेट खुद अपने लिए बोलेंगे। रूसी राष्ट्रपति ने कहा था इजाजत का मतलब नाटो का युद्ध में उतरना समझा जाएगा पिछले कुछ समय से अमेरिका और ब्रिटेन यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल इस्तेमाल करने की इजाजत देने पर विचार कर रहे थे। इस पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने चेतावनी दी थी कि ऐसे हथियारों के इस्तेमाल करने की इजाजत देने का मतलब यह समझा जाएगा कि नाटो, रूस के खिलाफ जंग में उतर चुका है। उन्होंने कहा था कि अगर ऐसा होता है तो वे इसका जवाब जरूर देंगे। पुतिन ने एक सरकारी टीवी चैनल पर कहा कि इससे बहुत कुछ बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि इन हथियारों का इस्तेमाल सैटेलाइट के बिना संभव नहीं है। यूक्रेन के पास ऐसी तकनीक नहीं है। यह केवल यूरोपीय यूनियन के सैटेलाइट या फिर अमेरिकी सैटेलाइट की मदद से ही हो सकता है। पुतिन ने आगे कहा कि सिर्फ नाटो सैन्यकर्मियों को ही इन मिसाइल सिस्टम का इस्तेमाल करने के लिए ट्रेनिंग ले रखी है। यूक्रेनी सैनिक ये मिसाइल ऑपरेट नहीं कर सकते।

**युद्ध के 1000 दिन पूरे होने वाले हैं :** 24 फरवरी 2022 को रूसी सेना टैंक के साथ यूक्रेन की सीमा के अंदर घुसी थी। इसी दिन से युद्ध का ऐलान हो गया था। मंगलवार, 9 नवंबर को इस युद्ध के एक हजार दिन पूरे हो जाएंगे। इस बीच ग्लोबल लीडर्स जी20 समिट के लिए ब्राजील में मिल रहे हैं। जेलेंस्की ने उनसे यूक्रेन-रूस युद्ध के मुद्दों को नजरअंदाज न करने की अपील की है।

## मोहम्मद यूनुस ने चला नया पैंतरा, बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को बताने लगे प्रोपेगेंडा



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने देश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर नया पैंतरा चला है। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने कहा, 'हमने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की है कि हिंदू समुदाय के सदस्यों समेत देश का कोई भी नागरिक हिंसा का शिकार न बने। हम यह प्रयास जारी रखेंगे।' उन्होंने कहा कि जब अंतरिम सरकार ने सत्ता संभाली थी, तब बांग्लादेश पूरी तरह असुरक्षित देश था। यूनुस ने कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यकों में अनावश्यक भय फैलाने का प्रयास किया गया। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि उनकी सरकार उन सभी मामलों की जांच कर रही है, जहां धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की गई। उन्होंने कहा, 'कुछ मामलों में उन्हें हिंसा का भी सामना करना पड़ा है। इस बारे में जो भी प्रचार किया गया वह पूरी तरह से अतिशयोक्तिपूर्ण है। हिंसा के जो छोटे-मोटे मामले हुए वे मुख्य रूप से राजनीतिक थे।' उन्होंने कहा कि इन घटनाओं को धार्मिक रंग देकर देश को फिर से अस्थिर करने के प्रयास किए गए। सरकार ने सभी के सहयोग से स्थिति से दृढ़ता से निपटा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के सत्ता में आने के दो महीने बाद देश भर में लगभग 32,000 पूजा मंडपों में दुर्गा पूजा मनाई गई। 17 करोड़ आबादी में हिंदुओं की संख्या 8 प्रतिशत यूनुस ने कहा कि सरकार ने दुर्गा पूजा के दौरान व्यापक सुरक्षा तैयारियां की ताकि हिंदू समुदाय के सदस्य त्योहार को सुचारू रूप से मना सकें। बांग्लादेश की 17 करोड़ आबादी में हिंदुओं की संख्या करीब 8 प्रतिशत है। मालूम हो कि बांग्लादेश में अगस्त में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शनों के चलते सत्ता से बेदखल होने के बाद हसीना भारत चली गई थीं।

## टेक अरबपति ने जवान दिखने के लिए बेटे का खून चढ़वाया, फिर बिगड़ा चेहरा देख उड़ गए होश !

**वाशिंगटन, एजेंसी।** हर कोई जवान और आकर्षक दिखना चाहता है, लेकिन कुछ लोग इस चाहत में सारी सीमाएं पार कर जाते हैं। टेक उद्योग के अरबपति ब्रायन जॉनसन ने उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को रोकने और हमेशा युवा दिखने के लिए बेहद अनोखे और जोखिम भरे उपाय किए हैं। उन्होंने अपने बेटे का खून अपने शरीर में ट्रांसफर करवाया और इसके बाद अपने चेहरे में फैट इंजेक्ट करवा कर प्रोजेक्ट बेबी फेस की शुरुआत की। ब्रायन ने बताया कि उनके शरीर से बहुत अधिक वसा निकल रही थी, जिससे उनका चेहरा दुबला होता जा रहा था। विशेषज्ञों की सलाह पर उन्होंने अपने चेहरे पर वसा इंजेक्ट करवाई, ताकि युवा दिखने वाली त्वचा बरकरार रखी जा सके। चूंकि उनके शरीर में पर्याप्त वसा उपलब्ध नहीं थी, उन्होंने एक डोनर की मदद ली। फैट इंजेक्शन के तुरंत बाद उनका चेहरा बुरी तरह फूल गया और एलर्जिक प्रतिक्रिया शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि शुरुआती सात दिन उनके लिए बेहद मुश्किल रहे। हालांकि, धीरे-धीरे उनका चेहरा सामान्य हुआ। उन्होंने इस प्रक्रिया के दौरान खींची गई तस्वीरें और अनुभव सोशल मीडिया पर साझा किए। ब्रायन जॉनसन 2020 से अपनी बढ़ती उम्र को रोकने के लिए कई अनोखे ट्रीटमेंट और सख्त दिनचर्या का पालन कर रहे हैं।

# ट्रूडो ने माना प्रवासियों के मुद्दे पर फेल हो गई कनाडा सरकार

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने स्वीकार किया है कि उनकी सरकार ने कुछ गलतियां की हैं जिसकी वजह से देश में प्रवासियों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। ट्रूडो ने रविवार को अपने आधिकारिक यूटयूब चैनल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में यह बातें कही हैं। जस्टिन ट्रूडो ने वीडियो में कहा, पिछले दो सालों में हमारी जनसंख्या तेजी से बढ़ी है। नकली कॉलेज और बड़े कॉपरशंस अपने स्वार्थ के लिए हमारी प्रवासी नीतियों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रूडो ने कहा है कि कोविड-19 महामारी के बाद उन्होंने देश में श्रमिकों को लाने की मांग थी। उन्होंने कहा, हमने श्रमिकों को आमंत्रित किया क्योंकि उस वक्त यह सही विकल्प था। हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ी। रेस्तरां और स्टोर फिर से खुल गए, व्यवसाय चलते रहे, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बहुत से अर्थशास्त्रियों की भविष्यवाणियों के बावजूद हमने मंदी को टाल दिया। कुछ लोगों ने इसे सिस्टम को धोखा देने के लिए मुनाफा कमाने के अवसर के रूप में देखा।

ट्रूडो ने आगे कहा, बहुत से कॉलेज और विश्वविद्यालय अपने मुनाफे को बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय छात्रों का इस्तेमाल करते हैं। इस धोखाधड़ी को रोकने की जरूरत है। उन्होंने कुछ शैक्षणिक संस्थानों द्वारा घरेलू छात्रों द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि की तुलना में अंतरराष्ट्रीय छात्रों से दसियों हजार डॉलर अधिक वसूलने में सक्षम होने के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, कुछ बुरे लोग हैं जो नौकरियों, डिप्लोमा और नागरिकता के आसान रास्ते के वादों के साथ अप्रवासियों को निशाना बनाते हैं। ट्रूडो ने यह भी स्वीकार किया कि कनाडा ने इन चुनौतियों का जवाब देने में देर कर दी थी। उन्होंने कहा, जब महामारी के बाद स्थिति ठंडी पड़ गई और व्यवसायों को अब अतिरिक्त श्रमिकों की जरूरत नहीं थी तो हम तेजी से काम कर सकते थे। उन्होंने कहा कि कनाडा अगले दो सालों के लिए प्रभावी रूप से जनसंख्या वृद्धि को रोकना चाहता है और 2027 के बाद से यह धीरे-धीरे एक स्थायी गति से फिर से बढ़ना शुरू कर देगा।



गौरतलब है कि कनाडा ने परमानेंट रेजिडेंस की संख्या में लगातार कटौती की है। 24 अक्टूबर को इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा, आईआरसीसी द्वारा घोषित नई योजना में 2025 में प्रस्तावित 5,00,000 से 395,000 तक की कमी देखी जाएगी। इसी तरह 2026 के लिए यह संख्या 5,00,000 से घटाकर 380,000 की जा रही है। 2027 के लिए लक्ष्य 3,65,000 है। इस साल जारी किए जाने वाले पीआर की संख्या 4,85,000 थी। 18 सितंबर को, आईआरसीसी ने कहा कि 2025 के लिए स्टडी परमिट जारी करने की सीमा 4,37,000 होगी जो इस साल के लिए 485,000 के लक्ष्य से कम है।

प्रवासियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी की वजह से कनाडा में घरो के दाम बढ़ने के साथ-साथ लोगो को जीवन-यापन की समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। इससे सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी की अगले चुनावों में सत्ता में वापसी की संभावनाएं भी कम हो रही हैं। कनाडा में अक्टूबर 2025 मे चुनाव होने को हैं। इससे पहले ट्रूडो शासन को हाउस ऑफ कॉमन्स मे अविश्वास प्रस्ताव जैसी चुनौतियो का सामना करना पड़ रहा है।

## बाइडेन ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रमुख पहलों की घोषणा की

### अमेजन फंड को अतिरिक्त 50 मिलियन डॉलर देने का वादा किया

**रियो डी जेनेरियो , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए रविवार को प्रमुख जलवायु पहलों की घोषणा की. राष्ट्रपति बाइडेन आज रियो डी जेनेरियो में आयोजित होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील में रहेंगे. उन्होंने रविवार को अमेजन वर्षावन का दौरा किया. ऐसा करने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए. अपनी यात्रा के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए, बाइडेन ने अमेजन फंड में योगदान के रूप में अतिरिक्त 50 मिलियन डॉलर देने का वादा किया. अमेरिका ने पहले 50 मिलियन डॉलर का योगदान दिया है. संबोधन के दौरान, बाइडेन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से लड़ना उनके प्रशासन का निर्णायक कारण रहा है. इससे निपटने के लिए चार प्रमुख घोषणाएं कीं. उन्होंने घोषणा की कि अमेरिकी विकास वित्त निगम अमेजन को फिर से वनीकरण करने के लिए एक ब्राजीलियाई कंपनी के साथ साझेदारी में सैकड़ों डॉलर जुटाएगा. उन्होंने ब्राजील में 20,000 वर्ग मील भूमि को बहाल करने और उसकी रक्षा करने के लिए 2030 तक कम से कम 10 बिलियन डॉलर जुटाने के



लिए बहाली और जैव अर्थव्यवस्था वित्त गठबंधन का भी वादा किया. इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अमेरिका ब्राजील के राष्ट्रपति लूला की महत्वपूर्ण नई पहल द ट्रॉपिकल फॉरेस्ट फॉरएवर फंड को लॉन्च करने में मदद करने के लिए धन मुहैया कराएगा. राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि यह हम सभी के हित में है. अमेरिका को इससे उतना ही लाभ होता है जितना कि ब्राजील सहित किसी भी अन्य देश को होता है. राष्ट्रपति बाइडेन ने रेखांकित किया कि ग्रह की रक्षा के लिए लड़ाई वास्तव में आने वाली पीढ़ियों के लिए मानवता की लड़ाई है. उन्होंने कहा कि मैं अपने उत्तराधिकारी और अपने देश को मजबूत आधार देकर जाऊंगा, अगर वे ऐसा करना चाहें. यह सच है कि कुछ लोग अमेरिका में चल रही हरित ऊर्जा क्रांति को नकारना और विलंबित करना चाह सकते हैं, लेकिन कोई भी इसे उलट नहीं सकता. राष्ट्रपति बाइडेन की यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब राष्ट्रपति-चुनाव ट्रंप के हाल ही में हुए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में जीत के बाद जनवरी 2025 में पदभार संभालने से कुछ ही दिन पहले यह घोषणा की गई है. अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले प्रशासन के दौरान, ट्रंप जलवायु कारणों के प्रति न तो मुखर रहे हैं और न ही बहुत सहायक रहे हैं. डोनाल्ड ट्रंप ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में 295 इलेक्टोरल वोट हासिल करने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में दूसरा कार्यकाल जीता, उन्होंने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को हराया, जिन्हें 226 वोट मिले. अपनी जीत के बाद, राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी 2025 में अपने औपचारिक उद्घाटन से पहले अपनी विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा टीम को अंतिम रूप देने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं.

## अल फशेर में भीषण लड़ाई, एसएएफ का दावा- आरएसएफ के 150 लड़कों की मौत

**पोर्ट सूडान , एजेंसी।** सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने दावा किया है कि एक भीषण लड़ाई में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के 150 लड़ाके मारे गए। एसएएफ के मुताबिक पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी अल फशेर में यह लड़ाई हुई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अल फशेर में एसएएफ की 6वीं इन्फैंट्री डिवीजन की कमान ने एक बयान में कहा, हमारे बल एल फशेर के दक्षिण-पूर्व में लगातार लड़ाई में लगे हुए हैं। बयान में कहा गया, अब तक कई मिलिशिया ठिकानों पर कब्जाी कर लिया गया है, जिसमें दुश्मन के 150 से अधिक हताहत होने का अनुमान है, साथ ही यह भी कहा गया कि एसएएफ यूनिट महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल कर रही है। आरएसएफ ने अभी तक संघर्ष पर कोई टिप्पणी नहीं की है। सूडान अप्रैल 2023 के मध्य से एसएएफ और आरएसएफ के बीच विनाशकारी संघर्ष में उलझा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अनुमान के अनुसार, इस घातक संघर्ष की वजह से 24,850 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और 14 मिलियन से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्मियों ने चेतावनी दी है कि सूडान में बढ़ती हिंसा के कारण हजारों लोग खतरे में हैं। यह हिंसा मानवीय संकट को



और गंभीर बना रही है। इंटरनेशनल माइग्रेशन ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, एक महीने से भी कम समय में, सूडान की राजधानी खार्तूम के दक्षिण मे अज जजीरा राज्य में 3,43,000 से अधिक सूडान के नागरिक विस्थापित हो गए हैं। ये नागरिक लगातार बढ़ रही लड़ाई और असुरक्षा के बीच मौजूद हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार उनमें से अधिकांश पड़ोसी राज्यों गेदारेफ और कसाला में भाग गए हैं, जहां संयुक्त राष्ट्र और उनसे साझेदार, मेजबान लोगों के साथ मिलकर भोजन, शेल्टर, हेल्थ केयर, मनोवैज्ञानिक सेवाएं, पानी और स्वच्छता समेत इमरजेंसी सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं।

# जमात-ए-इस्लामी प्रमुख ने बलूचिस्तान, केपी में सुरक्षा संकट को हल करने के लिए बातचीत का आह्वान किया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जमात-ए-इस्लामी (जेआई) के प्रमुख हाफिज नईमुर रहमान ने सरकार से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा (के-पी) में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति सहित महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने के लिए संबंधित हितधारकों के साथ बातचीत शुरू करने का आह्वान किया है. रविवार को जेआई के इस्लामाबाद कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए, उन्होंने संकटग्रस्त क्षेत्रों में जीवन की सुरक्षा के लिए नीतियों को संशोधित करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का जीवन कीमती है. सरकार को अपनी नीति पर फिर से विचार करने की जरूरत है. रहमान ने अफगानिस्तान की तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार से जिम्मेदारी से काम करने और यह सुनिश्चित करने की भी अपील की कि अफगान क्षेत्र का इस्तेमाल पाकिस्तान सहित अन्य देशों के खिलाफ न किया जाए. सहयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उन्होंने पाकिस्तानी सरकार से आपसी चिंताओं को हल करने के लिए अफगानिस्तान के साथ बातचीत करने का आग्रह किया. जेआई प्रमुख ने विशेष रूप से बिजली की लागत संकट के मद्देनजर आर्थिक राहत के अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए सरकार की आलोचना की. रहमान ने कहा कि संघीय सरकार ने इस साल की शुरुआत में आयोजित धरना-प्रदर्शनों के बाद जेआई के साथ किए गए समझौतों को लागू नहीं किया है. उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा हाल ही में घोषित शीतकालीन बिजली राहत पैकेज को अपर्याप्त बताते हुए इसे मजाक और जनता के लिए धोखा करार दिया. प्रधानमंत्री शहबाज



शरीफ ने अल्लामा मुहम्मद इकबाल की जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम के दौरान एक बिजली राहत पैकेज का अनावरण किया, जिसमे सर्दियों के महीनों के दौरान घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 26.7 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट, औद्योगिक उपयोगकर्ताओं के लिए 15.5 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं के लिए 22.71 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट तक की कटौती का वादा किया गया. हालांकि, रहमान ने पैकेज की आलोचना की और इसकी प्रासंगिकता और स्थिरता पर सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि कोई 500 यूनिट की खपत क्यों करेगा? जनता को बेवकूफ बनाने का यह नाटक बंद होना चाहिए. उन्होंने कहा कि 60 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर का ईंधन शुल्क का बोझ नागरिकों पर पड़ रहा है।

# अमेजन और फ्लिपकार्ट के 19 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

### फेमा नियमों के उल्लंघन का मामला

**मुंबई ।**

ई-कॉमर्स कंपनियां अमेजन और फ्लिपकार्ट विदेशी निवेश से जुड़े नियमों के कथित उल्लंघन के कारण प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के दायरे में आ गई हैं। इस मामले में फेमा नियमों के उल्लंघन के संदर्भ में ईडी ने इन कंपनियों से जुड़े 19 से अधिक ठिकानों पर तलाशी ली है।

सूत्रों के अनुसार, ईडी मामले में अमेजन और फ्लिपकार्ट के टॉप अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुला सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि विदेशी निवेश नियमों के उल्लंघन के आरोपों की प्रारंभिक जांच पूरी होने के बाद दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाया जा सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद और पंचकूला (हरियाणा) में अमेजन और फ्लिपकार्ट के विक्रेताओं से जुड़े 19 से अधिक ठिकानों पर ईडी द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान के बाद ये बात सामने आई है। मामला संज्ञान में आने के बाद एजेंसी ने अनियमितताओं के सबूत जुटाने के उद्देश्य से फेमा नियमों के तहत ये तलाशी अभियान चलाया था।

ईडी की जांच कई तरह की शिकायतों के आने के बाद देखने को मिली है। इसमें आरोप लगाया गया कि अमेजन और फ्लिपकार्ट प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चुनिंदा




वेंडर्स को फायदा पहुंचाकर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। दोनों कंपनियों के खिलाफ शिकायत करने वालों का तर्क है कि इस तरह ये ये ई-कामर्स प्लेटफॉर्म पर अन्य वेंडर्स को समान अवसर नहीं दे रही हैं, जो कि भारत में फेमा के दिशा-निर्देशों के विपरीत है।

सूत्रों की मानें तो ईडी द्वारा तलाशी अभियान चलाए जाने और प्रारंभिक जांच के दौरान मिले सबूतों को इकठ्ठा करने के बाद दोनों कंपनियों के टॉप अधिकारियों को तलब करने की संभावना है।

# सीसीआई ने मेटा पर लगाया 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना

### -वॉट्सएप पर पांच साल तक मेटा के साथ डेटा साझा करने पर रोक

**नई दिल्ली।**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने मेटा प्लेटफार्म पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना ठोका है। यह जुर्माना वॉट्सएप की 2021 की प्राइवेसी पॉलिसी के जरिए मेटा द्वारा अपने प्रभावशाली बाजार स्थिति का दुरुपयोग करने के कारण लगाया गया है। यह फैसला पॉलिसी को कैसे लागू किया गया और यूजर्स का डेटा कैसे इकट्ठा और मेटा कंपनियों के साथ साझा किया गया।

इसके अलावा सीसीआई ने मेटा और वॉट्सएप को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे एक तय समयसीमा के अंदर अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करें। सीसीआई ने आदेश दिया है कि वॉट्सएप अगले पांच साल तक मेटा कंपनियों के साथ विज्ञापन के लिए यूजर्स का डेटा साझा नहीं कर सकता है।

इस अवधि के बाद यूजर्स को यह विकल्प दिया जाना चाहिए कि वे गैर-सेवा संबंधी डेटा शेयरिंग से बाहर हो सकें। इसके साथ ही वॉट्सएप को यह साफ तौर पर बताना होगा कि मेटा कंपनियों के साथ कौन-सा डेटा साझा किया है, उसका इस्तेमाल कैसे किया जाता है और उसका उद्देश्य क्या है। यह फैसला वॉट्सएप के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि भारत में इसके 500 मिलियन से ज्यादा यूजर्स हैं। सीसीआई ने वॉट्सएप की 2021 की सेवा शर्तों और प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर यह फैसला सुनाया है। इस पॉलिसी में यूजर्स को मेटा कंपनियों के साथ डेटा शेयरिंग की नई शर्तें स्वीकार करना जरुरी किया था अन्यथा वे ऐप का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे।

उस समय ने ऐप के भीतर नोटिफिकेशन भेजकर यूजर्स को 8 फरवरी, 2021 तक इन शर्तों को मानने को कहा था। यह पॉलिसी 25 अगस्त, 2021 की पुरानी पॉलिसी से अलग थी, जिसमें यूजर्स को फेसबुक के साथ डेटा शेयरिंग से ऑप्ट आउट करने की सुविधा दी गई थी।

सीसीआई ने कहा कि वॉट्सएप की 2021 की पॉलिसी ÷ले लो या छोड़ दो÷ की तरह थी, जो उपयोगकर्ताओं को मेटा ग्रुप के साथ डेटा शेयरिंग की शर्तें जरुरी रूप से स्वीकार करने पर मजबूर करती थी।

इसे आयोग ने अनुचित शर्त माना है। पिछले साल सीसीआई ने गूगल के एंड्रॉइड मामले में 1338 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था और कंपनी से बिजनेस मॉडल में बदलाव करने को कहा था।

# पुणित गोयनका ने ज़ी-एंटरटेनमेंट के एमडी पद से दिया इस्तीफा, कंपनी ने बनाया सीईओ

**नई दिल्ली।** पुणित गोयनका ने ज़ी-एंटरटेनमेंट के एमडी पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने उन्हें मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बनाया है। कंपनी ने 18 नवंबर को कारोबार की समाप्ति पर उनके इस्तीफे को मंजूर की लिया और उसी दिन सीईओ के तौर पर उनकी नियुक्ति भी कर दी। ज़ी-एंटरटेनमेंट ने जानकारी दी कि कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) मुकुंद गलगली को डिप्टी सीईओ बनाया है। यह बदलाव कंपनी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए किया है। पुणित गोयनका की नई भूमिका उनकी मौजूदा फुल-टाइम नौकरी जैसी ही होगी। हालांकि, उनके वेतन का 40 फीसदी वेरिएबल हिस्सा उन्हें केवल कुछ विशेष लक्ष्यों को पूरा करने पर ही दिया जाएगा। इस वेतन की अधिकतम सीमा बोर्ड द्वारा तय की गई है। ज़ी-एंटरटेनमेंट के मुताबिक इस कदम के जरिए गोयनका कंपनी के प्रदर्शन और मुनाफे को बेहतर करने पर पूरी तरह ध्यान देंगे। यह फैसला बोर्ड और नामांकन व वेतन समिति की 15 नवंबर 2024 की बैठक में लिया गया।

बोर्ड ने कहा कि पुणित गोयनका कंपनी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सक्षम हैं। ज़ी-एंटरटेनमेंट ने कहा कि कंपनी मजबूत स्थिति में है और अपने भविष्य के लिए ठोस नींव तैयार करने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। यह तय करने के लिए कि हमारे लक्ष्य पूरे हों, संचालन स्तर पर ज्यादा समय और ऊर्जा की जरुरत है। पुनीत गोयनका, जो मीडिया दिग्गज सुभाष चंद्रा के बेटे हैं, उन्होंने कंपनी के संचालन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सीईओ के रूप में फिर से नियुक्ति की मांग की है। ज़ी-एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड बोर्ड ने 18 अक्टूबर को गोयनका को 5 साल के लिए फिर से सीईओ बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह कार्यकाल 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2029 तक रहेगा। हालांकि, यह नियुक्ति कंपनी के शेयरहोल्डर्स की 28 नवंबर को होने वाली एनुअल जनरल बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। पिछले हफ्ते बोर्ड ने पुनीत गोयनका के प्रदर्शन के लिए नए और ऊंचे लक्ष्यों को तय किया। विगत दिवस बैठक में बोर्ड ने अगले चार तिमाहियों के लिए समेकित राजस्व और कमाई का लक्ष्य तय किए। साथ ही कंपनी के समेकित शुद्ध लाभ का 25 फीसदी डिविडेंड के रूप में शेयरहोल्डर्स को देने का लक्ष्य तय किया गया है।

# साल 2031 तक 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली ।**

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2031 तक 7 ट्रिलियन डॉलर के आकार तक पहुंचने की उम्मीद है। इस ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दौरान देश की जीडीपी की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि, वित्त वर्ष 2025 से लेकर 2031 तक की वार्षिक वृद्धि दर महामारी से पहले के दशक की औसत वृद्धि दर (6.6 प्रतिशत) के आसपास होगी। इस विकास को मुख्य रूप से पूंजीगत खर्च और उत्पादकता में सुधार से प्रेरित बताया गया है। 2023-24 के चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी विकास दर 6.8 प्रतिशत तक रहने की संभावना है, जिसका कारण उच्च ब्याज दरें और सख्त लेंडिंग नियम हैं, जिससे शहरी मांग पर असर पड़ा है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि केंद्र सरकार के राजकोषीय घाटे को कम करने के प्रयासों का प्रभाव अर्थव्यवस्था के विकास पर देखने को मिलेगा। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 2024-25 में औसत 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले साल के 5.4 प्रतिशत से कम होगी। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि मौसम की स्थिति और भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं विकास और महंगाई के लिए महत्वपूर्ण जोखिम हैं। इस वर्ष खरीफ की बुआई अधिक हुई है, लेकिन बेमौसम बारिश और अन्य मौसम संबंधित प्रभावों को लेकर सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि भू-राजनीतिक तनाव के कारण आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हो सकती हैं, व्यापार में विघ्न आ सकता है और तेल की कीमतों में वृद्धि हो सकती है, जो महंगाई और इनपुट लागत को प्रभावित कर सकती है।

# बीते एक साल से निवेशकों को निराशा कर रहा रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर

**नई दिल्ली ।**

पिछले कुछ दिनों से शेयर मार्केट में गिरावट जारी है। हालांकि मंगलवार को शेयर मार्केट में काफी दिनों बाद तेजी दिखाई दी। वहीं दूसरी ओर देश की सबसे ज्यादा वैल्यू वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज कुछ समय से निवेशकों को निराश कर रही है। मुकेश अंबानी की कंपनी के शेयर की कीमत पिछले एक साल काफी गिर गई है। मंगलवार को रिलायंस के शेयरों में एक फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। यह तेजी काफी समय बाद दिखाई दी है। इसके बावजूद इसकी कीमत पिछले 11 माह के स्तर पर है।

पिछले एक साल में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 8 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी गई है। एक साल पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर की कीमत 1174.68 रुपये थी। अब इस शेयर की कीमत 1277.15 रुपये है। इसके बाद शेयर में एक साल में करीब 8.60 फीसदी की ही तेजी आई है। मंगलवार को इसकी कीमत में उतार-चढ़ाव जारी था। निफ्टी 50 ने एक साल में रिलायंस इंडस्ट्रीज से बेहतर प्रदर्शन किया है। निफ्टी 50 में देश की टॉप 50 कंपनियां होती हैं। निफ्टी 50 एक साल पहले 19694 अंक पर था। अभी यह करीब 23,747 पर है। रिलायंस का शेयर इस साल जुलाई में 1608 रुपये पर पहुंच गया था। यह इसका अब तक का हाई है। लेकिन अपने हाई पर पहुंचने के बाद मानों मुकेश अंबानी की कंपनी के शेयर पर किसी की नजर लग गई। इसके बाद इसमें गिरावट का दौर शुरू हो गया। इसके बाद जुलाई से लेकर अब तक इसमें 20 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। वहीं पिछले एक महीने में रिलायंस का शेयर करीब 6.80 फीसदी गिर गया है। वहीं पिछले 6 महीने में भी इसमें तगड़ी गिरावट आई है। इतने समय में यह 11 फीसदी से ज्यादा गिर गया है। गिरावट के बावजूद जानकार इस शेयर को खरीदने की सलाह दे रहे हैं। कुछ जानकारों का कहना है कि इस शेयर को लॉन्ग टर्म के लिए खरीदकर रखा जा सकता है। कंपनी ने लॉन्ग टर्म में निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है।

## रुपया गिरावट पर बंद

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ ही 84.43 पर बंद हुआ। गत दिवस रुपया 84.41 पर बंद हुआ था। वहीं आज सुबह रुपया 84.07 पर खुला। इससे पहले सोमवार को रुपया पांच पैसे की बढ़त पर बंद हआ। गत दिवस सुबह विदेशी पूंजी की निकासी के बाद भी रुपया 84.38 प्रति डॉलर पहुंच गया था। यह निम्नतम स्तर से ऊपर उठकर आठ पैसे की बढ़ोतरी दिखाता है। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने बताया कि तेल की कीमतों में गिरावट के कारण ही मुद्रा में सुधार आया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपया 84.42 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 84.38 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इस बढ़ोतरी के बावजूद रुपया गुरुवार को 84.46 पर बंद हुआ था। वहीं अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 106.68 पर रुका। विदेशी संस्थागत निवेशक एफआईआई ने गुरुवार को 1,849.87 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जो दिखाता है कि वे बाजार में बिकवाल रहे। विदेशी मुद्रा बाजार में निर्धारित संबंधों के बावजूद, रुपया ने एक मजबूत प्रदर्शन किया और अमेरिकी डॉलर को मुकाबले काफी मजबूती दिखाई।




## रियलमी जीटी 7 प्रो की डिस्प्ले तकनीक मिल का पत्थर साबित

**नई दिल्ली ।** चाइनीज कंपनी रियलमी ने डिस्प्ले इनोवेशन की सीमाओं को आगे बढ़ाया है और अब उसने जीटी 7 प्रो स्मार्टफोन के साथ एक नई दिशा में कदम बढ़ाया है। रियलमी जीटी 7 प्रो की डिस्प्ले तकनीक स्मार्टफोन के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रही है। यह तकनीक पहले केवल सैमसंग के महंगे फोल्डेबल स्मार्टफोन में ही देखने को मिलती थी, लेकिन अब रियलमी ने इसे प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में पेश किया है, जो विजुअल तकनीक के नए मानक स्थापित कर रहा है। इसके डिस्प्ले में रियलवर्ल्ड इकोद्द तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो पोलराइज़र के बिना पहला स्मार्टफोन डिस्प्ले है। इस स्मार्टफोन की डिस्प्ले में 120 प्रतिशत डीसीआई-पी3 कलर गैमट का समर्थन किया गया है, जो प्रोफेशनल मॉनिटर्स से भी बेहतर है। इसके कारण हर फोटो, वीडियो और एनीमेशन को अत्यधिक जीवंत और रंगीन बनाया जाता है। 6500 निट्स की पीक ब्राइटनेस के कारण स्क्रीन धूप में भी पूरी तरह से स्पष्ट दिखाई देती है, जिससे बाहर फोटोग्राफी और नेविगेशन करना बहुत आसान हो जाता है। गेमिंग के शौकिनों के लिए इस डिस्प्ले में 120 एफपीएस की क्षमता और वन पॉइंट फाइव रिज़ॉल्यूशन उपलब्ध है, जिससे फास्ट-पेस्ड गेम्स जैसे पबजी और रेसिंग गेम्स का अनुभव बेहद स्मूथ और इमर्सिव होता है। रियलमी जीटी 7 प्रो की डिस्प्ले तकनीक का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी प्रदर्शन और दक्षता का अनोखा संतुलन है। रियलमी और सैमसंग द्वारा विकसित इको ओलेड प्लस तकनीक ने बिजली की खपत को 52 प्रतिशत तक कम कर दिया है, जबकि दृश्य गुणवत्ता को बरकरार रखा है। इससे उपयोगकर्ता बिना बैटरी की चिंता किए लंबे समय तक स्ट्रीमिंग या गेमिंग का आनंद ले सकते हैं। पोलराइज़र लेयर को हटाने से न सिर्फ पावर की बचत होती है, बल्कि स्क्रीन की रोशनी और स्पष्टता भी बढ़ जाती है, जिससे रोजमर्रा के इस्तेमाल में डिस्प्ले और भी चमकदार और साफ दिखाई देती है।

## मारुति सुजुकी की घरेलू बिक्री में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** बीते महीने अक्टूबर 2024 में मारुति सुजुकी ने 1,59,591 यूनिट्स की घरेलू बिक्री की। कंपनी की यह बिक्री पिछले साल अक्टूबर 2023 में बेची गई 1,68,407 यूनिट्स की तुलना में 5प्रतिशत कम है। वहीं फेस्टिव सीजन की बदौलत सितंबर 2024 की तुलना में 10प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मारुति की अर्टिगा ने 18,785 यूनिट्स की बिक्री के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसमें 32प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई। स्विफ्ट ने 17,539 यूनिट्स बेचीं, हालांकि इसकी बिक्री में 15त्न की गिरावट हुई। ब्रेजा, फ्रॉन्क्स और बलेनो ने क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर कब्जा किया, जबकि ग्रैंड विटारा ने 14,083 यूनिट्स की बिक्री के साथ 30प्रतिशत का शानदार सुधार दिखाया। सेडान सेगमेंट की सियाज ने केवल 659 यूनिट्स बेचीं, जो इसके लंबे समय से अपग्रेड न होने का संकेत है। मारुति सुजुकी ने फेस्टिव सीजन का लाभ उठाकर कुल बिक्री में मामूली बढ़त हासिल की, लेकिन कई मॉडलों की गिरती मांग कंपनी के लिए एक चुनौती बन सकती है। कभी सबसे ज्यादा बिकने वाली ऑल्टो ने केवल 8,548 यूनिट्स बेचीं, जो 24प्रतिशत की गिरावट दर्शाती है। जिम्नी और एक्सएल6 की बिक्री क्रमशः 1,211 और 3,285 यूनिट्स रही, जिनमें 35प्रतिशत और 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई।




## आज शेयर बाजार रहेगा बंद, इस हफ्ते तीन दिन नहीं होगी ट्रेडिंग

### -दिसंबर महिने में भी 10 दिन नहीं होगा कारोबार, बाजार रहेगा बंद

**नई दिल्ली।** 20 नवंबर को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होना है। इस वजह से शेयर बाजार बंद रहेगा। इस दौरान शेयर बाजार में किसी भी प्रकार की ट्रेडिंग नहीं होगी। शेयर बाजार में कब छुट्टी रहती है, इसे लेकर बीएसई और एनएसई साल का कैलेंडर जारी करते हैं। चूंकि कई बार ऐसे मौके आते हैं जब किसी दिन छुट्टी के बारे में कैलेंडर में जानकारी नहीं होती है। ऐसे में बीएसई और एनएनई नोटिफिकेशन के जरिए छुट्टी की घोषणा करते हैं। शेयर बाजार में इस हफ्ते भी तीन दिन छुट्टी रहेगी। पिछले हफ्ते भी तीन दिन छुट्टी थी। पिछले हफ्ते 15 नवंबर को गुरुनानक जयंती के मौके पर शेयर बाजार बंद था। इसके बाद शनिवार और रविवार की छुट्टी हो गई थी। बता दें दिसंबर में 10 दिन कारोबार नहीं होगा। 10 दिन शेयर बाजार बंद रहेगा। इसमें 4 शनिवार और 5 रविवार शामिल हैं। इसके अलावा 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर भी शेयर मार्केट बंद रहेगा। मंगलवार को शेयर मार्केट में काफी दिनों बाद तेजी देखी गई। सेंसेक्स एक हजार अंकों से ज्यादा उछला। वहीं निफ्टी में भी 300 अंकों से ज्यादा की तेजी आई। शेयर बाजार में इस तेजी के साथ निवेशकों को 6 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा मिला।



# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आया है। इस तेजी के साथ ही पिछले दिनों से जारी गिरावट पर भी अंकुश लग गया। आज कारोबार के दौरान इंडेक्स में दिग्गज कंपनियों एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में उछाल से बाजार ऊपर आया। इसके अलावा घरेलू निवेशकों की लगातार खरीदारी से भी बाजार को बल मिला।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 0.31फीसदी तकरीबन 239.37 अंक बढ़कर 77,578.38 पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.28 फीसदी तकरीबन 64.70 अंक बढ़कर 23,472.75 पर बंद हुआ पर निफ्टी की 50 कंपनियों में से 27 के शेयर गिरावट पर बंद हुए।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे ज्यादा 3.55 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। इसके साथ ही टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड और इंफोसिस के शेयर भी बढ़े।

वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, मारुति, टाटा स्टील और भारती एयरटेल के शेयरों में गिरावट रही।

बाजार जानकारों के अनुसार आज निचले स्तरों पर हुई खरीदारी और दिग्गज कंपनियों के शेयरों एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एमएंडएम में उछाल से बाजार ऊपर आया है। बाजार में और भी उछाल आता पर अंतिम घंटे में हुई गिरावट से उसकी तेजी कुछ हद तक कम हुई वहीं विदेशी निवेशकों ने गत दिवस




1,403.40 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,330.56 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।


वहीं एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग बढ़त पर बंद हुए जबकि यूरोपीय बाज़ार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार गत दिवस बढ़त पर बंद हुए।

वहीं इससे पहले बाजार मंगलवार को तेजी के साथ खुला। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनियां भर से मिले मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी रहने से हुआ है। सुबह कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 266 अंकों की बढ़त के साथ 77,605 पर कारोबार करता दिखा, जो 0.34 फीसदी की बढ़त दिखाता है जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 83.70 अंकों तकरीबन 0.36 फीसदी की तेजी के साथ 23,537 का स्तर पर पहुंच गया।

# इंडोनेशिया में आईफोन 16 पर बैंन..... हटवाने दिया 844 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव

**मुंबई ।**

इंडोनेशिया में एप्पल ने आईफोन 16 पर लगे बैन को हटवाने के लिए सरकार को 844 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव दिया है। कंपनी के सूत्रों के मुताबिक, एप्पल ने अपना निवेश प्रस्ताव करीब दस गुना बढ़ा दिया है। यह कदम इंडोनेशिया सरकार को आईफोन 16 पर बैन हटाने के लिए मनाने की नई कोशिश के रूप में सामने आया है। एप्पल अब दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अगले दो साल में करीब 844 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, एप्पल का पहले का निवेश प्रस्ताव केवल 10 मिलियन डॉलर (करीब 84 लाख रुपए) का था। लेकिन अब एप्पल ने अपनी निवेश राशि में भारी वृद्धि की है। इंडोनेशिया के उद्योग मंत्रालय ने अभी प्रस्ताव पर सहमति नहीं दी है, हालांकि पिछले माह आईफोन 16 की बिक्री पर बैन लगा दिया गया था। इंडोनेशिया सरकार ने बैन के बाद एप्पल से कहा था कि वहां अपने स्मार्टफोन के लिए रिसर्च और विकास पर ज्यादा ध्यान दे और लोकल मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए अपनी निवेश योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करे। मंत्रालय का कहना है कि एप्पल ने अपने पिछले निवेश के तहत डेवलपर अकादमियों के माध्यम से लगभग 1.5 ट्रिलियन रुपिया (करीब 801 करोड़ रुपए) का निवेश किया था, जो कि उसकी घोषित प्रतिबद्धता से कम था। एप्पल के अधिकारियों को पहले इंडोनेशिया के उद्योग मंत्री अगुस गुमीवांग कार्तसस्मिता से मिलने के लिए बुलाया गया था, लेकिन जब वे जकार्ता पहुंचे, तब उन्हें बताया गया कि मंत्री उपलब्ध नहीं हैं। इसके




बाद उन्हें मंत्रालय के डायरेक्टर जनरल से मिलना पड़ा। यह घटना एप्पल के निवेश प्रस्ताव और सरकार के साथ बातचीत में अहम मोड़ साबित हुई। इंडोनेशिया सरकार का कहना है कि एप्पपल की लोकल यूनिट ने स्मार्टफोन और टैबलेट के लिए 40 प्रतिशत स्थानीय सामग्री का इस्तेमाल करने की आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं किया, इसलिए आईफोन 16 की बिक्री को बैन कर दिया गया।

## वार्डविजार्ड को इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर निर्यात का बड़ा ऑर्डर मिला

**नई दिल्ली ।** वार्डविजार्ड इनोवेशन्स एंड मोबिलिटी कंपनी को फिलीपींस से इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर निर्यात का बड़ा ऑर्डर मिला है। कंपनी को यह ऑर्डर बेलुआ इंटरनेशनल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन से मिला है। इसके तहत, वार्डविजार्ड ने अपने ब्रांड जॉय ई-बाइक और जॉय ई-रिक के तहत तैयार कस्टमाइज्ड ई-ट्राइक (ड्राइवर प्लस 10 सीट) फिलीपींस भेजा है। वार्डविजार्ड को बेलुआ इंटरनेशनल से 1.29 बिलियन डॉलर का ऑर्डर मिला था। इस कस्टमाइज्ड ई-ट्राइक को फिलीपींस सरकार के सार्वजनिक परिवहन आधुनिकीकरण कार्यक्रम को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य पुराने और प्रदूषणकारी वाहनों को हटाकर उन्हें पर्यावरण-अनुकूल इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलना है। फिलीपींस में सार्वजनिक परिवहन सुधार के लिए यह ई-ट्राइक फिलहाल परीक्षण के लिए भेजा गया है। फरवरी 2025 में, वार्डविजार्ड अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों की खेप भी जांच के लिए भेजेगी, ताकि स्थानीय परिवहन जरूरतों को समझा जा सके। कंपनी का लक्ष्य पर्यावरण के अनुकूल वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग की साख को ऊंचा करना है। फिलीपींस में इस पहल से न केवल देश के सार्वजनिक परिवहन में सुधार होगा, बल्कि यह इलेक्ट्रिक वाहनों के पर्यावरणीय लाभ को बढ़ावा देने में भी सहायक साबित होगा।

# महिलाएशियाई चैंपियंस ट्रॉफी2024 :भारत ने जापान को 2-0 से दी पटखनी, अब फाइनल में चीन से भिड़ंत



**राजगीर ( (एजेंसी)।** मंगलवार को जापान को 2-0 से हराकर भारतीय महिला हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गई है। टीम इंडिया ने अपने अजेय अभियान को जारी रखा और सेमीफाइनल के आखिरी दौर में दो गोल करके फाइनल में अपनी जगह बना ली। अब भारत की भिड़ंत फाइनल में चीन से होगी। फिलहाल, पहले 45 मिनट में भारत और जापान दोनों ही गोल करने में असफल रहे थे। भारत को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिल रहे थे लेकिन वह उसे गोल में बदलने में असफल हो रही थी। इस दौरान भारत को 11 तो वहीं जापान को एक भी पेनल्टी कॉर्नर नहीं मिला।

बता दें कि, भारत ने दूसरे हाफ में पहले ही सविता पूनिया को हटाकर बिच्चू देवी को गोलकीपिंग की जिम्मेदारी दी। वहीं पहले तीन क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई थी। भारत के लिए नवनीत ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया वहीं दूसरा गोल सुनेलिता और लालरेमसियामी ने किया। अब बुधवार को भारत फाइनल में चीन से भिड़ेगा। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में चीन ने मलेशिया को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई है।

हालांकि, ग्रुप राउंड में भारत और चीन का आमना-सामना हो चुका है। जहां भारत ने 3-0 से जीत अपने नाम की। चीन ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट टीम है तो भारत भी टूर्नामेंट का मौजूदा चैंपियन है।

# पोलैंड को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराकर बिली जीन किंग कप के फाइनल में पहुंचा इटली



**मालागा (एजेंसी)।** इतालवी ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी ने कैटरज़ीना कावा और इगा स्विएटेक को हराकर सोमवार को पोलैंड पर 2-1 से रोमांचक जीत हासिल की और इटली को लगातार दूसरे वर्ष बिली जीन किंग कप के फाइनल में पहुंचा दिया। लूसिया ब्रोंज़ेटी ने मैग्डा लिनेट पर 6-4, 7-6(3) एकल जीत के साथ इटालियंस को आगे कर दिया लेकिन इसके बाद एकल में स्विएटेक ने पाओलिनी को 2 घंटे और 36 मिनट तक चले मुकाबले में 3-6, 6-4, 6-4 से हराया और पोलैंड को बराबरी दिला दी। इसके बाद निर्णायक युगल मुकाबले में इतालवी ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी का सामना कैटरज़ीना कावा और इगा स्विएटेक से हुआ। यह मुकाबला मंगलवार सुबह तक चला। पोलिश जोड़ी ने पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन इरानी और पाओलिनी के खिलाफ शानदार मुकाबला किया। इटालियंस ने पहले सेट में तीन सेट पॉइंट बचाए, और दूसरे सेट में 5-1 की कमी से उबरते हुए, अंततः 7-5, 7-5 से जीत हासिल की और सातवीं बार और लगातार दूसरे साल फाइनल में प्रवेश किया। पिछले साल इटली को फाइनल में कनाडा से हार का सामना करना पड़ा था। मैच के बाद पाओलिनी ने कहा, ÷यह कठिन था, तीव्रता बहुत अधिक थी, मैं बहुत थक गई थी लेकिन मुझे अपना सबकुछ अपनी टीम और अपने देश को देना था। सिंगल्स में इगा से हारने के बाद मैं दुखी थी, लेकिन मैं लॉकर रूम में गई और सकारात्मक रहने की कोशिश की, क्योंकि मुझे पता था कि मेरे साथियों को मेरी ज़रूरत है।÷ बुधवार के फ़ाइनल में इटली का सामना ब्रिटेन या स्लोवाकिया से होगा, जो मंगलवार को दूसरे सेमीफ़ाइनल में एख दूसरे से भिड़ेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला टीम में हरलीन की वापसी , शेफाली बाहर



**मुम्बई (एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयनसमिति ने अगले माह होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए महिला टीम घोषित कर दी है। 16 सदस्यीय टीम में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को शामिल नहीं किया गया है। शेफाली पिछले कुछ समय से रन नहीं बना पा रही हैं, ऐसे में उन्हें ब्रेक दिया गया है। वहीं हरलीन देयोल की टीम में वापसी हुई है। शेफाली ने इस साल छह मैचों में सिर्फ 108 रन बनाए और उनका सबसे अधिक स्कोर 33 रन रहा है। वहीं हरलीन को करीब एक साल बाद टीम में जगह मिली हैं। हरलीने ने अपना आखिरी मैच 30 दिसंबर को वानखेड़े में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। हरलीन के अलावा रिचा घोष, मिन्नू मनी , टिटास साधू और प्रिया पूनिया की वापसी हुई है। वहीं टीम में उमा छेत्री, डी हेमलता, श्रेयांका पाटिल और सायली सतघारे को शामिल नहीं किया गया है। भारतीय टीम अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे में तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी।

**दौरे का कार्यक्रम इस प्रकार है**

पहला एकदिवसीय : 5 दिसंबर, ब्रिसबेन, दूसरा एकदिवसीय : 8 दिसंबर, ब्रिसबेन, तीसरा एकदिवसीय : 11 दिसंबर, पर्थ

**टीम इस प्रकार है :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रिया पूनिया, जेमिमा रौड्रिग्स, हरलीन देयोल, यास्तिका भाटिया, रिचा घोष, तेजल हसाबनिस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, टिटास साधू, अरूंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकोर।

# चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर अभी तक आईसीसी से नहीं मिला कोई जवाब: पीसीबी

**लाहौर (एजेंसी )।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का चैम्पि?यंस ट्रॉफी क्रिकेट के आयोजन को लेकर अड़ियल रुख बना हुआ है। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अभी तक भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए नहीं आने की बात नहीं कही है। नकवी ने कहा कि वह टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर आईसीसी से बात करते रहे है पर अभी तक आईसीसी ने उन्हें किसी अन्य जगह पर टूर्नामेंट के आयोजन की बात नहीं कही है। नकवी ने कहा कि हमारा रुख स्पष्ट है, हमने पहले भी यह कहा है और हम उस रुख पर बने रहेंगे। वहीं बीसीसीआई ने इस महीने की शुरुआत में ही आईसीसी से कह दिया था कि वह अपनी टीम को पाक नहीं भेजेगा और उसके मैचों का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत ही किसी अन्य देश में किया जाये पर पीसीबी ने इस हाइब्रिड मॉडल को मानने से इंकार कर दिया था। आईसीसी चैम्पि?यंस ट्रॉफी का यह आयोजन फरवरी-मार्च में होना है।

नकवी ने ये भी कहा था कि सुरक्षा सहित कोई मामला है तो वह बीसीसीआई हमसे करे। हम उस समस्या को दूर करेंगे। साथ ही कहा कि मुझे नहीं लगता कि भारत के लिए चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान ना आने का कोई कारण है।.




पीसीबी प्रमुख ने कहा कि उसने बीसीसीआई द्वारा अपनी टीम नहीं भेजने के फैसले पर आईसीसी को एक पत्र भेजा है। हम उसी को लेकर आईसीसी के जवाब का इंतजार कर रहे हैं जिसे हम मामले में आगे बढ़ सकें।

नकवी ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। हम लाहौर, कराची और रावलपिंडी में तीनों स्टेडियमों का निर्माण और फिनिशिंग पूरा करने की अपनी समय सीमा से आगे हैं। मैं यहां निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में बात करने आया हूं और हम आईसीसी के जवाब का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें भी कार्यक्रम की घोषणा करनी है.

गौरतब है कि भारत और पाकिस्तान ने 2012 के बाद से आपस में कोई सीरीज नहीं खेली है पर वे आईसीसी टूर्नामेंटों में वे एक-दूसरे का सामना करते रहे हैं। पिछले साल पाकिस्तान द्वारा आयोजित एशिया कप को भी हाइब्रिड मॉडल में बदल दिया गया था, क्योंकि तब भी भारत ने पाक का दौरा करने से इंकार कर दिया था। माना जा रहा है कि इस बार भी अंत में पीसीबी हाइब्रिड मॉडल पर तैयार हो जाएगा।

# टी20 में बुमराह की बराबरी पर है शम्सी

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अभी विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक माने जाते हैं। बुमराह के सभी प्रारुपों में काफी अच्छे आंकड़े हैं और कठिन हालातों में विकेट निकालने में वह माहिर माने जाते हैं। वहीं अगर रिकार्ड की बात करें तो टी20 प्रारुप में एक गेंदबाज उनकी बराबरी पर हैं और उन्हें कड़ी टक्कर भी दे रहे हैं। यह गेंदबाज और कोई नहीं दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर तबरेज शम्सी हैं।शम्सी ने बुमराह के बराबर ही मैच खेले हैं और दोनों के ना केवल विकेट बराबर हैं, बल्कि दोनों ने गेंदें भी बराबर ही फेंकी हैं।शम्सी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया , ' हैरानी की बात है कि बुमराह और मैंने एक बराबर टी20आई मैच खेले हैं।दोनों ने एक बराबर गेंदें फेंकी हैं और एक बराबर विकेट भी लिए हैं।क्या गजब बात है।' बुमराह ने 70 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं।उन्होंने इन मैचों में 1509 गेंदें फेंकी हैं और 89 विकेट लिए हैं। वहीं स्पिनर शम्सी ने भी 70 टी20आई मैच में 1509 गेंद फेंककर 89 विकेट ही लिए हैं। बुमराह आजकल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं और 22 नवंबर से होने वाले पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में अपने रिकार्ड को और बेहतर करेंगे। उन्होंने अब तक 40 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें 173 विकेट लिए हैं।

# सीमिंग ऑलराउंडर के तौर पर नितीश को मिल सकता है अवसर



पर्थ ।भारतीय टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट की तैयारियों में लगी है।इसके लिए भारतीय टीम में युवा ऑलराउडर नितीश रेड्डी को अवसर मिल सकता है। टीम में इस समय दो अनुभवी आलराउंडर आर अश्विन और रवीन्द्र जडेजा है पर ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर मजबूती देने के लिए सीमिंग ऑलराउंडर के तौर पर नितीश को जगह मिल कसती है। पर्थ में चल रहे अभ्यास सत्र में टीम प्रबंधन सभी खिलाड़ियों पर गंभीरता से नजर रख रहा है पर नितीश से नई और पुरानी गेंद के साथ साथ जिस प्रकार से गेंदबाजी और इसके बाद नेट्स पर बल्लेबाजी करायी जा रहा है उससे साफ है कि नितीश को पहले टेस्ट के लिए अंतिम ग्यारह में जगह मिल सकती है। नितीश को नेट्स में रफ़्तार के साथ अच्छी उछाल मिल रही है और वह स्टीक गेंदबाज़ी भी करते नज़र आए जिससे टीम प्रबंधन प्रभावित है। इस प्रकार ये युवा क्रिकेटर अपनी गेंदबाज़ी और बल्लेबाज़ी से ऑलराउंडर की जगह भर सकते हैं। .नितीश ने बांग्लादेश के खिलाफ पिछले सीरीज टी20 में डेब्यू के बाद से ही काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। नीतीश ने अभी तक 23 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 779 रन बनाए हैं। नीतीश ने इस दौरान एक शतक और 2 अर्धशतक लगाए हैं। वे फर्स्ट क्लास मैचों में 56 विकेट भी ले चुके हैं।उनका एक मैच में 119 रन देकर 8 विकेट लेना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। इसके अलावा लिस्ट ए के 22 मैचों में 403 रन बनाए हैं। वे इस फॉर्मेट में 14 विकेट ले चुके हैं।

# शास्त्री को यकीन, ऑस्ट्रेलिया दौरे से बेहतर बल्लेबाज बनकर लौटेगा ये बल्लेबाज

**पर्थ (एजेंसी )।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री को यकीन है कि 'विश्व स्तरीय' क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया दौरे से एक बेहतर बल्लेबाज बनकर लौटेंगे, भले ही उनके सामने कितनी भी चुनौतियां क्यों ना आएं। शास्त्री ने कहा कि अगर जायसवाल पर्थ की चुनौतीपूर्ण पिच पर रन बना लेते हैं तो श्रृंखला के बाकी मैचों में सहजता से खेल पाएंगे।

उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, 'मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया से लौटने पर वह एक बेहतर बल्लेबाज होगा। वह पहले ही से विश्व स्तरी बल्लेबाज है। आपने देखा कि इंग्लैंड के खिलाफ उसने कैसा खेला। वह इतनी सहजता से खेलता है। एक बार हालात के अनुरूप ढलने की बात है। पर्थ की पिच में काफी उछाल है लिहाजा यहां खेलना आसान नहीं है चाहे आप कितने ही प्रतिभाशाली क्यो न हों। आपको इसके लिए तैयार रहना होगा। लेकिन यहां सफल रहने पर वह आगे अच्छा ही खेलेगा। उसे ऐसी पिचें पसंद भी है और खुलकर रन बना सकता है।'

21 वर्ष के जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ इस साल की शुरूआत में टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया। शास्त्री ने कहा, 'वह काफी चुनौतियों का सामना करके आया है लिहाजा भूख और जुनून उसकी आंखों में और मैदान पर भी दिखता है। वह खेल में डूब जाना चाहता है।' ऑस्ट्रेलिया में भारत को दो दौरों पर जीत दिलाने वाले शास्त्री को बखूबी पता है कि ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह काफी कठिन होगा। मैं तीन बार कोच के तौर पर यहां आया हूं और मुझे पता है कि आपको सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है। ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाने के लिए शुरू से ही अच्छा खेलना होगा। उन्हें रत्तीभर भी गुंजाइश नहीं दी जा सकती। यही एक तरीका है। और कोई तरीका नहीं है।'

उन्होंने कहा, 'आपको शुरू ही से समझना होगा कि मीडिया से क्या अपेक्षा की जानी चाहिए। वह ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ ही होगा लेकिन आप अच्छा खेलते हैं तो मीडिया आपका भी सम्मान करेगा।' विराट कोहली के खराब फॉर्म के बारे में पूछने पर शास्त्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि टेस्ट श्रृंखला की शुरूआत से ही कोहली फिर से रन बनाएगा। उसे बनाना ही है और मैं उसे फिर से



उसी तरह खेलते देखना चाहता हूं। ऑस्ट्रेलिया में उसने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है। इस श्रृंखला में उस पर और ऑस्ट्रेलिया टीम में स्टीव स्मिथ पर नजरें होंगी। देखना है कि शुरूआत कैसी होती है।'

# अश्विन का मुकाबला बल्लेबाजी में सक्रिय रवैया अपनाकर करुंगा : स्मिथ

**पर्थ (एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि भारतीय टीम के स्पिनर आर अश्विन बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में खतरनाक हो सकते हैं। ऐसे में अश्विन को रोकने के लिए उन्होंने विशेष रणनीति बनायी है। स्टीव ने कहा कि वह अश्विन के सामने दबाव में आने से बचने के लिए सक्रिय रवैया अपनाएंगे। अश्विन ने ही पिछली सीरीज में स्मिथ को तीन बार आउट किया था। ऐसे में वह इस बार उनके सामने कोई गलती नहीं करना चाहते हैं। साल 2023 में भी स्मिथ को अश्विन ने दो बार आउट किया था। तब स्मिथ केवल 22 रन ही बना पाये थे। स्मिथ ने कहा, 'अश्विन का मुकाबला करते समय आपको मानसिक चुनौती से निपटना होता है। सीरीज की शुरुआत में अगर कोई एक दबदबा बनाने में सफल रहा तो वह हावी हो सकता है।'



स्टीव ने कहा, 'मुझे अपनी ही धरती पर ऑफ स्पिन के खिलाफ आउट होना पसंद नहीं है। अश्विन हालांकि बहुत अच्छा गेंदबाज है और उसकी योजनाएं शानदार होती है। कुछ अवसरों पर वह मुझ पर दबदबा बनाने में सफल रहा। वहीं सिडनी क्रिकेट मैदान में मैं सक्रिय रवैया अपनाकर उस पर हावी होने में सफल रहा था। इसलिए इस बार भी मैं उसके खिलाफ सक्रिय बल्लेबाजी कर लय हासिल करने से रोकने का प्रयास करुंगा।'

गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया में अश्विन टेस्ट गेंदबाजी औसत 42.15 है जबकि उनका घरेलू औसत 21.57 है। स्मिथ को उम्मीद है कि वह पर्थ में शुरू होने वाली पांच मैचों की सीरीज में अश्विन के खिलाफ शुरुआती बढ़त हासिल करने में सफल रहेंगे। वहीं अश्विन भी ये सब जानते हैं और उन्होंने भी हाल ही में कहा था कि उन्होंने स्मिथ के खिलाफ कुछ योजनाएं बनाई है। अश्विन ने हाल में कहा था कि 'स्मिथ स्पिन के खिलाफ एक खिलाड़ी के रूप में विशेष रूप से आकर्षक हैं। उनके पास एक अच्छी तकनीक है, यहां तक कि तेज गेंदबाजी को खेलने की भी पर स्पिन के मामले में मुझे लगता है कि वह अच्छी रणनीति और अच्छी तैयारी के साथ उतरना है पर पिछले कुछ वर्षों में मैंने इसे समझने के तरीके और साधन खोज लिए हैं।'

# जिम्बाब्वे दौरे पर नये कोच अकीब जावेद के साथ जाएगी पाक टीम

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम आगामी जिम्बाब्वे दौरे पर नये कोच के साथ जाएगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को बड़ी मुश्किल के बाद नया कोच मिला है। पीबीबी के खराब रवैये को देखते हुए कोई भी कोच बनने को तैयार नहीं हो रहा था। बड़ी मुश्किलों के बाद पूर्व क्रिकेटर अकीब जावेद कोच बनने तैयार हुए हैं।



गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के सीमित ओवरों के कोच पद से इस्तीफा के बाद से ही पीसीबी नये कोच की तलश में था क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के जेसन गिलेस्पी ने ये जिम्मेदार लेने से इंकार कर दिया था। गिलेस्पी की कोचिंग में ही पाक ने हाल में ऑस्ट्रेलिया में एकदिवसीय सीरीज जीती है। नये कोच बन रहे अकीब टीम के चयनकर्ता भी हैं। आकिब शुरुआत में कोच नहीं बनाना चाहते थे पर पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने उन्हें किसी प्रकार से पद संभालने तैयार किया। पाकिस्तान टीम 24 नवंबर से पांच दिसंबर के बीच तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैचों के लिए जिम्बाब्वे की यात्रा करेगी। एक रिपोर्ट के अनुसार अकीब शुरुआत में टीम के कोच की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार नहीं थे पर पीसीबी प्रमुख की बात अंत में उन्हें माननी पड़ी। पाकिस्तानी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम मैच समाप्त होने के बाद हरारे जाएगी। ऐसे में नए मुख्य कोच जिम्बाब्वे में उनके साथ जुड़ेंगे। ' जावेद अभी सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता हैं। उन्हें पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में लाहौर कलंदर्स के साथ कोचिंग का काफी अनुभव है। वह हाल ही में श्रीलंका के गेंदबाजी कोच भी थे। आकिब पूर्व में भी पाक के गेंदबाजी कोच और अंडर-19 टीम के मुख्य कोच रहे हैं।

# रोहित और सैमसन जर्सी नंबर बदलने के बाद चमके

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन दोनो में एक बार समान है। इन दोनो ने ही अपने जर्सी नंबर बदले हैं जिसके बाद से ही इनकी किस्मत का सितारा बुलंदी पर है। दोनो के ही जर्सी नंबर 9 हैं। रोहित जर्सी नंबर बदलने बाद ही कप्तान बने और भारत को आईसीसी टी20 विश्व कप चैंपियन बनाया। जर्सी नंबर बदलने के बाद से ही उनके करियर ने नया मोड़ लिया। इसके बाद से ही उन्होंने टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट में धमाका किया। रोहित ने जब अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की तो वह 77 नंबर की जर्सी पहनकर खेलने उतरते थे पर उनके करियर की गति वैसी नहीं थी जैसी अब है। इसके बाद उन्होंने अपने जर्सी के नंबर को बदलकर 45 किया। कमाल यह कि 5 और 4 का कुल 9 होता है। इस प्रकार 9 नंबर ने रोहित के करियर को एकदम से बदल दिया। वहीं सैमसन ने हाल ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में दो शतक लगाकर कमाल किया। सैमसन ने भारतीय टीम के लिए जब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया तो उनके जर्सी का नंबर 14 हुआ करता था जबकि अब वह भारत की तरफ से 9 नंबर की जर्सी पहनकर खेल रहे है। 9 नंबर के आने से उनके करियर को नई उडान मिली। सैमसन ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में पारी की शुरुआत करते हुए शानदार शतक लगाया था। सैमसन ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर चार मैचों में दो शतक लगाकर लगाये हैं और टी20 में ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले खिलाड़ी हैं।



# आईपीएल नीलामी में पंजाब किंग्स के पास है सबसे अधिक रकम

## -बड़े खिलाड़ियों को खरीदने का सबसे अच्छा अवसर

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली मेगा नीलामी में खिलाड़ियों पर पैसे की बरसात होगी। दो दिन चलने वाली ये नीलामी भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। इस नीलामी में 574 खिलाड़ियों पर दस टीमें बोली लगाएंगी। इस बार सभी 10 टीमों की रकम को मिलकर देखा जाये तो वह कुल 641 करोड़ रुपये होती हैं वहीं इन सभी टीमों को कुल 204 खिलाड़ी खरीदने हैं। ऐसे में बड़े खिलाड़ियों को खासा फायदा होगा। हर फ्रेंचाइजी के पास अपनी टीम बनाने के लिए कुल 120 करोड़ रुपये का पर्स है। रिटेंशन के बाद पंजाब किंग्स के पास पर्स में मेगा नीलामी में खर्च करने के लिए सबसे ज्यादा 110.5 करोड़ रुपये बचे हैं। ऐसे में उसके पास पसंदीदा खिलाड़ियों को खरीदने का अच्छा अवसर है क्योंकि उसके पास खिलाड़ियों को खरीदने के लिए पैसों की कोई कमी नहीं रहेगी। वहीं अन्य फ्रेंचाईजियों की स्थिति ऐसी नहीं है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास 83 करोड़, दिल्ली कैपिटल्स के पास 73 करोड़, गुजरात टाइटन्स के पास 69 करोड़, लखनऊ सुपर जायंट्स के पास 69 करोड़, चेन्नई सुपर किंग्स पास 55 करोड़, कोलकाता नाइट राइडर्स के पास 51 करोड़, मुंबई इंडियंस के पास 45 करोड़, सनराइजर्स हैदराबाद के पास 45 करोड़ और राजस्थान रॉयल्स (त्र्क्र) के पास सबसे कम 41 करोड़ रुपये शेष है। इसका कारण है कि पंजाब ने रिटेंशन में तीन खिलाड़ियों को ही कम रकम देकर रख जबकि अन्य टीमों ने रिटेशन में काफी पैसा दिया। . ऐसे में इसबार नीलाम में श्रेयस अय्यर, आर अश्विन,ऋषभ पंत, केएल राहुल, मोहम्मद शमी, और युजवेंद्र चहल जैसे बड़े खिलाड़ियों को मोटी रकम मिलना तय है। ये सभी 2 करोड़ रुपये आधारमूल्य वाले हैं। इसके अलावा विदेशी खिलाड़ियों ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, जोस बटलर, डेविड वॉर्नर, जेम्स एंडरसन, ट्रेंट बोल्ट, फाफ डु प्लेसिस पर भी टीमों की नजरें रहेंगी। स्टार्क 2024 में आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे हैं। इस बार उनका आधारमूल्य 2 करोड़ है। वहीं शमी ने भी 2 करोड़ रुपये का आधारमूल्य रखा है।



## मुख्य समाचार

### कैबिनेट मंत्री लालचंद ने नवनियुक्त पंचों को दिलाई शपथ






**पठानकोट ( अलोक कुमार )** जिला पठानकोट के नवनियुक्त पंचों का शपथ ग्रहण समारोह डिप्टी कमिश्नर आदित्य उप्पल की अध्यक्षता में मल्टीपर्पज स्टेडियम ग्राउंड पठानकोट में आयोजित किया गया ।समारोह में पंजाब के कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की ! इस अवसर पर 421 पंचायतों के 2435 पंचों ने शपथ ली ! इस मौके पर कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारू चक ने कहा कि वे बिना किसी पक्षपात के सभी पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रयासरत हैं तथा अपने जिले को बुलंदी पर पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है । उन्होंने मुख्यमंत्री के रंगला पंजाब के सपने को पूरा करने तथा सूबे से नशे के खात्मे के लिये मिलजुल कर काम करने की अपील की । उन्होंने जनप्रतिनिधियों से यह भी अपील की कि वे अपने गांव की समस्याओं को सूचिबद्ध कर सरकार के ध्यान में लाएं तथा हर जरुरतमन्द तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में सहयोग करें ।

### होली की तैयारी में जुटी रेलवे

**एजेंसी/नई दिल्ली »** भारतीय रेलवे ने अगले साल होली के त्योहार के दौरान यात्रियों की मांग को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी है।रेलवे के सूत्रों ने बताया कि देश भर में विभिन्न स्थानों से चलने वाली 370 लोकप्रिय ट्रेनों को चिह्नित करके जनरल कोच लगने की कम जोर शोर से शुरू कर दिया है जिनमें विशेष रूप से पूर्वी भारत को जाने वाली गाड़ियां प्रमुख हैं। सूत्रों के अनुसार इस माह के अंत तक अनारक्षित श्रेणी के 1000 नये कोच लगाने का काम पूरा हो जाएगा।

# दिसंबर 2026 में देश को मिलेगा पहली नाइट सफारी का उपहार : मुख्यमंत्री

**लखनऊ में तैयार होगी देश की पहली और विश्व की पांचवीं नाइट सफारी**

**लगभग 900 एकड़ में फैली होगी लखनऊ की डे और नाइट सफारी**

**» 72 फीसदी एरिया में रहेगी ग्रीनरी, सौर ऊर्जा के प्रकल्पों को दिया जाए स्थान**

**» मुख्यमंत्री का निर्देश, मानकों का पालन करते हुए जानवरों को चिह्नित करने, लाने और क्वारंटीन की प्रक्रिया की जाए प्रारंभ**

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**लखनऊ, »** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा है कि दिसंबर 2026 में उत्तर प्रदेश देश को पहली नाइट सफारी का उपहार देगा। राजधानी लखनऊ में बनने जा रही यह नाइट सफारी देश और दुनिया के प्रकृति प्रेमियों के लिए एक नया गंतव्य होगा। यह दुनिया की पांचवीं नाइट सफारी होगी।

मुख्यमंत्री के समक्ष मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में प्रस्तावित कुकरैल नाइट सफारी पार्क एवं जू का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निर्माण कार्य हर हाल में जून 2026 तक पूरा कर लिया जाए। नाइट सफारी व जू के लिए वन्य जीवों के लाने की समुचित व्यवस्था प्रारंभ कर दी जाए। नाइट सफारी व जू की इकोनामी के लिए सस्टेनेबल मॉडल विकसित किया जाएं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 72 फीसदी एरिया में ग्रीनरी विकसित की जाए और यहां सौर ऊर्जा को प्रकल्पों को भी स्थान दिया जाए।



माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर कुकरैल नाइट सफारी एवं जू के डीपीआर प्रस्तुतिकरण की समीक्षा करते हुए।

### विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी सफारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुकरैल नाइट सफारी का निर्माण हो जाने के पश्चात यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर आ जाने के फलस्वरूप विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी। कुकरैल नाइट सफारी परियोजना को लखनऊ स्थित अन्य पर्यटन स्थलों से भी जोड़ा जाएगा। नाइट सफारी के 72 फीसदी एरिया को ग्रीनरी में विकसित किया जाए।



### राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है नाइट सफारी

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नाइट सफारी प्रोजेक्ट राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है, इसके निर्माण के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से अनुमति प्राप्त हो गई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में दिसंबर 2026 में देश को पहली नाइट सफारी का उपहार मिल जाए। नाइट व डे सफारी का निर्माण चरणबद्ध रूप से होगा। लखनऊ में यह लगभग 900 एकड़ से अधिक में फैली होगी।

**जानवरों को चिह्नित करने, यहां लाने व [ रंटीन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जानवरों को चिह्नित करने, यहां लाने व क्वारंटीन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए। कुकरैल नाइट सफारी परियोजना के अंतर्गत ईको टूरिज्म जोन भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के प्रकल्पों को स्थान दिया जाए। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि यहां क्वारंटीन सेंटर, वेटनरी हॉस्पिटल, पोस्ट ऑपरेशन व ऑपरेशन थियेटर की भी समुचित व्यवस्था हो। यहां कैफेटेरिया, 7 डी थियेटर, ऑडिटोरियम, पार्किंग आदि की भी सुविधा हो। उन्होंने कहा कि एडवेंचर जोन के तहत सुपरमैन जिपलाइन, आर्चरी, जिप लाइन, बुरमा ब्रिज, पैडल बोट, स्काई रोलर, फाउंटेन, किड्स एक्टिविटी के लिए जंगल एनिमल थीम, स्काई साइकिल आदि विकसित किया जाए। डे सफारी का विस्तार दूसरे चरण में होगा। बैठक में प्रदेश सरकार के वन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, शासन व वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### नाइट-डे सफारी की होगी यह विशेषता

» नाइट सफारी क्षेत्र में इंडियन वॉकिंग ट्रे, इंडियन फुटहिल, इंडियन वेटलैंड, एरिड इंडिया व अफ्रीकन वेटलैंट की थीम पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्र मुख्य आकर्षण होंगे।

» पर्यटकों द्वारा नाइट सफारी पार्क के अवलोकन हेतु 5.5 किमी. ट्रामवे तथा 1.92 किमी. का पाथवे माध्यम से किया जाएगा

» नाइट सफारी में मुख्यतः एशियाटिक लॉयन, घड़ियाल, बंगाल टाइगर, उड़न गिलहरी, तेंदुआ, हॉयना आदि मुख्य आकर्षण होंगे

» कुकरैल नाइट सफारी परियोजना के अंतर्गत विश्व स्तरीय वन्य जीव चिकित्सालय व रेस्क्यू सेंटर का निर्माण भी प्रस्तावित है

» कुकरैल वन क्षेत्र में स्थापित होने वाले जू में कुल 63 इनक्लोजर बनाए जाएंगे

» जू में सारस क्रेन, स्वांप डियर, हिमालयन भालू, साउथ अफ्रीकन जिराफ, अफ्रीकन लॉयन व चिंपाजी मुख्य आकर्षण होंगे

» जू को अफ्रीकन सवाना, इनक्रेडिबल इंडिया, इंजीनियर्ड वेटलैंड नामक थीम क्षेत्रों पर विकसित किया जाएगा।

## मानवाधिकार का ऑनलाइन अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली »** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अपना दो सप्ताह का ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। मानवाधिकार आयोग के महासचिव भरत लाल ने मंगलवार को बताया कि आयोग इस प्रशिक्षण को भविष्य में मानवाधिकार संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए युवाओं को तैयार करने के अवसर के रूप में उपयोग करता है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से विश्वविद्यालय स्तर के विविध शैक्षणिक विषयों के 60 विद्यार्थियों को चयन किया गया है।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) का दो सप्ताह का ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से दिल्ली में शुरू हो चुका है। इस मौके पर, उन्होंने प्रशिक्षुओं को इस अवसर का उपयोग मानवाधिकारों के विभिन्न पहलुओं को आत्मसात करने और सभी मनुष्यों के मानवाधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में सार्थक योगदान देने के लिए खुद को तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री लाल ने कहा, 'हमारे देश ने लगातार उत्पीड़ित समुदायों को शरण दी है, जो सार्वभौमिक भाईचारे के प्रति देश की प्रतिबद्धता और सहानुभूति तथा करुणा के भारत के लोकाचार को प्रदर्शित करता है।' उन्होंने प्रशिक्षुओं को संविधान में निहित विचारों और उन आदर्शों को वास्तविकता में बदलने के लिए विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका और मानवाधिकारों की ओर से की गई पहल पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस कार्यक्रम के माध्यम से, प्रशिक्षुओं को मानवधिकारों की बेहतर समझ प्राप्त होगी, समाज के कमजोर और हाशिए पर रहने वाले वर्गों की दुर्दशा के प्रति संवेदनशीलता और जवाबदेही विकसित होगी।

आयोग के संयुक्त सचिव देवेन्द्र कुमार निम ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को मानवाधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों, प्रतियोगिताओं से भी अवगत कराया जाएगा। उनके काम और चुनौतियों को प्रत्यक्ष रूप से समझने के लिए उन्हें तिहाड़ जेल, पुलिस स्टेशनों और शेल्टर होम जैसे संस्थानों के वर्चुअल दौरों पर भी ले जाया जाएगा।

## लोक सभा अध्यक्ष और सांसदों ने श्रीमती इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की





**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोक सभा में विपक्ष के नेता, श्री राहुल गांधी; राज्य सभा में विपक्ष के नेता, मल्लिकार्जुन खरगे; संसद सदस्यों और पूर्व सदस्यों ने इस अवसर पर श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोक सभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, पी.सी. मोदी ने भी श्रीमती गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन ने 19 नवंबर 1987 को संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में किया था।

## प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष डॉ. बिबेक देबरॉय को याद किया

**डॉ. मिश्रा ने नीति निर्माण और नीति क्रियान्वयन में डॉ. देबरॉय के विश्लेषणात्मक कौशल और जटिल अवधारणाओं को स्पष्ट तरीके से समझाने की उनकी असाधारण क्षमता को सराहा**

**स्वाति वर्मा, पब्लिक एशिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आकाशवाणी रंग भवन में कल शाम प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. बिबेक देबरॉय के जीवन और कार्यों का स्मरण करने के लिए एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। डॉ. देबराय का 1 नवंबर निधन हो गया था।

प्रधानमंत्री ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वे महान विद्वान थे, जो अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृति, राजनीति, अध्यात्म और अन्य विविध क्षेत्रों में पारंगत थे। अपने कार्यों से उन्होंने भारत के बौद्धिक क्षेत्र पर एक अमिट छाप छोड़ी है। डॉ. देबरॉय एक बहुआयामी प्रतिभा संपन्न विद्वान थे, जिन्हें प्राचीन भारतीय ग्रंथों पर काम करना और उन्हें युवाओं के लिए सुलभ बनाना पसंद था।

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने उनके साथ अपने कार्यकाल का स्मरण किया जब वह डॉ. देबरॉय के साथ नीति निर्माण पर काम करते थे और अर्थव्यवस्था के विभिन्न मुद्दों से निपटने पर चर्चा करते थे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि डॉ. बिबेक देबरॉय एक बेहतरीन व्यक्ति थे, जिनकी बौद्धिक क्षमता अर्थशास्त्र से लेकर संस्कृत, साहित्य से लेकर इतिहास जैसे क्षेत्रों में थी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि जब डॉ. देबरॉय डीपीआईओ के सदस्य थे, तब डॉ. देबरॉय उनके साथ बातचीत में बहुत ही विनम्र रहते थे। डॉ. देबरॉय बाद में आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बने थे।

डॉ. मिश्रा ने डॉ. देबरॉय के प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के साथ के अपने व्यक्तिगत अनुभवों को याद करते हुए कहा कि जब नीतिगत कार्यों से निपटने की बात आती थी, तो डॉ. देबरॉय हमेशा उन्हें आश्वस्त करते थे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि वह काफी लम्बे समय से डॉ. देबरॉय से भलीभांति परिचित थे और उनमें और डॉ. देबरॉय के बीच समानता यह थी कि दोनों ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पढ़ाई की। डॉ. मिश्रा ने भारत में सांख्यिकी प्रणाली से लेकर प्रत्यक्ष कर सुधारों तक विभिन्न विषयों पर डॉ. देबरॉय के साथ हुई बातचीत का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि डॉ. देबरॉय हमेशा अपने कार्यों के प्रति बेहद ईमानदार और प्रतिबद्ध थे।

डॉ. मिश्रा ने साहित्य, अर्थशास्त्र आदि में डॉ. देबरॉय की गहरी रुचि के बावजूद आधिकारिक काम के प्रति पूर्ण समर्पण की सराहना की। पूर्व की एक घटना याद करते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि डॉ. देबरॉय हमेशा अपने सामान्य दायित्वों के अलावा कुछ विशेष कार्य करना पसंद करते थे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि डॉ. देबरॉय का दिन-प्रतिदिन की नीतियों या विश्लेषणात्मक कार्यों में भी बेहद मूल्यवान योगदान था। नीति निर्माण और नीति व्यवहार में डॉ. देबरॉय के विश्लेषणात्मक कौशल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. देबरॉय में जटिल अवधारणाओं को स्पष्ट तरीके से समझाने की असाधारण क्षमता थी और यही उनकी शक्ति थी।

डॉ. मिश्रा ने जोर देकर कहा कि डॉ. देबरॉय एक ऐसी विरासत छोड़ गए हैं, जिसके मूल में दूरदृष्टि और मानवता है और यह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. देबरॉय को सबसे उपयुक्त श्रद्धांजलि होगी कि जिस जुनून के साथ उन्होंने काम किया, उसे याद रखा जाए और उनके योगदान को अधिक से अधिक समझ कर उनके दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया जाए। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य डॉ. शमिका रवि ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. बिबेक देबरॉय ऐसे संरक्षक और निर्देशक के समान थे जिन्होंने हमेशा कामकाज के नए आयामों की तलाश के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने डॉ. देबरॉय के साथ अपनी लंबी चर्चाओं को याद किया और बताया कि वह हमेशा किस तरह से स्वतंत्र सोच का समर्थन करते थे।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति प्रोफेसर श्रीनिवास वरखेड़ी ने डॉ. बिबेक देबरॉय द्वारा संस्कृत के विभिन्न महाकाव्यों के अंग्रेजी में प्रभावशाली अनुवाद का जिक्र करते हुए कहा कि वह ऐसे दूसरे व्यक्ति थे जिन्होंने रामायण और महाभारत का मूल संस्कृत पाठ से अनुवाद किया था।

विख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मोंटेक सिंह अहलुवालिया ने उस समृद्ध और विविधतापूर्ण विरासत की चर्चा की जो डॉ. देबरॉय अपने पीछे छोड़ गए हैं, चाहे वह उनके नीतिगत कार्य हों या महाकाव्यों के अनुवाद। इस सभा में प्रख्यात अर्थशास्त्रियों, संस्कृत विद्वानों, डॉ. देबरॉय के सहकर्मियों और लोक नीति के सिद्धांतकारों तथा इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों ने भाग लिया।

## फिलिस्तीन ने 25 लाख डॉलर की वित्तीय सहायता के लिए भारत को दिया धन्यवाद

**(रिपोर्ट. शाश्वत तिवारी)**

**नई दिल्ली।** भारत ने फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए सोमवार को संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को 25 लाख अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता की किश्त जारी की। इसके बाद अब फिलिस्तीन ने मंगलवार को भारत के प्रति आभार जताते हुए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। फिलिस्तीन दूतावास के प्रभारी अबेद एलराजेग अबू जाजर ने वित्तीय सहायता के महत्व पर जोर देते हुए इसे 1949 में स्थापित यूएनआरडब्ल्यूए के लिए 'भारत के अटूट समर्थन का प्रमाण' बताया। एक बयान में फिलिस्तीनी दूतावास ने कहा हम यूएनआरडब्ल्यूए को 2.5 मिलियन डॉलर की दूसरी किश्त जारी करने के लिए भारत




सरकार के प्रति अपनी कृतज्ञता और प्रशंसा व्यक्त करते हैं, जिससे 2024-25 के लिए 5 मिलियन डॉलर का उसका वार्षिक योगदान पूरा हो गया है।

दूतावास ने मानवीय सहायता के लिए भारत की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा हम यूएनआरडब्ल्यूए को मानवीय सहायता और दवाएं उपलब्ध कराने की भारत की प्रतिबद्धता को भी स्वीकार करते हैं, जिससे एजेंसी को फिलिस्तीनी शरणार्थियों के कल्याण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

भारत और फिलिस्तीन के बीच मजबूत ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए जाजर ने कहा फिलिस्तीनी लोग भारत के समर्थन को बहुत महत्व देते हैं। वे उम्मीद करते हैं कि स्वतंत्रता और अपने राज्य की स्थापना की उनकी आकांक्षाओं के साकार होने तक राजनीतिक और भौतिक दोनों स्तरों पर यह समर्थन जारी रहेगा। फिलिस्तीन के रामल्लाह में भारत के प्रतिनिधि कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा पिछले कुछ वर्षों में, फिलिस्तीनी शरणार्थियों और उनके कल्याण का समर्थन करने के अपने प्रयास में भारत ने फिलिस्तीनी शरणार्थियों को प्रदान की जाने वाली शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, राहत और सामाजिक सेवाओं सहित संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के मुख्य कार्यक्रमों और सेवाओं के लिए 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता प्रदान की है।

वित्तीय सहायता के अलावा भारत फिलिस्तीनी शरणार्थियों के कल्याण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में एजेंसी की सहायता के लिए यूएनआरडब्ल्यूए को मानवीय सहायता और दवाएं प्रदान करना जारी रखे हुए है।

## भाग्यनगर में 21 से 24 नवंबर तक आयोजित होगा लोकमंथन, 22 को मुर्मु करेंगी उद्घाटन


**एजेंसी**

**नई दिल्ली »** भाग्यनगर के नाम से प्रसिद्ध तेलंगाना के हैदराबाद में 21 नवंबर से वैश्विक सांस्कृतिक महोत्सव लोकमंथन का आयोजन होने जा रहा है, जिसका उद्घाटन 22 नवंबर को शिल्पा कलावेदिका में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी। इससे पहले 21 नवंबर 21 पूर्वाह्न 10 बजे पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू प्रदर्शनी और सांस्कृतिक महोत्सव का उद्घाटन करेंगे।




हैदराबाद के हाईटेक सिटी स्थित शिल्पकला वेदिका के विशाल प्रांगण 21 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले लोकमंथन की मेहजबानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी संस्था प्रज्ञा प्रभाव कर रही है और इसमें संस्कार भारतीय सहित संघ की कई अन्य संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। इसको लेकर मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री एवं लोकमंथन आयोजन समिति के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी और प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय संयोजक जे. नंदकुमार ने लोकमंथन के उदेश्यों और इस चार दिवसीय सांस्कृतिक एवं वैचारिक कार्यक्रम के दौरान आयोजन होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।श्री नंदकुमार ने बताया कि लोकमंथन राष्ट्रवादी विचारकों और अभ्यासियों का एक द्विवार्षिक राष्ट्रीय संगोष्ठी है। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसा मंच है, जहाँ देश के विभिन्न हिस्सों से कलाकार, बुद्धिजीवी और शिक्षाविद एकत्रित होंगे और समाज में व्याप्त प्रश्नों पर विचार-विमर्श करेंगे। इसका उद्देश्य आख्यानों को नया रूप देना और राष्ट्र को अपनी सभ्यतागत भूमिका निभाने के लिए तैयार करना है।' उन्होंने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के चौथे संस्करण का आयोजन प्रज्ञा प्रवाह, नयी दिल्ली और प्रज्ञा भारती, तेलंगाना द्वारा देश भर में उनके सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर किया जा रहा है। इसमें इतिहास संकलन समिति, संस्कार भारती, विज्ञान भारती, अधिवक्ता परिषद, अखिल भारतीय साहित्य परिषद और भारतीय शिक्षण मंडल शामिल हैं। श्री रेड्डी ने बताया कि प्रत्येक दो वर्ष में आयोजन होने वाला सांस्कृतिक एवं वैचारिक कार्यक्रम के आयोजन मेरे संसदीय क्षेत्र में आयोजित हो रहा और यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, 'लोकमंथन 2024 में दुनियाभर के 2500 प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। इस दौरान 1500 कलाकार मनमोहक प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही 400 से अधिक दुर्लभ पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन किया जाएगा।'

## खरगे, राहुल, प्रियंका ने इंदिरा गांधी को जयंती पर किया नमन



**एजेंसी**

**नई दिल्ली »** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती पर आज उनकी समाधि शक्ति स्थल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

बाद ने श्री खरगे ने इंदिरा गांधी के एक उद्धरण के साथ उन्हें याद करते हुए कहा हमने विश्वास किया है और हम अब भी विश्वास करते हैं कि स्वतंत्रता अविभाज्य है कि शांति अविभाज्य है, कि आर्थिक समृद्धि अविभाज्य है। उन्होंने अपने संदेश में पूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते हुए कहा 'करोड़ों भारतीय 'भारत की लौह महिला' श्रीमती इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेते रहेंगे। इंदिरा गांधी आजीवन संघर्ष, साहस और गतिशील नेतृत्व की प्रतीक थीं जिन्होंने निस्वार्थ भाव से राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया। उन्होंने भारत की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनकी जयंती पर हमारी विनम्र श्रद्धांजलि। श्री गांधी ने अपनी दादी को याद करते हुए एक तस्वीर भी साझा की जिसमें वह खुद और प्रियंका अपनी दादी की गोद में है। उन्होंने तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा दादी हिम्मत और मोहब्बत दोनों की मिसाल थीं। उन्हीं से मैंने सीखा है कि निडर होकर देशहित के रास्ते पर चलते रहना असली ताकत है। उनकी यादें मेरी शक्ति हैं जो हमेशा मुझे राह दिखाती हैं।